WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार
रायपुर, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 291 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सदन में विजन 2047 पर होगी चर्चा, 25 साल में पहली बार रविवार को खुलेगी विधानसभा

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में बने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन में कामकाज की शुरुआत 14 दिसंबर से होगी। राज्य बनने के बाद 25 साल के संसदीय इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब विधानसभा में कामकाज की शुरुआत रविवार से होगी। दरअसल, छत्तीसगढ़ विधानसभा की पहली बैठक गुरुवार, 14 दिसंबर, साल 2000 को हुई थी। चूंकि छत्तीसगढ़ विधानसभा अपना रजत जयंती वर्ष मना रही है, इसलिए विधानसभा की स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए रविवार होने के बावजूद इसी दिन से शीतकालीन सत्र की शुरुआत होगी। बताया गया है कि पहले दिन राज्य सरकार की दीर्घकालिक विकास रणनीति 'छत्तीसगढ़ विजन 2047 पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

सत्र 14 से 17 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के लिए विधायकों ने कुल 628 सवाल लगाए हैं, जिनमें 333 तारांकित और 295 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। इनमें कानून-व्यवस्था, धान खरीदी में दिक्कतें, खराब सड़कें, राशन वितरण जैसे मुद्दों से जुड़े सवाल शामिल हैं। वहीं, 9 दिसंबर से ध्यानाकर्षण सूचनाएं, स्थगन प्रस्ताव नए विधानसभा भवन में स्वीकार किए जाएंगे। एक सदस्य रोज 2 ध्यानाकर्षण और 1 स्थगन प्रस्ताव दे सकेगा। पूरे सत्र में अधिकतम 6 ध्यानाकर्षण और 3 स्थगन प्रस्तावों की अनुमति दी गई है।

धर्मांतरण संशोधन विधेयक भी संभावित

बताया गया है कि इस नई विधानसभा के पहले सत्र को यादगार बनाने के लिए धर्मांतरण संशोधन विधेयक लाने की संभावना है। प्रदेश में धर्मांतरण की लगातार शिकायतें और कार्रवाई की जा रही है। इसे देखते हुए राज्य सरकार यह विधेयक लाने की तैयारी में है ताकि प्रदेश में अवैध तरीके से कराए जा रहे धर्मांतरण पर रोक लगाई जा सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कुछ दिन पहले ही संशोधन विधेयक लाने के संकेत दे चुके हैं।

अब पत्राचार नए भवन से ही किए जाएंगे

दूसरी ओर पुराने विधानसभा भवन से सभी विभागों के सामान की शिफ्टिंग पूरी हो चुकी है। दो दिसंबर से शिफ्टिंग शुरू हुई थी, जिसे शनिवार शाम तक पूरा कर लिया गया। बताया गया है कि एक-दो दिन में ही नए भवन में विधानसभा सचिवालय और स्टाफ का कामकाज शुरू हो जाएगा। अब सभी प्रकार के पत्राचार नए भवन से ही किए जाएंगे। विधायकों द्वारा प्रश्न लगाए जा चुके हैं, ध्यानाकर्षण अब नए भवन में ही जाकर देना होगा।

15 को अनुपूरक बजट नए में शिफ्टिंग पूरी

चार दिवसीय सत्र के पहले दिन प्रश्नकाल नहीं होगा। वहीं, दूसरे दिन सोमवार, 15 दिसंबर को राज्य सरकार अनुपूरक बजट प्रस्तुत करने की तैयारी में है। इस दौरान निजी विवि संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम, 2002 में किए गए संशोधन और दुकानों का पंजीयन श्रम विभाग में करने संबंधित विधेयक भी लाया जाएगा।

आज बेबाक

लो कर लो बात। ये मुंह और मसूर की दाल। पूर्व क्रिकेटर और कॉमेडियन नौजोत सिंह सिद्धू जो भाजपा से सांसद और फिर कांग्रेस से विधायक व मंत्री रह चुके हैं अब पंजाब के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। उनकी धर्मपत्नि नौजोत कौर ने फरमाया है कि यदि कोई राजनीतिक पार्टी नवजोत सिद्धू का मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करेगी तो वे राजनीति में वापसी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि सीएम फेस घोषित होने के लिए पांच सौ करोड़ देने पड़ते हैं जो उनके पास नहीं है। मैडम जी राजनीतिक पार्टियां लल्लू नहीं है फोकट का चंदन घिसे।

कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए : मोदी

प्रियंका का सवाल- जितने साल मोदी पीएम उतने साल नेहरू जेल में रहे

60 मिनट के भाषण में 13 बार कांग्रेस, 7 बार नेहरू और 3 बार जिन्ना का जिक्र

नई दिल्ली/वार्ता। पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा, 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था। पीएम ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी।

पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार, संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा।

राजनाथ बोले- वंदे मातरम् का उत्सव दिखावे का नहीं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम् की 151वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह के साथ मनाने का फैसला किया है। यह उत्सव केवल प्रतीकात्मक नहीं होगा। यह दिखावे के लिए नहीं है। यह वंदे मातरम को वह सम्मान दिलाने का संकल्प है जिसका वह वास्तव में हकदार है।

मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा

लोकसभा में सोमवार को वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर जारी चर्चा में प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि ये गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। फिर आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। मैं कहूं- मोदी जी अब वह पीएम नहीं रहे जो पहले थे। जहां तक नेहरू जी की बात है। जितने साल मोदी पीएम रहे, उतने साल नेहरू जेल में रहे थे। इससे पहले चर्चा की शुरुआत पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए। जवाहरलाल नेहरू जिन्ना के सामने झुके थे। वंदे मातरम् आजादी के समय से प्रेरणा का स्त्रोत था तो फिर उसके साथ पिछले ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

जिन्ना के सामने झुके नेहरू

मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

1 करोड़ के इनामी मज्जी समेत 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

राजनांदगांव /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में चलाए गए एंटी-नक्सल ऑपरेशन को बड़ी सफलता मिली है। खैरागढ़ में सक्रिय सीसीएम मेंबर रामधेर मज्जी समेत 11 नक्सलियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। सामूहिक आत्मसमर्पण खैरागढ़ के बकरकट्टा थाना क्षेत्र में रविवार दरम्यानी रात में हुआ। सभी नक्सलियों ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

जवानों को फ्री हैंड

बस्तर आईजी ने बताया कि, आने वाले दिनों में आखिरी और बड़ा ऑपरेशन सुकमा और बीजापुर जिले में चलाया जाएगा। यह अंतिम ऑपरेशन होगा, इसके लिए जवानों को फ्री हैंड दे दिया गया है। बता दें कि, माओवादी लीडर्स में देवजी, पापाराव, गणपति, गणेश उइके, रामधर, संग्राम और बारसे देवा बचे हैं।

एमएमसी जोन अब पूरी तरह से क्लियर- गृह मंत्री

वहीं आत्मसमर्पण को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज सुखद समाचार मिला है कि, एमएमसी जोन के नक्सलियों की टीम ने पुनर्वास किया है। इसमें सीसी मेंबर रामधेर भी शामिल हैं। इस कार्रवाई में एके- 47 समेत कई बड़े हथियार भी बरामद किए गए हैं। अब एमएमसी जोन पूरी तरह क्लियर हो गया है।

आज बेल मेटल शिल्पी हिराबाई झरेका बघेल को पुरस्कृत करेंगी राष्ट्रपति

रायपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हीराबाई झरेका बघेल को बेल मेटल में अद्वितीय कौशल के लिए 9 दिसम्बर को राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्रौपदी मुर्मु होंगी तथा केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह अध्यक्षता करेंगे। यह पुरस्कार 1965 में स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य शिल्पियों का सम्मान करना है। हस्तशिल्प ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रों के लिए आजीविका का साधन है। इसका उद्देश्य शिल्प विरासत को सुदृढ़ करना और शिल्प समुदाय को सशक्त बनाना है।

जयपुर उच्च न्यायालय भवन में बम की अफ़वाह से अफरा-तफरी

जयपुर (वार्ता)। जयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय भवन में सोमवार को बम होने की सूचना से न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुँचकर पूरे परिसर की गहन तलाशी ली। हालांकि प्रारंभिक जाँच में कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, और पुलिस ने इसे अफवाह बताते हुए कहा कि फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि गलत सूचना किसने दी और इसके पीछे क्या मकसद था। इससे उच्च न्यायालय परिसर में मौजूद वकीलों, कर्मचारियों और मुवक्किलों में अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

केंद्र सरकार आम लोगों के बारे में नहीं सोचती : ममता बनर्जी

कोलकाता (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंदे मातरम पर दिए गए वक्तव्य की आलोचना की। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंदे मातरम के सिर्फ एक हिस्से को भारतीय राष्ट्रीय गीत के तौर पर शामिल करने की बात कही थी। ममता ने दावा किया कि भाजपा इस मामले का बेवजह राजनीतिकरण कर रही है।

देशभर में एसआईआर के दूसरे चरण की रफ्तार तेज, 98.69% फॉर्म डिजिटाइज

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चुनाव आयोग ने सोमवार को एसआईआर के दूसरे चरण का नया अपडेट जारी किया, जिसमें देशभर के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची पुनरीक्षण की तेज प्रगति दिखाई दी है। आयोग द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन में बताया गया कि 4 नवंबर से शुरू हुआ एन्यूमरेशन चरण 11 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न राज्यों में मतदाता-विशिष्ट एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण और डिजिटाइजेशन का बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, कई छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लक्षद्वीप (जहां कुल 57,813 मतदाता दर्ज हैं) ने 100 प्रतिशत फॉर्म वितरण और डिजिटाइजेशन पहले ही पूरा कर लिया है। इसी तरह गोवा और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह ने भी लगभग

पूरा लक्ष्य हासिल कर लिया है।

पुडुचेरी (जहां 10.21 लाख मतदाता हैं) ने 99.98 प्रतिशत फॉर्म वितरित कर दिए हैं और 99.90 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज भी हो चुके हैं। मध्य प्रदेश (जहां मतदाताओं की संख्या 5.74 करोड़ से अधिक है) ने लगभग 100 प्रतिशत फॉर्म वितरण और 99.97 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। गुजरात में 99.99 प्रतिशत वितरण जबकि 99.68 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ है।

हम हल्के में नहीं ले रहे... इंडिगो संकट पर उड्डयन मंत्री की चेतावनी

हर एयरलाइन के लिए होगी मिसाल

नई दिल्ली/वार्ता। इंडिगो एयरलाइन्स ने एक तरफ जहां उड़ानों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशें तेज कर दी हैं, वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। क्रू की कमी से देश भर के एयरपोर्ट पर मची अफरा-तफरी और उड़ानें कैंसल होने के बीच नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने एयरलाइन कंपनी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की चेतावनी दी है ताकि दूसरी विमानन कंपनियों के लिए एक 'मिसाल कायम की जा सके। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में उड्डयन मंत्री ने कहा कि सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसल होने और हजारों लोगों के फंसे रहने की वजह इंडिगो का अंदरूनी संकट था, जो नए पैसेंजर सेफ्टी नॉर्म्स लागू होने के बाद हुआ था। उन्होंने ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर से उड़ान भरने वाली इंडिगो की 5 फ्लाइट रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन संकट गहराता जा रहा है। सोमवार सुबह 11 बजे तक शहर से उड़ान भरने वाली 6 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। इनमें 5 इंडिगो एयरलाइंस की हैं। रायपुर से मुंबई की 2, हैदराबाद की 2 और बेंगलुरु की 1 फ्लाइट कैंसिल हुई है। वहीं, फ्लाइट संकट से ट्रेनों और बसों में भीड़ बढ़ गई है। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

इंडिगो ने डीजीसीए के शो-कॉज नोटिस का भेजा जवाब

कहा- कई कारणों के प्रभाव से हुआ व्यवधान

नई दिल्ली (आईएएनएस)। देशभर में इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ान रद्दीकरण और परिचालनिक व्यवधानों के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी शो कॉज नोटिस पर एयरलाइन ने अपना जवाब सौंप दिया है। इंडिगो ने 8 दिसंबर को शाम 6 बजकर 1 मिनट पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) दोनों के हस्ताक्षर के साथ यह जवाब डीजीसीए को भेजा।

एयरलाइन ने अपने बयान में कहा है कि वह हुई असुविधा और परेशानी को लेकर खेद व्यक्त करती है। इंडिगो के अनुसार उड़ानों में आई भारी गड़बड़ी कई कारकों के दुर्भाग्यपूर्ण और अप्रत्याशित मेल के कारण हुई, जिसने मिलकर परिचालन नेटवर्क पर दबाव बना दिया। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राहत नगर पंचायतों, पालिका में लागू होंगे पुराने प्रावधान, बहुमंजिला फ्लैट और दुकानों को भी बड़ी राहत

जमीन गाइडलाइन दरों पर नया आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन गाइडलाइन दरों को लेकर उपजे विवादों के बीच बड़ी खबर सामने आई है। कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन ने गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण को लेकर आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार, शहरों में 1400 वर्गमीटर तक इंक्रीमेंटल गणना का प्रावधान खत्म हो जायेगा। वहीं नगर पालिका, नगर पंचायतों में पुराने प्रावधान लागू होंगे। जारी आदेश में बहुमंजिला फ्लैट, दुकानों को भी बड़ी राहत प्रदान की गई है। वहीं अब सुपर बिल्डअप एरिया के आधार पर गणना प्रावधान खत्म कर दिया गया है। साथ ही बिल्ड अप एरिया के आधार पर मूल्यांकन होगा।

राजनीतिक हलचल तेज

नई गाइडलाइन दरों के खिलाफ कई जगहों पर खुला विरोध शुरू हो चुका है, जिससे सरकार पर दबाव भी बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन दरों में संशोधन या राहत संबंधी कोई बड़ा फैसला सामने आ सकता है।

सीएम साय ने कहा था विचार करने की बात

जमीन की नई गाइडलाइन दरों पर जारी सियासी घमासान के बीच सीएम विष्णुदेव साय ने कहा था कि, नई दरों को लेकर विभाग स्तर पर चर्चा होगी। उन्होंने साफ किया था कि यदि जनता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा या खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया प्रभावित हुई तो सरकार इस निर्णय पर दोबारा विचार करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

जिलों में गाइडलाइन मूल्य दोगुने तक बढ़े: कई जिलों में गाइडलाइन मूल्य दोगुने तक बढ़े हैं, जिसका विरोध किया जा रहा है। बढ़ते विरोध के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आश्वासन दिया है कि जनता को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नई दरों को लेकर विभाग स्तर पर चर्चा जारी है। उन्होंने साफ किया कि यदि जनता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा या खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया प्रभावित हुई तो सरकार इस निर्णय पर दोबारा विचार करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

छग को मिले 3 नए आईएएस जल्द करेंगे ज्वॉइनिंग

तमिलनाडु के गोकुल, तेलंगाना के यशवंथ, यूपी के ईशांत को कैडर अलॉट

रायपुर/नवप्रदेश। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के परिणामों के बाद केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए चुने गए उम्मीदवारों को कैडर आवंटित किया है। छत्तीसगढ़ को इस यूपीएससी बैच में तीन नए आईएएस अधिकारी मिले हैं। ट्रेनिंग के लिए अलग-अलग विभागों में सेवाएं देंगे। छत्तीसगढ़ कैडर में शामिल नए अधिकारियों में गोकुल आरके, यशवंथ कुमार और इशांत जायसवाल शामिल हैं। ये अफसर जल्द प्रदेश में ज्वाइनिंग देंगे। ये तीनों अधिकारी अब छत्तीसगढ़ कैडर से जुड़ गए हैं। राज्य प्रशासनिक कार्यों में शामिल होंगे।

3 अधिकारी मिलना बड़ी उपलब्धि : इस साल छत्तीसगढ़ को यूपीएससी बैच में तीन अधिकारियों का मिलना राज्य प्रशासनिक विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। राज्य ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

नवीन शासकीय महाविद्यालय बनने से युवाओं के सपनों को लेगेंगे पंख

■ **विधायक नीलकंठ टेकाम ने किया भूमिपूजन**

विश्रामपुरी/नवप्रदेश। कई वर्षो से कालेज खोलने की मांग चल थी जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री डा.रमनसिंह जी ने अपने अंतिम कार्याकाल के समय घोसणा किये थे जिसे पिछले 4 वर्ष पहले अमल में लाया गया और कालेज प्रारम्भ किया गया जिसे अभी तक वर्तमान में आई. टी.आई. भवन में संचालित किया जा रहा है।

लेकिन वर्तमान में विधायक मा.नीलकंठ टेकाम जी के सक्रियता के चलते जमीन आबाँटन किया गया जिसके तहत तत्परता दिखाते हुए इस कालेज भवन बनाने के लिए लगभग 5 करोड़ का बजट मिला। जिसका कार्य प्रारम्भ करने के लिए मुख्य अतिथि बतौर मा.विधायक नीलकंठ टेकाम जी पहुंचे थे साथ में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मा.सेवक राम नेताम जी, श्रीमति सुशीला नेताम सरपंच विश्रामपुरी (अ), श्री किशन पाण्डे जी पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्री मति पुष्पा चांदेकर सरपंच विश्रामपुरी (ब),सुश्री अनिता नेताम भाजपा जिला उपाध्यक्ष, श्री अंजोरी नेताम भाजपा जिला मंत्री,मनाराम मरकाम भाजपा मंडल अध्यक्ष, श्री धनीराम मरकाम ग्राम पटेल, धनराज मरकाम गायता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मा.दुखाराम मरकाम जी कर रहे थे। इसी क्रम में सर्वप्रथम सभी अतिथियों का कालेज के छात्र-छात्राओं ने मांदरी नृत्य की थाप एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए मा.विधायक नीलकंठ टेकाम जी के साथ पटेल,गायता,पुजारी एवं जनप्रतिनिधि, कालेज के प्राचार्य एवं व्याख्याता शिक्षक तथा सम्बंधित ठेकेदार के मौजूदगी में कार्य प्रारम्भ करने लिए के भुमिपूजन किये। उसके उपरांत मंच पर सभी मंचासिन अतिथियों को बुके एवं फूलमाला के साथ पुनः स्वागत कार्यक्रम किये गए उसके बाद सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मा. दुखाराम मरकाम जी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम क्षेत्र के विधायक मा. नीलकंठ टेकाम जी का कम समय में भवन की राशि स्वीकृत कराने के लिए धन्यवाद किया।

इसी तारतम्य में मंडल अध्यक्ष मनाराम मरकाम जी ने कहते नहीं, करते है। हमने बनाया, हम ही सवारेंगे का नारा बुलंद किया।उसके उपरांत जिला अध्यक्ष मा. सेवकराम नेताम जी ने अपने उद्बोधन में कहाँ की अब हमें दूर दराज कालेज जाने का आवश्यकता नहीं पड़ेगी अब समय की बचत के साथ घर का भी काम किया जा सकता है।

यह हमारे लिए गौरव का क्षणः विधायक

नवीन शासकीय महाविद्यायल के कार्य प्रारंभ भूमिपुजन के कार्यक्रम को सम्बोधन करते हुए कहाँ की यह हमारे लिए गौरव का क्षण है जिसके हम आज सभी साक्षी बन रहे है यह जनता की बहुप्रतिक्षित मांग थी जिसके लिए आज हमारे सवेदन शील मुख्यमंत्री मा.विष्णुदेव साय जी ने शीघ्रता दिखाते हुए भवन के लिए राशि स्वीकृत की और आज से ही कार्य की शुरुवात हो रहा है जो की अगले कुछ दिनों में बनकर तैयार हो जायेगा आज हम रजत जयंती के स्वर्णिम पल,सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वी जयंती, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शताब्दी एवं गौरव दिवस के समय में इस कार्य की नीव रखी है आज हमारे देश के प्रधानमंत्री मा. नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प ले कर चल रहे है जिसके लिए सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास का नारा को बुलंद कर आगे बढ़ रहे है। जिसमे हम सबकी भागीदारी होनी चाहिए। आगे कहाँ की आज हमें जिस जगह पर देख रहे हो,हो सके 2047 में आप में से कोई उस जगह में रहेंगे।

जिले के धान खरीदी केंद्रों में टोकन संकट कई दिनों से भटक रहे क्षेत्र के किसान

कलेक्टर कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी, फिर भी नहीं मिल रहा समाधान

कोरिया/नवप्रदेश। किसानों के लिये धान खरीदी किसी उत्सव से कम नही किन्तु टोकन एप , कम लिमिट व समितियों में टोकन न मिलना किसानों के लिए एक चिंतन का विषय बन गया हैं जबकि जिले में अब तक लगभग नब्बे प्रतिशत धान कटाई व मीशाई का कार्य हो चुका है फ़िर भी जिले के सभी इक्कीस खरीदी केंद्रों में टोकन न मिलना एक समस्या बन गया हैं फ़िर भी अधिकारी बेहतर खरीदी व किसानों को समस्या नही होने का दावा कर रहे जबकि ज़मीनी हकीकत कुछ और ही हैं ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कलेक्टर कार्यालय से महज 100 मीटर दूर स्थित धान खरीदी केंद्र छिंददांड के अलावा पटना, तरगवा, छिंदीया, सरभोका में धान खरीदी शुरू होते ही समस्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के धान खरीदी केंद्र में किसानों को टोकन न मिलने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कलेक्टर कार्यालय से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित केंद्र में किसान पिछले कई दिनों से भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक टोकन उपलब्ध नहीं कराया जा सका है यही हाल जिले के सभी 21 खरीदी केंद्रों का हैं जबकि जिला प्रशासन किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलने का दावा कर रहा वही जिले के सभी समिति में नजारा ही कुछ और हैं।

किसानों का कहना है कि वे रोज़ खरीदी केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यही बताया जाता है कि ÷सर्वर की समस्या के चलते टोकन नहीं कट पा रहा है÷। इसके कारण कई किसान खरीदी की निर्धारित तारीख गुजर जाने के डर से लगातार केंद्र के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

किसानों की नाराज़गी

दावे बड़े, लेकिन धरातल की तस्वीर अलग एक तरफशासनङ्कप्रशासन द्वारा धान खरीदी को 'सुचारू और पारदर्शी' बताने के बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी तरफज़मीनी हकीकत बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्र पर रोज़ इंतजार करने के बाद भी उन्हें समाधान नहीं मिलता, जिससे उनकी दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं।वही कार्यालय में बैठे अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा और किसानों को टोकन मिलना शुरू हो जाएगा। आयुष प्रताप जी सहायक पंजीयक सहकारिता विभाग-कोरिया -सर्वर की समस्या के कारण किसानों को समस्या हुई हैं जिस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया हैं जल्द ही सर्वर समस्या का समाधान कर लिया जायेगा।

अवैध धान परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किये जाने हेतु प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 08.12.2025 को मुखबीर से थाना अमलीपदर को सूचना मिला की ग्राम धुरवापथरा तेल नदी एवं ग्राम बिरिघाट पटेलपारा होते हुए दो ट्रेक्टर एक बिना नम्बर प्लेट वाली व एक ट्रेक्टर क्रमांक सीजी.04.एनवी.-1449 एवं 1109 ट्रक क्रमांक सीजी 04-एनटी.5317 से अवैध रूप से धान लेकर बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहे है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना अमलीपदर से पुलिस स्टाफरवाना कर दोनो घटना स्थल पहुच कर दो ट्रेक्टर से 114 कट्टा धान एवं 1109 ट्रक से 200 कट्टा धान कुल अवैध रूप से परिवहन करते 314 कट्टा (141.3) कीमती 04 लाख 38 हजार 30 रूपये का अवैध धान को समक्ष गवाहन के पुलिस द्वारा जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया।

किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

नगरी/नवप्रदेश। डोगरडुला, परसापानी, राजपुर, गट्टासिल्ली, दुगली किसान मजदूर संघर्ष समिति द्वारा क्षेत्र के किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक डोगरडुला में आहूत की गई, जिसमें सोढूर नहर नाली निर्माण के चल रहे सर्वे कार्य पर विस्तृत चर्चा की गई।

समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नहर निर्माण कार्य की गुणवत्ता व प्रगति पर सतत् निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा रखी जाएगी, ताकि किसानों को इसका पूर्ण लाभ मिल सके। बैठक में समिति अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, शिवकुमार परिहार, गिरधर वट्टी, नरसिंह मरकाम, गौतम मरकाम, दिलीप कोड़ोपी, श्रीमती रामकुंवर मंडावी, रमेश मंडावी, इदल प्रजापति, महराजी नेताम, रामजी मंडावी, रुमलाल नेताम, डेविड ठाकुर, शत्रुधन साक्षी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। समिति की आगामी बैठक 11 दिसंबर 2025, गुरुवार को आयोजित की जाएगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में किसानों की उपस्थिति की अपील की गई है।

संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन ने की थी मांग

केशकाल/नवप्रदेश। वर्तमान में केशकाल विकासखंड के विभिन्न संकुलो में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। विगत कई वर्षो से संकुल स्तरीय एवम विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु विभाग से या शासन से किसी प्रकार के फंड की व्यवस्था नहीं होती है,इस तरह के आयोजनों को ग्रामवासी/पंचायत प्रतिनिधि एवम शिक्षकों के द्वारा राशि एकत्र कर पूरा खर्च वहन किया जाता हैं। जिससे ग्राम वासियों एवम शिक्षकों को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। उक्त समस्याओं को संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन ने विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता के मंचो पर माननीय विधायक एवम स्थानीय जनप्रतिनिधियो के समक्ष रखते हुए मांग किया कि संकुल एवम विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए विभाग या शासन द्वारा फंड की व्यवस्था की जावे।

छिपली के चंद्रभान आबकारी उपनिरीक्षक पद पर चयनित

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम छिपली निवासी किसान परिवार के होनहार युवा चंद्रभान साहू ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 111वीं रैंक प्राप्त कर आबकारी उपनिरीक्षक पद पर अपना स्थान सुनिश्चित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जिसमे चंद्रभान साहू के चयन की जानकारी मिलते ही ग्राम छिपली एवं आसपास के क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उनके निवास पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। वही जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व सरपंच संत नेताम, त्रिभुवन बिसेन, साहू समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टिकेश साहू, शिक्षक ओमप्रकाश देव, क्रिकेट क्लब अध्यक्ष अरुण पटेल एवं धर्मेन्द्र सेन प्रमुख रूप से शामिल बड़ी संख्या में बधाई देने घर पहुंचे।

क्यूआर कोड से मिली पारदर्शिता की नई राह

■ **मनरेगा श्रमिकों ने उत्साह के साथ मनाया रोजगार दिवस**

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में तकनीक के प्रति ग्रामीण श्रमिकों की बढ़ती रुचि ने पारदर्शिता और सुशासन का एक नया उदाहरण स्थापित किया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार रविवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा प्रावधानों के अनुरूप 'रोजगार दिवस' का आयोजन किया गया। यह आयोजन इसलिए विशेष रहा क्योंकि मनरेगा श्रमिकों ने स्वयं पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड स्कैन कर सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

डिजिटल तकनीक से जुड़े श्रमिकों का यह उत्साह ग्रामीण व्यवस्था में एक सकारात्मक संदेश दे रहा है कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाएँ अब पूरी तरह पारदर्शी, सुलभ और साक्ष्य-आधारित हो रही हैं।

मनरेगा प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति माह 7 तारीख को रोजगार दिवस मनाया जाता है। इस दिन श्रमिकों से संवाद, जानकारी साझा करना तथा योजना संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। रोजगार दिवस के अवसर पर पंजीकृत श्रमिकों को।कार्य की मांग करने, मजदूरी भुगतान की स्थिति जानने, बैंक खाते से संबंधित विवरण प्राप्त करने, जॉब कार्ड आवेदन या संशोधन कराने जैसी सुविधाएँ प्रदान की गईं। ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड पारदर्शिता को नए स्तर पर ले जा रहे हैं। इस आयोजन में।हजारों श्रमिकों ने अपने पंचायत के सभी मनरेगा कार्यों की जानकारी मोबाइल से स्कैन कर प्राप्त की, ग्रामवासियों को भी डिजिटल जानकारी प्राप्त करने के तरीके बताए गए, तकनीकी सहायकों ने क्यूआर कोड के उपयोग और महत्व पर विस्तार से समझाया। राज्य स्तरीय निर्देशों के अनुसार रोजगार दिवस में अजीविका डबरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक इसकी सबसे अधिक मांग दर्ज कराई।

छुरा नपं में पेवर ब्लॉक निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न

छुरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 एवं 4 में सड़क सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विकास को ध्यान में रखते हुए फेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। यह निर्माण श्याम होटल से बजरंग चौक तक दोनों ओर बनेगी।फेवर ब्लॉक सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा, वर्षा ऋतु में होने वाली कीचड़ की समस्या समाप्त होगी तथा क्षेत्र की साफ-सफाई एवं सौंदर्य में भी वृद्धि होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद,उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, बलराज पटेल,गरिमा ध्रुव, संगीता, अजय दीक्षित,रामजी दीवान, शांतनु देवांगन आदि उपस्थित रहे।

सांकरा में स्काउट्स गाइड्स शिविर का समापन

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बच्चों का मन मोहा

नगरी/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ नगरी द्वारा द्वितीय सोपान जोन स्तरीय शिविर का आयोजन 1 से 5 दितम्बर 2025 तक नगरी, सिहावा, सांकरा, कुकरेल जोन में आयोजित हुआ।संघ के अध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने बताया कि स्काउटिंग को बढ़ावा देने, बच्चों में संस्कार एवं आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने हेतु नगरी विकासखंड के उक्त स्थानों पर पांच दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ।

द्वितीय सोपान समापन दिवस पर सांकरा जोन में प्रमाण पत्र वितरण एवं रंगारंग पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ नगरी के अध्यक्ष महेन्द्र नेताम, संघ के आजीवन सदस्यों दिनेश्वरी नेताम, सुलोचना साहू व विमला धुर्वा व सांकरा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अनुभा अग्रवाल के आतिथ्य में कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।

शिविर में अलग-अलग विद्यालय से 118 बच्चे शामिल हुए, जिसमें 36 स्काउट्स एवं 82 गाइड्स थे । स्काउट एवं गाइड बच्चों को सेवा कार्य, भलाई कार्य बी.पी.सिक्स, कंपास दिशाओं का ज्ञान, प्रार्थना, प्राथमिक चिकित्सा, खोज का चिन्ह, गांठें, जीवन रक्षक डोरी, भोजन बनाना, मानचित्र एवम् जीवन जीने की कला सिखाई गई। जिसमे अलग-अलग विद्यालय से होने के बाद भी बच्चों ने समापन अवसर पर बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शिविर में शामिल भुंजिया जनजाति की एक बेटी नंदिनी सोरी का अतिथियों द्वारा विशेष सम्मान किया गया। शिवर संचालक दूधेश्वर नाथ साहू, सहायक संचालक एम.के. महमला, पी.आर. साहू, रवि शंकर साहू, जीतेंद्री साहू, रीना साहू, सभी शिक्षक शिक्षिका एवं पालकों ने स्काउट्स कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

विधायक बोहरा ने 13 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया भूमिपूजन

पंडरिया विधायक के सतत प्रयासों से किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए मिली 13 करोड़ से अधिक की सौगात

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा में अधिकांश क्षेत्र ग्रामीण बाहुल्य हैं जहां कृषि वहां के निवासियों की आय का प्राथमिक स्त्रोत है। इसलिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा किसानों की समृद्धि, उनके आय में वृद्धि,बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास कर रही हैं।

आज इसी कड़ी में भावना बोहरा ने आज ग्राम छीरपानी में पंडरिया विधानसभा में कृषि, सिंचाई व जल संरक्षण हेतु 13 करोड़ 78 लाख 74 हजार रुपए के विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी और माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी जी का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान उन्होंने पंडरिया विकासखंड अंतर्गत 5 करोड़ 88 लाख 50 हजार रु. की लागत से महीडबरा जलाशय शीर्ष कार्य, नहर कार्य संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्य, 02 नग व्ही.आर.बी. निर्माण कार्य एवं मुख्य नहर का सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं 4 करोड़ 22 लाख 70 हजार रु.की लागत से आगर नदी पर ग्राम छीरपानी के पास एनीकट निर्माण और 3 करोड़ 67 लाख 54 हजार रु. की लागत से ग्राम अमनिया के कन्हैया नाला में एनीकट कम काजवे का निर्माण कार्य एवं उद्वहन सिंचाई योजना निर्माण कार्य इस प्रकार कुल 13 करोड़ 78 लाख 74 हजार रुपए के कृषि परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। उन्होंने आगे कहा कि इन योजनाओं का सीधा लाभ पंडरिया विधानसभा के हजारों किसानों को मिलेगा।

यह परियोजनाएं पंडरिया विधानसभा को कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएगी

भावना बोहरा ने कहा कि क्षेत्र में जल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई सुविधा के विस्तार और किसानों की समृद्धि को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति मिली है, जिनका आज क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों के साथ विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य, गाँवों की खुशहाली और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की मजबूत नींव है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल संचय की क्षमता कई गुना बढ़ेगी, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति होगी जिससे उत्पादन एवं उनकी आय में वृद्धि होगी। एनीकटों के निर्माण से बरसात के पानी का संरक्षण होगा, भू-जल स्तर में सुधार आएगा और गर्मियों में भी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहेगा। इससे जल संकट की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और क्षेत्र के किसानों को बारहमासी जल स्रोतों का लाभ प्राप्त होगा। निश्चित ही यह परियोजनाएं पंडरिया विधानसभा को कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएगी।

स्व. शिक्षक, बस्तर में पदस्थ शिक्षिका को प्रशिक्षण में उपस्थित होने का फरमान

छुरा/ नवप्रदेश। गरियाबंद जिला के छुरा विकास खण्ड में ऐसे अनुभवहीन कर्मचारी को विभाग प्रमुख बनाया गया है कि अधिनस्थ कर्मचारी के साथ साथ स्वर्गवासी कर्मचारी, तबादला में अन्यत्र पदस्थ कर्मचारी के परिजन एवं मेडिकल अवकाश में रहने वाले कर्मचारी के साथ साथ परिवार को नोटिस जारी कर मुफ्त में मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी रही है। जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी हो या खण्ड स्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा अधिकारी छुरा । छुरा खण्ड स्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा विभाग छुरा ने आंख बंद कर विकास खण्ड स्तर पर कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्यक्रमों पर शिक्षकों का प्रशिक्षण के लिए छुरा विकास खण्ड के नब्बे शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थित रहने का फरमान जारी किया गया है प्रशिक्षण ब्लाक मुख्यालय में आयोजित नहीं कर बीआरसी मार्कण्डेय अपने गृह ग्राम लोहझर के हाईस्कूल में रखा है, ब्लाक मुख्यालय में सभी प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद लोहझर गांव में आयोजित करना समझ से परे है, बीआरसी के पास इसका कोई ठोस जवाब नहीं है । पांच दिवसीय प्रशिक्षण में सरकंडा स्कूल में पदस्थ शिक्षक स्वर्गीय नीलकंठ साहू जिसका निधन चौबीस सितम्बर 2024 को होगया था।

खरीदी केन्द्रों में धान रखने की नहीं है जगह

समस्या : 23 दिनों में मात्र 22 लाख मीट्रिक टन की हुई खरीद, मिलर्स ने अब तक शुरू नहीं किया धान उठाव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला लगातार जारी है। वहीं, खरीदी केन्द्रों में कई तरह अव्यवस्थाएं भी देखी जा रही हैं। धान का उठाव नहीं होने के कारण ज्यादातर समितियों में धान रखने के लिए जगह नहीं है।

डीओ नहीं कटने के कारण मिलर्स समितियों से धान का उठाव ही नहीं कर रहे हैं। इसके फ्लस्वरूप समितियों में धान जाम हो गया है और धान खरीदी की रफ्तार धीमी हो गई है। यदि कुछ दिन और यही स्थिति रही तो कई समितियों में धान खरीदी का कार्य ठप होने की आशंका है। वहीं, दूसरी ओर टोकन के लिए किसानों में मारामारी है।

जरूरतमंद किसानों को धान बेचने के लिए समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है। समितियों में न तो ऑफ्लाइन और न ही 'टोकन तुहर एप्प' से ऑनलाइन टोकन किसानों को मिल पा रहा है। इसके चलते किसानों को धान बेचने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई किसान समितियों में चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। किसानों ने बताया कि पिछले हफ्ते से टोकन के लिए प्रयासरत कर रहे हैं, लेकिन न तो ऑफ्लाइन से टोकन मिल पा रहा है और न ही ऑनलाइन। ऐसे में उनके पास इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वहीं, समितियों के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रतिदिन की क्षमता के आधार पर किसानों को टोकन दिए जा रहे हैं। उठाव नहीं होने के कारण धान जाम हो गया है और खरीदी कार्य प्रभावित हो रहा है। राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्षों का करोड़ों रुपए का भुगतान बकाया है। शासन को लंबित राशि का भुगतान जल्द करना चाहिए। पंजीकृत मिलर्स धान की मिलिंग के लिए तैयार है।

23 दिन में मात्र 22.39 लाख मीट्रिक टन की खरीदी: मार्कफेड के मुताबिक पूरे प्रदेश में पिछले 15 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के तहत अब तक 22 लाख 39 हजार 433 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

गड़बड़ी रोकने कड़ी निगरानी हो रही

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी न होने पाए इसको लेकर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बाहर से धान की आवक की रोकथाम के लिए चेकपोस्ट पर अधिकारी तैनात किए गए हैं। जगह-जगह मॉलवाहकों की औचक जांच भी की जा रही है। राज्य सरकार अपने घोषणा के अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल समर्थन मूल्य और कृषि उन्नति योजना के तहत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है।

भुगतान के लिए 26,200 करोड़ की बैंक गांरटी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। किसानों से क्रय किए गए धान के मूल्य भुगतान के लिए राज्य सरकार ने मार्कफेड को 26,200 करोड़ रुपए की बैंक गांरटी पहले से दे रखी है। धान खरीदी की व्यवस्था पर निगरानी के लिए सभी केन्द्रों में अधिकारी तैनात किए गए हैं। राज्य स्तर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और जिला स्तर के अधिकारी लगातार दौरा कर खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

सभी केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्थाएं

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। जिन केन्द्रों में धान की बंपर आवक व डीओ रिक्वेस्ट किए जा रहे हैं, वहां कलेक्टर के माध्यम से डीओ काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धान मिलिंग कार्य के लिए 12 सौ से अधिक राइस मिलर्स का पंजीयन भी हो चुका है।

जितेंद्र शुक्ला, प्रबंध संचालक, मार्कफेड

इंडिगो फ्लाइट रद्द : दिल्ली रूट का फेयर पहुंचा अधिकतम

रायपुर/नवप्रदेश। इंडिगो फ्लाइट के लगातार कैंसिल होने से देश भर के यात्री परेशान है। इसका असर रायपुर एयरपोर्ट से चलने वाली इंडिगो की उड़ान पर पड़ा है। वहां से दिल्ली सहित कई रूट के फ्लाइट रद कर दी गई हैं। इसलिए बिलासपुर-दिल्ली सेक्टर में यात्री टिकट की बिक्री बढ़ गई। उस रूट के सभी टिकट बिक गए। साथ ही हवाई किराया भी अधिकतम तक पहुंच गया।

विगत पांच दिनों से इंडिगो की सैकड़ों फ्लाइट रद्द हुई है। इसका कारण पायलट की कमी को बताया जा रहा है। इस क्राइसेस से पूरे देश के हवाई यात्री हलाकान है। अभी भी पहले की तरह इंडिगो की फ्लाइट नार्मल नहीं हुई है। इसमें कुछ समय लग सकता है। इसलिए हवाई यात्रियों ने यात्रा के लिए दूसरे विकल्प की तलाश शुरू कर दी है। इंडिगो प्रदेश में वर्तमान में सिर्फ रायपुर एयरपोर्ट से विमान का परिचालन कर रहा है। जो दिल्ली, कोलकाता, गोवा सहित कई शहरों के लिए चल रही है। रायपुर से दिल्ली की उड़ान रद्द होने से हवाई यात्रियों ने दूसरे विकल्प के रूप में बिलासपुर-दिल्ली के बीच चलने वाली एलाइंस एयर कंपनी की फ्लाइट में टिकट बुक कराई है।

8365 अधिकतम किराया

एलाइंस एयर कंपनी का बिलासपुर-दिल्ली और दिल्ली-बिलासपुर का न्यूनतम फेयर 4066 रूपए है। जीडीसीए के नियमों के अनुसार उस रूट में एयर कंपनी 8365 रूपए से अधिक किराया नहीं वसूल सकती। आम दिनों में दिल्ली का किराया छह हजार रूपए तक जाता है। इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने के कारण बिलासपुर-दिल्ली-बिलासपुर रूट में हवाई किराया अधिकतम तक पहुंच गया है।

अमित बघेल के खिलाफ हेट स्पीच की 5 और एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्रनगर पुलिस ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसढ़िया क्रांति सेना चीफ अमित बघेल के खिलाफहेट स्पीच केस में दो और एफ्आईआर दर्ज की है। इससे पहले भी देवेन्द्रनगर थाने के अलावा कोतवाली एवं तेलीबांधा में एफ्आईआर की गई थी। इसी तरह तेलीबांधा थाने में भी 3 नए केस दर्ज किए गए है। छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश एवं भिलाई से मिली केस डायरी के आधार पर यहां धारा 299 बीएनएस के दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पहली एफ्आईआर मुकेश उर्फ लालवानी की ओर से दर्ज की गई है। प्रार्थी सिंधी युवा संगठन के अध्यक्ष की ओर से मुकेश उर्फ मक्कु लालवानी 38 वर्ष निवासी मोहन नगर छिंदवाडा ने रिपोर्ट लिखाई है कि आरोपी द्वारा सिंधी समाज, अग्रवाल समाज व इन समाजों के संतों महापुरूषों एवं झूलेलाल भगवान व सिंधी समाज को पाकिस्तानी कहने हुए उनके प्रति अभद्र व अशोभनीय शब्दों का उच्चारण कर अपमान किया गया। जिसे सुनकर सिंधी समाज के लोगों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची। इसी तरह की रिपोर्ट भिलाई थाने में श्रीराम सिंधी सामाज भिलाई -दुर्ग के अध्यक्ष दिलीप पवानी ने रिपोर्ट लिखाई है।

धान बिक्री से मिले पैसों से किसान जगतराम चौहान करेंगे बेटे की शादी

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम गंधराचुंवा के किसान जगतराम चौहान ने अपनी धान उपज को धान खरीदी केन्द्र कनकबीरा में बेचकर एक बड़ी खुशी को साकार करने की तैयारी शुरू कर दी है। लगभग 3 एकड़ भूमि में अपनी मेहनत की कमाई धान की बिक्री से प्राप्त राशि और अपनी जमा पूंजी को मिलाकर वे अपने बेटे की शादी करने का सपना पूरा करेंगे। किसान जगतराम चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिलने से किसान बेहद खुश हैं।

डबरी निर्माण से बदली सूरत, खेती और मछलीपालन से बढ़ी आमदनी

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत सरगुजा जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए डबरियों का निर्माण लगातार लाभकारी साबित हो रहा है।

सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम कुम्हरता की सूरत कुमारी भी इसी का सफ्ल उदाहरण हैं, जिन्होंने मनरेगा अंतर्गत अपने खेत में डबरी बनवाकर अपनी आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। मनरेगा के माध्यम से डबरी निर्माण की जानकारी मिलते ही सूरत कुमारी ने रोजगार सहायक से संपर्क कर प्रस्ताव प्रस्तुत किया। वर्ष 2024-25 में उन्हें 2.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई और उन्होंने 30×30 आकार की डबरी का निर्माण कराया। वर्तमान में डबरी में लगभग छह फीट पानी भरा है, जो सालभर उनकी खेती को सहारा दे रहा है। सूरत कुमारी के पास तीन एकड़ कृषि भूमि है, जहां पहले केवल बारिश के मौसम में धान की खेती हो पाती थी। गर्मी और सर्दी में सिंचाई की सुविधा न होने के कारण खेत खाली पड़े रहते थे।

प्रदेश के 11 जिलों में बाल विवाह रोकने चलेगा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसम 23.3 प्रतिशत से लगभग आधी है लेकिन 11 जिलों को बेहद संवेदनशील माना जा रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 5 के अनुसार छत्तीसगढ़ में बाल विवाह की दर 12 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत लगभग आधी है जबकि सूरजपुर में यह 34.3 प्रतिशत है।

इसी तरह बलरामपुर, कोरिया, जशपुर और मुंगेली में भी बाल विवाह की दर 20 से 30 प्रतिशत के बीच है, जो राज्य के अन्य जिलों से काफी अधिक है। उक्त जिलों के साथ रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, कोरबा, कबीरधाम, गरियाबंद, जशपुर, नारायणपुर के संवेदनशील गांवों की पहचान करके उन्हें बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। तीन चरणों में चलाया जाएगा अभियान अभियान के तहत राज्य, जिला और गांव स्तर पर इस अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा।

एक साल में 3935 बाल विवाह रोकने में मिली सफलता

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) ने 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य के तहत अगले एक साल में एक लाख गांवों को बाल विवाह मुक्त बनाएगा। दावा किया गया है कि जेआरसी से जुड़े संगठनों ने एक साल में छत्तीसगढ़ में 3935 बाल विवाह रोकने में सफ्लता हासिल की है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह के खात्मे के लिए 100 दिवसीय सघन जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसका समापन 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा।

सुविचार

भाग्य से जितनी ज्यादा उम्मीद करोगे वह उतना ही निराश करेगा लेकिन कर्म पर विश्वास रखोगे तो अपेक्षा से अधिक मिलेगा। - अज्ञात

दूसरे ओवैसी बनेंगे हुमायूं कबीर

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल होने जा रहे हैं। इसके ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस के हुमांयू कबीर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र मुर्शीदाबाद में अपनी जमीन पर बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान कर बंगाल की सियासत में तूफान खड़ा कर दिया। नतीजतन ममता बनर्जी ने हुमांयू कबीर को पार्टी से बाहर कर दिया। इसके बाद भी हुमांयू कबीर ने अपने पूर्व घोषणा के अनुसार 6 दिसंबर को मुर्शीदाबाद में बाबरी मस्जिद की आधारशीला रख दी जिसमें लाखों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग बाबरी मजिस्द निर्माण के लिए ईंट लेकर पहुंचे थे। वहां बाबरी मस्जिद का निर्माण रोकने के लिए याचिका लगाई थी जिसे कोलकाता हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था साथ बंगाल सरकार को निर्देश दिये थे कि शिलन्यास के समय किसी तरह की कोई अप्रिय स्थिति न बने इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किये जाये। हुमांयू कबीर ने बाबरी मजिस्द का शिलन्यास करने के बाद ऐलान किया है कि अब वे नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे और असदूद्दीन ओवैसी की पार्टी से गठबंधन करके बंगाल विधानसभा का चुनाव लडेंगे। जाहिर है हुमायूं कबीर बंगाल के लिए दूसरे ओवैसी साबित होंगे। ममता बनर्जी बंगाल में अब तक मुस्लिम वोटों की बदौलत ही सरकार बनाती रही है। किन्तु अब हुमांयू कबीर के बागी हो जाने के बाद बंगाल में उनके सुरक्षित वोट बैंक में सेंध लग जाएगी। तुष्टीकरण की राजनीति के चलते वे पहले ही हिन्दुओं का विश्वास खो चुकी है और अब मुस्लिम वोट बैंक भी उनके हाथ से निकल गया तो उनके लिए बंगाल में इस बार फिर से खेला करना असंभव की हद तक कठिन काम साबित होगा। बंगाल में बाबरी मस्जिद के नींव पड़ने के बाद हिन्दुवादी संगठनों ने कोलकाता में पांच लाख की भीड़ जुटाकर सामुहिक पाठ किया जिसमें आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री और बाबा रामदेव सहित सैंकड़ो की संख्या में शाधु संत भी पहुंचे थे विश्व हिन्दु परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पांच लाख से भी ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी थी जो ममता ममता बनर्जी के लिए खतरे की घंटी है। अब बंगाल में बाबरी मस्जिद को लेकर सियासत होगी और चुनाव तक माहौल गर्माया रहेगा। इससे ममता बनर्जी की राह जितनी कठिन होगी भाजपा के लिए उतनी ही राह आसान हो जाएगी। कुल मिलाकर हुमायूं कबीर का बंगाल के लिए दूसरा ओवैसी बनना ममता बनर्जी के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

नवजोत कौर का कांग्रेस पर निशाना

पंजाब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे नवजोत सिंह सिद्धू जो चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। वे एक बार फिर सक्रिय राजनीति में आने का मन बना चुके हैं उनकी धर्मपत्नि नवजोत कौर ने इसके संकेत देते हुए कहा है कि जो भी राजनीतिक पार्टी नवजोत सिंह सिद्धू को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करेगी उसमें सिद्धू शामिल हो जाएंगे इसके साथ ही नवजोत कौर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस में जो पांच सौ करोड़ रूपये देने में सक्षम होता है उसे ही मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया जाता है लेकिन हमारे पास पांच सौ करोड़ रूपये नहीं है। नवजोत कौर के इस बयान से पंजाब की राजनीति में हलचल मच गई है। पंजाब विधानसभा चुनाव अभी दो साल दूर है लेकिन नवजोत कौर ने सक्रिय राजनीति में नवजोत सिद्धू की वापसी के संकेत देकर और कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाकर वहां राजनीतिक सरगर्मियां तेज कर दी है। गौरतलब है कि नवजोत सिंह सिद्धू को एक मामले में दो साल की सजा हुई थी और सजा पूरी होने के बाद उन्होंने एक तरह से सक्रिय राजनीति से सन्यास ले लिया था किन्तु अब वे फिर पंजाब की सियासत में लौटने के लिए बेताब हैं इसीलिए उनकी धर्मपित्न नवजोत ने इस तरह का बयान दिया है। देखना दिलचस्प होगा कि कौन सी पार्टी नवजोत सिंह सिद्धू की शर्त पर उनके सीएम फेस घोषित करने के लिए तैयार होती है। कांग्रेस पर तो उनकी पत्नि ने बड़ा आरोप गला दिया है इसलिए उनके कांग्रेस में जाने की संभावना तो कम ही है। ऐसे में बचती है भाजपा जिसमें सिद्धू रह चुके हैं और भाजपा से लंबे समय तक सांसद रहे हैं। ऐसे में भाजपा और आम आदमी पार्टी में कौन तैयार होती है यह देखना होगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ जिस समय जिस कथा का वर्णन चल रहा होता है, इन नंगी आंखों से भी, ह्रदचय के नेत्रों से भी और आत्म स्वरूप से भ्झी प्रभु के उस लीला का दर्शन उस समय उसी प्रकार होता है जैसे वह किसी युग में चल रही थी।

❖ मैंने अपने जीवन में एक ही व्रत बनाया है – मानसिक रोगियों से दूर।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1946 : सोनिया गांधी का इटली में जन्म। 1946 : नई दिल्ली के काउंसिल चैम्बर के पुस्तकालय भवन में संविधान सभा की पहली बैठक हुई। मुस्लिम लीग ने बैठक का बहिष्कार किया और पाकिस्तान के लिए अलग संविधान सभा के गठन की मांग उठाई। 1961 : तंगानिका को आजादी मिली। जूलियस न्येरेरे इसके प्रथम प्रधानतंत्री बने और 1964 में जंजीबार द्वीप के साथ विलय के बाद इसका नया नाम हुआ तंजानिया। 1979 : विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चेचक के उन्मूलन के लिए दुनियाभर में चलाए गए अभियान के करीब दस बरस बाद इस घातक संक्रमण के उन्मूलन का ऐलान। 1987: इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कप्तान माइक गैटिंग और अंपायर शकूर राणा के बीच जमकर बहस हुई और दूसरे दिन का खेल शुरू नहीं हो पाया। 1992 : प्रिंस चार्ल्स और प्रिंसेस डायना के अलग होने की औपचारिक तौर पर घोषणा। 29 जुलाई 1981 को हुए इस जोड़े के शाही विवाह को करीब एक अरब लोगों ने टेलीविजन पर देखा था।

एसआईआरः चुनाव सुधार

स्वपन दासगुप्ता

> 20वीं सदी के शुरुआती दशकों में आयरलैंड के संदर्भ में कहा जाता था कि लोगों को 'जल्द वोट दें और अक्सर वोट दें' की सलाह दी जाती थी। एक उत्साही शोधकर्ता के लिए यह दस्तावेज बनाने लायक हो सकता है कि भारत के कुछ हिस्सों में किस प्रकार की अभिनव प्रथाएँ प्रचलित हैं, जैसे मृत व्यक्तियों द्वारा मतदान या एक उम्मीदवार के मतों का उसके प्रतिद्वंद्वी के खाते में सहजता से स्थानांतरित हो जाना। एसआईआर रचनात्मक राजनीति के इन सभी उदाहरणों को इतिहास में नहीं बदल देगा, लेकिन यह वैश्विक भरोसे में थोड़ी और दृढ़ता जोड़ेगा कि भारत अपनी चुनाव प्रक्रियाओं को अच्छे से संचालित करता है। आशा यह है कि आने वाले दशकों में किसी भी राज्य या क्षेत्र के बारे में यह नहीं कहा जाएगा कि वहाँ चुनाव नहीं होते, बल्कि उन्हें 'प्रबंधित' किया जाता है।

पचास साल से भी अधिक समय पहले, भारतीय राजनीति के एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश विद्वान ने व्यंग्यपूर्वक टिप्पणी की थी कि चुनाव उन चीज़ों में से एक हैं जिन्हें भारतीय बहुत अच्छे से संपन्न करते हैं। भारतीय लोकतंत्र के स्थायी रूप से स्थगित हो जाने या 'निर्देशित' हो जाने की आशंका (जो पूरी तरह से गलत नहीं थी) की पृष्ठभूमि में, चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता को सार्वजनिक जीवन की एक उद्धारक विशेषता के रूप में देखा जाता था। लोकतंत्र के इस प्राथमिक स्तंभ की अंतिम पुष्टि 1977 में तब हुई, जब आपातकाल की छाया के बावजूद, भारत के मतदाताओं ने एक अधिनायकवादी शासन को वोट के जरिये सत्ता से बाहर कर दिया।

चुनाव आयोग (ईसीआई) की यह सुनिश्चित करने की क्षमता कि जनमानस की इच्छा विधायिकाओं में परिलक्षित हो, स्वतंत्रता प्राप्ति के पिछले सात दशकों में बार-बार परखी गई है। हालाँकि, मार्ग से विचलित होने के उदाहरण मौजूद हैं–इनमें 1972 का पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव और 1987 का जम्मू-कश्मीर चुनाव, दो उल्लेखनीय उदाहरण हैं–लेकिन, भारत का चुनावी अनुभव आमतौर पर राजनीतिक प्रणाली की वैधता बनाए रखने में सहायक रहा है।

जैसा कि सर्वाधिक मत से जीत की प्रणाली (फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट) में होता है, जो विधायी बहुमत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाती है, ऐसे उदाहरण भी हैं, जब हारने वाले लोग हैरानी में रह गए जिनके चुनावी अभियान के अनुभव परिणाम से मेल नहीं खाते थे। 1971 में, एक पराजित पक्ष ने जोर देकर कहा कि सोवियत-निर्मित 'अदृश्य स्याही' के उपयोग ने इंदिरा गांधी को शानदार जीत हासिल करने में मदद की। उपग्रह द्वारा ईवीएम के हेरफेर के ऐसे ही अविश्वसनीय दावे 2009 के आम चुनाव के बाद भी सुने गए थे।

जो कभी साजिश सिद्धांतकारों का विशेषाधिकार हुआ करता था, वह पिछले वर्ष अब हाशिए का मुद्दा नहीं रहा है। अपनी पार्टी के संख्या-विश्लेषकों से प्रोत्साहित होकर, जिनकी भविष्यवाणियाँ परिणाम से भिन्न थीं, विपक्ष के नेता ने मतदाता सूचियों की सत्यता को चुनौती दी है। जोरदार दावे किए गए हैं कि चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण का उपयोग कर अल्पसंख्यक मतदाताओं को इस आधार पर बाहर करने पर विचार कर रहा है कि वे भारतीय नहीं भी हो सकते हैं। यह विवाद पश्चिम बंगाल के राजनीतिक दलों के बीच खींचतान का विषय बन चुका है और यह असम तथा अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भी फैल सकता है।

चूंकि संविधान का अनुच्छेद 321 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम चुनाव आयोग को चुनाव के संचालन के संबंध में 'विशेष क्षेत्राधिकार' देता है, इसलिए चुनावी प्रक्रिया को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रखा गया है। दशकों से चुनाव आयोग ने चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार पेश किए हैं।

सबसे महत्वपूर्ण उपायों में आदर्श आचार संहिता शामिल है, जो अप्रिय राजनीतिक व्यवहार पर अंकुश लगाती है और ईवीएम ने वोटों में हेरफेर को और अधिक कठिन बना दिया है, हालांकि यह असंभव नहीं है। अब मतदान केंद्रों पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए नियम मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, प्रौद्योगिकी के प्रसार के साथ, चुनाव आयोग मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों पर जोर दे रहा है, ताकि मर्यादा बनी रहे तथा मतदान अधिकारियों और मतदाताओं को डराया-धमकाया न जा सके।

निश्चित रूप से, यह सच है कि इन नवाचारों में से कोई भी पूरी तरह से दोषरहित नहीं है। मतगणना केंद्रों सहित स्थानीय स्तर पर अक्सर बाहुबल का प्रभाव रहता है और इसके संभावित रूप से विकृत परिणाम हो सकते हैं। मतदान अधिकारियों द्वारा हेरफेर के अनुभवजन्य प्रमाणों को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। जब संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी, तो संभव है कि देश को आदर्श लोकतांत्रिक आचरण के अन्य विचलनों के बारे में सुनने को मिले, जिनका चुनाव आयोग द्वारा समाधान किये जाने की आवश्यकता है।

लोकतांत्रिक परियोजना में एक महत्वपूर्ण हितधारक के रूप में, संसद को आम जनता के लिए अपने व्यापक चुनाव अनुभव को संकलित करने की आवश्यकता है। हालांकि, अच्छी राजनीति के बड़े लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होगी यदि राजनीतिक कार्यपालिका चुनाव आयोग के खिलाफ आम धमकियों, जिसमें शारीरिक नुकसान भी शामिल है, का इशारा करती है और सरकारी अधिकारियों–जिनके शालीन आचरण पर पूरी प्रणाली निर्भर करती है–को अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने से रोकती है। पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर के दौरान सत्तारूढ़ दल का आचरण शर्मनाक है।

कहने की जरूरत नहीं है कि सटीक मतदाता सूची का अस्तित्व लोकतंत्र की मूल शर्त है। यदि वंचित समुदायों के सदस्य मतदान केंद्रों से दूर रहने के लिए मजबूर किए जाते हैं, तो इसका विरोध होना स्वाभाविक है। दुर्भाग्यवश, इस बात का विरोध काफी कम होता है, जब बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाता है या दोहरी और तिहरी प्रविष्टियाँ होती हैं, जो परिणाम को प्रभावित कर सकती है। चुनाव आयोग ने मतदाता पहचान पत्र और तस्वीरों के माध्यम से धोखाधड़ी की समस्या को सुलझाने की कोशिश की है। हालांकि, धोखेबाजों ने मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित लोगों के नाम पर वोट देकर चुनाव प्रणाली को चकमा देने के तरीके भी निकाल लिए हैं। पूर्वी भारत में अतिरिक्त समस्या यह है कि मतदाता सूचियों में उन व्यक्तियों को जोड़ दिया गया है, जो भारतीय चुनावों में वोट देने के लिए अयोग्य हैं।

वर्तमान में जारी एसआईआर प्रक्रिया पहला अवसर नहीं है, जब चुनाव आयोग एक व्यापक मतदाता सूची तैयार कर रहा है। हालांकि इस बड़े पैमाने के कार्यक्रम के लिए कोई निश्चित समय सारिणी, जैसे हर 10 साल में एक बार या ऐसी कोई अन्य अवधि, निर्धारित नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि जब तक यह आवधिक पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा, चुनाव परिणाम जनभावना को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करेंगे।

भ्रष्टाचार मुक्त भारतः स्वयं से सुधार का संकल्प

– राघवेंद्र शर्मा

भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा और समाज की जड़ों को खोखला करने वाली एक लाइलाज बीमारी के समान है। हर साल 9 दिसंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस' मनाया जाता है, जो हमें याद दिलाता है कि एक पारदर्शी और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि सामूहिक नागरिक चेतना से ही संभव है। इस वर्ष का यह दिवस न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि भारत के संदर्भ में यह आत्म-मंथन का भी समय है कि हमने इस ÷सामाजिक बुराई÷ से निपटने में कितनी दूरी तय की है और अभी कितनी राह बाकी है।

भारतीय राजनीति और प्रशासन के इतिहास में एक दौर वह भी था, जब भ्रष्टाचार को व्यवस्था का हिस्सा मान लिया गया था। देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वयं स्वीकार किया था कि केंद्र सरकार जब दिल्ली से 1 रुपया भेजती है, तो गरीब की जेब तक केवल 15 पैसे ही पहुँचते हैं। वह 85 पैसों का 'लीकेज' बिचौलियों, भ्रष्ट अधिकारियों और पारदर्शी तंत्र के अभाव की भेंट चढ़ जाता था। यह केवल आर्थिक हानि नहीं थी, बल्कि करोड़ों देशवासियों के भरोसे की हत्या थी। संसाधनों का यह असमान वितरण और संस्थागत भ्रष्टाचार ही वह कारण था, जिसने दशकों तक भारत के विकास की गति को थामे रखा।

वर्तमान परिदृश्य में, विशेषकर पिछले दशक में, भारत ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध तकनीकी प्रहार किया है। मोदी सरकार की वर्तमान कार्य प्रणाली और 'डिजिटल इंडिया' अभियान ने शासन में अभूतपूर्व पारदर्शिता का संचार किया है।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की नीति ने उन बिचौलियों को व्यवस्था से बाहर कर दिया है जो गरीबों का हक मारते थे। आज जब केंद्र से पैसा चलता है, तो वह सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में बिना किसी कटौती के पहुँचता है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में कुछ प्रमुख कारकों ने बड़ी भूमिका निभाई है। सरकारी सेवाओं का डिजिटलीकरण होने से मानवीय हस्तक्षेप कम हुआ है, जिससे 'सुविधा शुल्क' या रिश्वत की गुंजाइश घटी है। जीएसटी जैसी एकीकृत कर प्रणाली ने कर चोरी को कठिन बना दिया है और व्यापारिक लेन-देन में पारदर्शिता बढ़ाई है। बेनामी संपत्ति अधिनियम और भगोड़े आर्थिक अपराधी कानून जैसे कदमों ने भ्रष्टाचारियों के मन में कानून का भय पैदा किया है।भ्रष्टाचार केवल फाइलों या दफ्तरों तक सीमित नहीं है। यह एक मानसिक प्रवृत्ति भी है। अक्सर हम तंत्र को दोष देते हैं, लेकिन अपनी सुविधा के लिए शॉर्टकट खोजने से नहीं चूकते। यहाँ यह नारा अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है– सुधार की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। यदि समाज भ्रष्टाचार को सामाजिक रूप से बहिष्कृत करना शुरू कर दे और नागरिक 'लेने' और 'देने' दोनों से इनकार कर दें, तो कोई भी भ्रष्ट तंत्र अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकता। ÷हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा÷ का मंत्र हमें यह सिखाता है कि ईमानदारी एक व्यक्तिगत विकल्प है जो आगे चलकर एक सामाजिक क्रांति का रूप ले लेती है।

जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में सत्यनिष्ठा अपनाता है, तो भ्रष्टाचार की जड़ें अपने आप कमजोर होने लगती हैं। कानून और तकनीक भ्रष्टाचार को कम तो कर सकते हैं, लेकिन इसे जड़ से मिटाने के लिए सामाजिक चेतना और जागरूकता अनिवार्य है। जब तक समाज में भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' (शून्य सहनशीलता) का भाव पैदा नहीं होगा, तब तक इस बुराई का पूर्ण उन्मूलन संभव नहीं है। आगामी समय में हमें निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

नैतिक शिक्षाः स्कूलों और परिवारों में ईमानदारी को सर्वोच्च मूल्य के रूप में स्थापित करना।

व्हिसलब्लोअर का संरक्षणः उन साहसी लोगों को सुरक्षा प्रदान करना जो भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाते हैं।

प्रशासनिक जवाबदेहीः लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाना ताकि वे स्वयं को 'स्वामी' नहीं बल्कि 'सेवक' समझें।

निष्कर्ष यह कि 9 दिसंबर का यह दिन केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि एक प्रतिज्ञा का दिन है। भारत आज विश्व पटल पर एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। इस गौरवशाली यात्रा में भ्रष्टाचार की बेड़ियाँ हमारे पैरों में नहीं पड़नी चाहिए। सरकार ने नीतिगत स्तर पर पारदर्शिता का जो ढांचा तैयार किया है, उसे सशक्त बनाने की जिम्मेदारी अब समाज की है।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब 140 करोड़ भारतीय यह ठान लेंगे कि वे न तो भ्रष्टाचार का हिस्सा बनेंगे और न ही इसे मूकदर्शक बनकर सहेंगे। आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर हम स्वयं से सुधार का संकल्प लें, क्योंकि पारदर्शी भारत ही समृद्ध भारत की नींव है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सफलता प्राप्त

सफलता प्राप्त करना एक नए जीवन को प्राप्त करना हैं। अतएव एक नए जीव से जन्म की पसव पीड़ा को तो भोगना ही पड़ेगा। सफलता बहुत बलिदान माँगती है। निश्चय दृढ़ है,तो सफलता भी निश्चित है।मेरे दोस्त-- संकल्प ठानों,आत्म विश्वास जगाओं, दृढ़ निश्चय करों,और आगे बढो। सफलता तुम्हारे पास अवश्य आएगी।एक बार निर्णय कर लेने पर विश्व की कोई सत्ता दृढ़ निश्चयी व्यक्ति को नही रोक सकती है।

– हेमा पांडेय

के चलो उम्र का

के चलो उम्र का आइना तोड़ दें जो जहां है उसे अब वहीं छोड़ दें। मन के छालों को अब तक सहेजा मगर मन करता है जानिब इन्हें फोड़ दे। फिर वही दर्द फिर वो ही जज़्बात हैं आओ इसमें नई एक कड़ी जोड़ दें। थक के हम रुक गए थे सफर छोड़कर अब यह सोचा है खुद को नहीं दौड़ दे। रो के गुज़री या हंसकर मुझे ग़म नहीं फिर आज से जिंदगी को नया मोड़ दें।

– पावनी दिक्षित जानिब

देखा था क्षितिज पर अपना ही अक्श

देखा था क्षितिज पर अपना ही अक्श ठिकक गई थी मैं वो भीड़ थी जो चिल्ला रही थी तालियां बजा रही थी इतनी खास थी वो मेरी ही प्रति मूर्ति मैं ठहरी रही वहीं पर देखती रही स्तब्ध हो भीड़ उसके पीछे चली बहुत दूर चली मैं वहीं खड़ी रही और फिर रह गई सबसे अंतिम पंक्ति में अब दिखती नही मुझे मेरी ही प्रति मूर्ति मेरा ही अक्स मेरे नजर के सामने नही। बस यूं ही – **प्रीति श्रीवास्तव**

आपनी पाबंदियों से निकल कर जीने

आपनी पाबंदियों से निकल कर जीने का जमाना है। जरा सा अपना स्वभाव बदलकर रहने का जमाना है।। इस जमाने में अजनबियों से कोई डर नहीं रह गया। जान पहचान वालों से डर कर करने का जमाना है।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो – **कमलकांत डोंगरे**

Make in India की सफलता का

Make in India की सफलता का एक प्रमाण यह भी है कि भारत में अब मोबाइल फ़ोन का आयात लगभग शून्य हो गया है। दस साल पहले भारत में आवश्यकता का 75त्न आयात होता था जो घट कर मात्र 0.02त्न रह गया है। बल्कि अब भारत दो लाख करोड़ रुपए के मोबाइल निर्यात कर रहा है। – **प्रमोद वाघ**

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक बार आईना देखा... देखे सच सैकड़ों होते हुए बदन पर शफ़्फ़ाक और देखा कि बिछड़ गया क्या क्या... कोई कह दे ज़रा इक बार तो जाकर उसको वो गया जब से इस आईने ने , न आईना देखा... – **प्रियंवदा अवस्थी**

हम सब उदासी ना समझे, ये मां

हम सब उदासी ना समझे, ये मां है, ये बहन है, एवं ये बेटियां हैं ! समस्त गौरी रात्रि में दीपक की बाती तरह है, जीवन में उज्जाले की तरह है। वो नारी शरद ऋतु में ओशो की बूंद की तरह होती है। भारतीय पत्नी मानव जीवन में ज्वाला की पूर्ति सूर्य से करती हैं। माटी पर सभी किरणों एवं विकिरण प्रकाश प्रज्वलित करता है।?? – **गौरी पटले**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप अपनी ही गलतियों से लोगो के अपशब्द सुनेंगे फिर भी व्यवहार में बदलाव नही आने से मामला हाथापाई तक पहुच सकता है।

वृषः आज का दिन धन लाभ वाला है लेकिन सेहत में थोड़ी नरमी रहने से लापरवाहि करेंगे परिणामस्वरूप उचित लाभ से वंचित रह सकते है।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये मिला जुला रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिए अनुकूल परिस्थिति वाला रहेगा पूर्व में सोची योजनाए सिरे चढ़ने से आय के नए मार्ग विकसित होंगे लेकिन आज आप जो भी योजना बनाएंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये हानिकर रहेगा। आज किसी ना किसी रूप में आपके विचार कार्य उल्टा ही फल देंगे। स्वास्थ्य में शिथिलता रहेगी। संध्या बाद स्थिति में सुधार होने लगेगा।

कन्याः आज दिन के आरंभिक भाग में किसी कार्य को करने की जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है आज धर्य से सोच विचार कर काम करने पर ही व्यवसाय अथवा अन्य कार्यो से लाभ पाया जा सकेगा।

तुलाः आज आपको कुछ अतिरिक्त कार्य सौपे जाएंगे लापरवाह एवं आलसी स्वभाव के चलते आरम्भ में ये झंझट लगेंगे लेकिन कुछ समय बीतने पर इनमे ही मग्न हो जाएंगे। परिवार के सदस्य अपनी अनदेखी से उदास रहेंगे। सेहत कुछ समय के लिये नरम बनेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपके आध्यात्मिक क्षेत्र में उन्नति के योग बन रहे है। आज परोपकार की भावना भी प्रबल रहेगी अपने कार्य छोड़ अन्य की सहायता करने में तत्पर रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनुः आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने से मन मे नकारात्मक भाव आएंगे लेकिन आध्यात्म से जुड़ने का लाभ भी किसी ना किसी रूप में अवश्य ही मिलेगा। थकान ज्यादा अनुभव होगी।

मकरः आज के दिन शुभ संयोग बन रहे है प्रातः काल मे कुछ समय के लिये धन अथवा अन्य कारणों से मानसिक बेचैनी रहेगी लेकिन मध्यान तक इनका समाधान होने से शांति मिलेगी।

कुंभः आज के दिन वृद्धिकारक योग बन रहे है। शारीरिक रूप से चुस्त रहने का लाभ कार्य क्षेत्र पर मिलेगा। जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उससे कुछ ना कुछ लाभ ही होगा। कुछ समय के लिये वैचारिक मतभेद होंगे।

मीनः आज के दिन मध्यान बाद से आपको आशा के विपरीत फल मिलने लगेगा सेहत भी साथ नही देगी आवश्यक कार्य इससे पहले ही पूर्ण करने का प्रयास करें। मित्र परिचित मीठा बोलकर अपना हित साधेंगे भावुकता से बचें। परिजनों का सहयोग मिलता रहेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) इंडो-तुर्किये फ्रेंडशिप एसोसिएशन की शुरुआत किस शहर में की गई है?

2) प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2025 की मेजबानी कौन सा शहर करेगा?

3) बिग बेन को किसने बनाया था?

4) महान लाल धब्बा के रूप में जाना जाने वाला एक विशाल प्रतिचक्रवाती तूफान किस ग्रह से संबंधित है?

5) भारत का पहला वर्ल्ड पीस सेंटर किस शहर में उद्घाटित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) भुवनेश्वर (3) ऑगस्टस पुगिन (4) बृहस्पति (5) गुरुग्राम

कार्टून

चक्काजाम : शिक्षकों की कमी से नाराज स्कूली छात्र सड़क पर बैठे

■ **शिक्षक कर रहे बीएलओ की ड्यूटी, नहीं हो रही पढ़ाई**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के ग्राम बेलौदी में स्कूलों में लगातार बढ़ रही शिक्षकों की कमी के कारण सोमवार को सुबह मिडिल और प्राइमरी स्कूल के बच्चे, उनके पालक और ग्रामवासियों ने दुर्ग-नगपुरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जाम के दौरान आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महीनों से शिकायतों के बावजूद शिक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

बेलौदी मिडिल स्कूल की संकुल प्राचार्य कुमुद सिंह ने बताया कि स्कूल में पहले दो परमानेंट शिक्षक और एक प्रधान पाठक पदस्थ थे, लेकिन प्रधान पाठक का हाल ही में प्रमोशन होने के बाद उनका तबादला दूसरी जगह हो गया। अभी दो टीचर स्कूल में है, लेकिन वे दोनों बीएलओ ड्यूटी कर रहे हैं। इसके कारण स्कूल में पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

प्राथमिक विद्यालय में एकमात्र शिक्षिका की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी गई है। ग्राम पंचायत से प्राइमरी स्कूल के लिए वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की गई। मिडिल स्कूल के लिए सितंबर से एक शिक्षक को लाया गया था, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे स्कूल नहीं आ रहे हैं। बदहाल शिक्षा व्यवस्था से नाराज मिडिल व प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने सोमवार को सुबह सड़क पर बैठकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कई महीनों से मांग करने के बावजूद प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। वर्तमान में प्राथमिक और मिडिल स्कूल में 159 बच्चे हैं। प्राथमिक में 92 और मिडिल स्कूल में 67 छात्र अध्ययनरत हैं।

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण कार्यों को मिली गति

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। जल संचय व भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने मनरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर जल संरचनाओं का निर्माण स्वीकृत किया गया है। मोर गांव मोर पानी अभियान ने दुर्ग जिले में जल संरक्षण की दिशा में नई ऊर्जा और प्रभावशाली नतीजे दिए हैं। वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच जैसी संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन को मजबूत बना रही हैं। अभियान के प्रमुख उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण को ग्रामीण स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी बनाना, पारंपरिक जल स्त्रोतों कुएं, तालाब, जीर्णोद्धार विभिन्न तकनीकों से भूजल रिचार्ज बढ़ाना जल संकट की संभावनाओं को कम कर भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले में विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम पंचायत दमोदा में स्वीकृत राशि 6.47 लाख रुपए सृजित मानव दिवस 1678 कुल गड्ढे 1500, ग्राम पंचायत बोरई में स्वीकृत राशि 9.86 लाख रुपए सृजित मानव दिवस 3014 कुल गड्ढे 2500, ग्राम पंचायत अंजोरा ढाबा में स्वीकृत राशि 4.67 लाख रुपए सृजित मानव दिवस 912 कुल गड्ढे एक हजार।

■ न्यूज गैलरी

रिसाली में हिन्दू सम्मेलन 14 को

भिलाई। हिन्दू कल्याण समिति रिसाली के तत्वावधान में 14 दिसंबर को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बाजार चौक रिसाली बस्ती में किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज में आत्मगौरव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे और साधु-सन्तों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। समिति के अध्यक्ष टीकम चंद्राकर ने समाज के सभी वर्गों के लोगों से अनुरोध किया है कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर सफल बनाने में अपना योगदान दें।

महिला सशक्तिकरण केन्द्र में जेंडर विशेषज्ञ पद के आवेदन 15 तक

दुर्ग। मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित महिला सशक्तिकरण केन्द्र में जेण्डर विशेषज्ञ (अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित) के रिक्त संविदा पद की पूर्ति के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व पात्र उम्मीदवार 15 दिसंबर तक केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में पद से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक अनुभव, आवेदन प्रारूप तथा संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दुर्ग जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सहायिका पद : 13 तक दावा-आपत्ति

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र पंचशील नगर केन्द्र क्रमांक 1 वार्ड 1 में सहायिका पद की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके लिये 13 दिसम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की अनन्तिम सूची परियोजना कार्यालय व नगर पालिक निगम दुर्ग के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा की गई है। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत दावा-आपत्ति ही मान्य किया जाएगा।

गुरुनानक स्कूल में 122 बच्चों व स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण

भिलाई। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र जेएलएनएचआरसी द्वारा सीएसआर के सहयोग से सेक्टर 6 स्थित गुरुनानक स्कूल में मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत छात्राओं, फैकल्टी और कॉन्ट्रैक्चुअल महिला स्टाफ के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा कांगो और महाप्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं संजय दवे विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों के माध्यम से छात्राओं को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। डॉ शुभमिता ने बाल स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, डॉ निशा ठाकुर ने प्रजनन स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता और मासिक धर्म स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया। पारोमिता दासगुप्ता ने स्वस्थ जीवनशैली व संतुलित आहार पर वक्तव्य दिया। कुल 122 छात्राओं, स्टाफ और शिक्षकों ने शिविर में भाग लिया। प्रतिभागियों को क्विज़ के माध्यम से स्वस्थ्य विषयों पर जानकारी देने के साथ पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक लता मिश्रा और आभार प्रदर्शन सहायक प्रबंधक शशि सिंह ने किया। शिविर में मार्गदर्शन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उदय कुमार ने दिया।

सड़क घेरकर किया अवैध निर्माण : नाली कनेक्शन न होने से जलभराव, बदबू और मच्छरों का प्रकोप

■ **जनदर्शन में शिकायत करने पहुंचे नागरिक**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव और हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में जनसामान्य से मुलाकात कर समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में समस्याएं सुनने के बाद संबंधित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, पीएम आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित 130 आवेदन मिले। सबसे ज्यादा शिकायतें अतिक्रमण से संबंधित की गई।

चरोदा निवासियों ने चरोदा के विश्व बैंक आवासीय योजना, सेक्टर 4 में सड़क पर अवैध निर्माण किये जाने की शिकायत की। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग 20 फीट चौड़ी सार्वजनिक सड़क पर करीब 6 फीट हिस्सा कब्जा कर अन्य व्यक्ति द्वारा घर का निर्माण किया जा रहा है। सड़क पर कब्जा कर डीपीसी लेवल तक निर्माण पूरा किया जा चुका है। डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम चरोदा को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने कहा।

दुर्ग के सुंदर नगर बोरसी निवासी ने सड़क पर जलभराव की शिकायत की। उन्होंने बताया कि बोरसी में नाली कनेक्शन न होने से सड़क पर लगातार जलभराव और बदबू की स्थिति बन गई है। घर के सामने बिल्डर ने दो मंजिला भवन बनाकर नाली को मुख्य नाली से नहीं जोड़ा, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। मच्छरों व कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

रिसाली नगर निगम में वार्ड क्रमांक 27 के निवासियों ने अतिक्रमण की शिकायत की। यहां के नागरिक वर्षों से पार्क की आरक्षित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान हैं। फेस 1 में पार्क के लिये निर्धारित भूमि पर सब्जी दुकान, खटाल और अन्य अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फेस 1 की पार्क भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कर वहां पार्क विकसित करने के लिये आवेदन दिया गया। डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

वार्ड क्रमांक 15 सिकोला बस्ती के निवासी ने पट्टा सुधारने हेतु आवेदन दिया। उनका कहना है कि वास्तविक पट्टा क्षेत्रफल अधिक है, लेकिन पट्टे में क्षेत्रफल कम दर्ज किया गया है, जिसके कारण उनका आवास निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पट्टे का सही माप कराने और आवास योजना का लाभ दिलाने के लिये आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

फर्जी नियुक्ति पत्र वायरल होगी कानूनी कार्रवाई

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यशवंत यादव सहायक ग्रेड 3 के नाम से एक कथित नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी है। सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों में नियुक्ति पत्र प्रसारित किया जा रहा है। निगम प्रशासन की प्रारंभिक जांच में ऐसी कोई नियुक्ति नगर निगम दुर्ग में नहीं की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भी यह आदेश जारी नहीं किया गया है।

नगर पालिक निगम दुर्ग में पदस्थापना भी नहीं की गई है। पत्र में शासन के आदेश क्रमांक, तिथि व शर्तों का उल्लेख शासन के अधिकृत प्रारूप से मेल नहीं खाता और दस्तावेज सत्य नहीं है। निगम प्रशासन ने बताया कि फर्जी पत्र में एक वर्ष में कंप्यूटर प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, दो वर्ष की परीक्षावधि, स्वास्थ्य प्रमाणपत्र व थाना क्षेत्र से एनओसी प्रस्तुत करने जैसी शर्तों का उल्लेख किया गया है। ये सभी विवरण विधिवत जारी नहीं किये गए हैं।

नगर निगम, दुर्ग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करना, प्रसारित करना या इसका उपयोग करना कानूनी अपराध है। दस्तावेज़ की सत्यता जांच के लिये संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेज दी गई है। आवश्यकता पडने़ पर इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। निगम प्रशासन ने किसी भी भ्रामक दस्तावेज़ पर विश्वास न करने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निगम को देने की अपील की है।

निगम द्वारा जारी प्रत्येक आदेश पर आधिकारिक लेटरहेड, प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर, विभागीय मुहर, जारीकर्ता शाखा का नाम और डायरी/डिस्पैच नंबर का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से होता है। फर्जी पत्र में यह आवश्यक औपचारिकताएं नहीं हैं।

खुद पर विश्वास, विधाता पर विश्वास और उसके विधान पर विश्वास ही समर्पण्यता है : वीणा दीदी

भिलाई/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कर्नाटक हुबली से आई गीता ज्ञान विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने सर्वशास्त्र शिरोमणि श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय 9 के श्लोक 22 के बारे में बताते हुए कहा कि जो संपूर्ण समर्पण मेरे अनन्य है, जो उनको चाहिए, वो देगा और उसकी रक्षा भी करेगा। खुद पर विश्वास, विधाता पर विश्वास और उसके विधान पर विश्वास ही समर्पण्यता है। अभाव, स्वभाव, प्रभाव, दबाव हमें आकर्षित करती हैं। सूर्य की किरणें बिना किसी से प्रभावित हुए सम्पूर्ण प्रकृति, धरती, मनुष्यात्माओं सहित ब्रह्मांड को प्रभावित करती है। दिल की बात दिल तक, दिमाग की बात दिमाग तक पहुंचती है। सच्चे दिल से परमात्मा को याद करें। इस दौरान रिसाली मैत्री कुंज प्रभु प्राप्ति भवन में आयोजित ड्राइंग एंड पेंटिंग के सभी प्रतिभागी बच्चों को ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने पुरस्कृत किया। योग कार्यक्रम और गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन कार्यक्रम के लिए भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने वीणा दीदी का सम्मान किया।

जल संचय करने घरों में सोख्ता निर्माण करें ग्रामीण : विधायक चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। गांव-गांव में पानी बचाने रिचार्ज पिट सोख्ता का निर्माण किया जा रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आज ग्राम कातरो में जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से बने रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल परिसर व हितग्राहियों के घरों में बनाए गए रिचार्ज पिट (सोख्ता) का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, प्रभाव और उपयोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान जिपं के सीईओ बजरंग दुबे सहित

अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। विधायक चंद्राकर ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरण को और मजबूत करने की अपील की। विधायक ललित चंद्राकर ने जन समुदाय से अपने घर पर सोखता निर्माण करने की अपील की, ताकि, वर्षा के जल का संरक्षण किया जा सके। इससे भूजल स्तर बेहतर होगा और भविष्य में जल संकट का सामना करने में मदद मिलेगी। विधायक चंद्राकर ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने कहा। पौध-रोपण, जल स्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण व नदियों के संरक्षण, फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

जीडी रूंगटा कॉलेज में अटल एफडीपी का शुभारंभ

■ **प्रदेश भर के फैकल्टीज और इंडस्ट्रीज को मिलेगी ट्रेनिंग**

भिलाई/नवप्रदेश। जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई। सर्वरलेस कंप्यूटिंग का इवोल्यूशनः फंक्शन ऐज ए सर्विस से लेकर नेक्स्ट-जेन आर्किटेक्चर तक विषयक इसी एफ्डीपी में प्रदेश भर की इंडस्ट्रीज और कॉलेजों से चुनिंदा 50 लोगों को प्रतिभागी बनाया गया है। एफडीपी की समन्वयक डॉ. आराधना साहू और सह-समन्वयक डॉ. ज्योति उपाध्याय ने बताया कि इसमें प्रदेश के एक्सपर्ट्स प्रतिभागियों के साथ अपना

नॉलेज शेयर करेंगे। सीएसवीटीयू के डॉ. रोहित मिरी, आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर डॉ. अमित धर, साइंस कॉलेज दुर्ग से डॉ कुशवान्जली देखमुख, एसआईटी नागपुर से डॉ. भूपेश कुमार देवांगन शामिल हैं। प्रतिभागियों को सर्वरलेस कंप्यूटिंग, क्लाउड नेटिव आर्किटेक्चर, एआईएमएल, इंडस्ट्री एप्लीकेशन विथ केस स्टडीज की जानकारी मिलेगी। इस एफ्डीसी के तहत प्रतिभागियों को भिलाई स्थित सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य तेजी से विकसित होती सर्वरलेस तकनीक, उसके ढांचे, और भविष्य की कम्प्यूटिंग आर्किटेक्चर को शिक्षकों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया ने बताया कि फास जैसी उन्नत तकनीकों से आगे बढ़ते हुए सर्वरलेस कम्प्यूटिंग नई पीढ़ी के आर्किटेक्चर का निर्माण कर रही है। उन्होंने इस पर विशेषज्ञ विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम में जीडी रूंगटा कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. नीमा एस बालन ने कहा कि प्रशिक्षण में प्रतिभागी न केवल आधुनिक कम्प्यूटिंग मॉडलों की अवधारणा से परिचित होंगे, बल्कि उद्योग में उनके व्यावहारिक उपयोग और चुनौतियों को भी समझ पाएंगे। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. आशीष पनत, रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. आरके राठौर, डॉ. विजय लक्ष्मी घोष शामिल रहे।

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से 48 लाख स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत में अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48 लाख 28 हजार की अनुशंसा प्राप्त हुई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण हेतु 2.60 लाख, ग्राम बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख, ग्राम रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख, ग्राम नारधा के हायर सेकेण्डरी स्कूल में शेड निर्माण हेतु 7 लाख, ग्राम कंडरका में माध्यमिक शाला में शेड निर्माण हेतु 7 लाख, ग्राम राजपुर के कोक्सा तालाब में निर्मला घाट निर्माण हेतु 2.60 लाख, ग्राम ढाबा के माध्यमिक शाला में शेड निर्माण हेतु 7 लाख, ग्राम बागडुमर सेमरिया में मुक्तिधाम व शेड निर्माण हेतु 4.79 लाख और ग्राम ढौर खेरधी में मुक्तिधाम व शेड निर्माण हेतु 4.79 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

मंदिर परिसर के विकास के लिए मिलेंगे विधायक निधि से 3 लाख रुपए, विधायक देवेन्द्र ने की घोषणा

आंध्रा देवांग समाजम का पारिवारिक मिलन समारोह

भिलाई/नवप्रदेश। आंध्रा देवांग समाजम का पारिवारिक मिलन समारोह रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर सेक्टर-6 में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव और एचटीसी के डायरेक्टर व समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू अति विशिष्ट अतिथि और विशेष अतिथि निगम के एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने मंदिर परिसर में बोर खनन व शौचालय निर्माण के लिए विधायक निधि से 3 लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने आंध्रा देवांग समाजम के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्वास दिलाया कि वे समाज के उत्थान के लिए भविष्य में भी आगे रहेंगे। उन्होंने आंध्रा देवांग समाजम के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीपति राजू ने तेलुगू समाज के प्रत्येक धड़े को एकजुट होने और साथ मिलकर आगे बढ़ने प्रेरित किया।

कार्यक्रम में इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने आश्वस्त किया वे समाज की किसी भी तरह की समस्या का समाधान करने प्रयासरत रहेंगे। उनकी संस्था सर्व समाज कल्याण समिति द्वारा जरूरतमंदों को हमेशा मदद पहुंचाई गई है, चाहे वे किसी भी समाज से हों।

सर्व समाज कल्याण समिति की ओर से मलकीत सिंह 'लल्लू', अनिल चौधरी, जोगा राव, निर्मल सिंह, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, इंद्रजीत सिंह 'चिंटू', डॉ. हरजिन्दर सिंह, वाजिद अंसारी, हरेंद्र यादव, अनिल सिंह, सोम सिंह आदि उपस्थित रहे।

समाज के वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

आंध्र देवांग समाजम के कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्षों व पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। वरिष्ठजनों को शाल व भगवा गमछे से सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष भीमा राव के द्वारा वर्तमान पदाधिकारियों व सहयोगियों को देवांग समाज की आराध्य देवी चौडेश्वरी माता का तैलचित्र भेंट स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इन कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे समाज के बच्चों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक एस चंद्रशेखर, अध्यक्ष जी भीमा राव, कोषाध्यक्ष पी रामाराव, उपाध्यक्ष जी मुकेश, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वाई ईश्वरी, महासचिव के यशोदा, उपाध्यक्ष आई ईश्वरी, के मोहन राव, एम लोकेश, जी पूर्णिमा, के शंकर राव, पी चलपति और ए गोपाल सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य कार्यक्रम आयोजन में सक्रिय रहे।

क्रांतिकारी सुखदेव राज की मनाई गई जयंती

दुर्ग/नवप्रदेश। देश की आज़ादी के लिए क्रांति का मार्ग अपनाने वाले जांबाज युवाओं में से एक सुखदेव राज की 118 वीं जयंती पर इंदिरा मार्केट के पास उनके पुराने जर्जर आवास के सामने मनाई गई। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ और सुखदेव राज स्मृति स्मारक समिति व दुर्ग सिक्ख सभा दुर्ग के पदाधिकारियों ने जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह जैसे अग्रिम पंक्ति के क्रांतिकारियों के निकट सहयोगी रहे सुखदेव राज 1963 से 1973 तक इंदिरा मार्केट के पास स्थित शिशु कल्याण केंद्र के भवन में रहे और कुष्ठ रोगियों की सेवा करते हुए 5 जुलाई 1973 को उन्होंने इसी भवन में अंतिम सांस ली थी। उनका जन्म लाहौर में 7 दिसंबर 1907 को हुआ था। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वे क्रांतिकारियों के

सम्पर्क में आए। फिर अपना जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया। आयोजित यादें कार्यक्रम में वक्ताओं ने दुर्ग जिलावासियों को उनके योगदान से अवगत कराया। जर्जर आवास के जीर्णोद्धार हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व महापौर व शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भाजपा प्रदेश सचिव जितेंद्र वर्मा, समाजसेवी गुलबीर सिंह भाटिया, दुर्ग सिक्ख सभा के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, सम्पूर्ण सिंह सैनी, बलविंदर सिंह अरोरा, सुरेन्द्र पाल सिंह दुलाई, सिकंदर सिंह सैखो, वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव, शिक्षाविद एचएस वर्मा, अधिवक्ता दिनेश वर्मा, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सचिव सोनल गुप्ता, समाजसेवी कमलेश वैष्णव, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष बीएल गजपाल, महामंत्री राजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र देशमुख, पीडी वैष्णव, डीपी दिल्लीवार, बीके शर्मा, आर के भटनागर, शीतल साहू, एमएल वर्मा, रामाधार ताम्रकार, केके आडिल, अरुण गुप्ता उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

104 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कबीरधाम द्वारा 12 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एस.आर. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, चिखली (दुर्ग) द्वारा कुल 104 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों में नर्सिंग स्टाफ30, कंप्यूटर ऑपरेटर 02, फील्ड ऑफिसर 10, ओ.टी. टेक्निशियन 03, ऑप्थैल्मिक टेक्निशियन 03, डायलिसिस टेक्निशियन 04, मेडिकल ऑफिसर 10, डेन्टिस्ट 02, फिजियोथेरेपिस्ट 01, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट 01, गार्ड 04, मल्टीपल वर्कर 05, कॉरपोरेट मैनेजर 01, लेक्चरर 08, आईटी इंचार्ज 01, कॉलेज प्राचार्य 01, लाइब्रेरियन 01, एकाउंटेंट 01, कुक 04, आया 10 तथा जीएम मार्केटिंग 02 पद शामिल हैं। इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं वेतनमान पद अनुसार पृथक-पृथक निर्धारित है, जिसमें औसत वेतन 7,000 रुपये से 80,000 रुपये तक है। आयु सीमा 18 से 55 वर्ष तक निर्धारित है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है तथा भर्ती प्रक्रिया निजी क्षेत्र की संस्थाओं के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें चयन कार्यवाही नियोजक अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा ही की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज़ फोटो, ड्राइविंग लाइसेंस (जहाँ आवश्यक हो) एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ नियत समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड़ कवर्धा में उपस्थित होना होगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

जिले में 31 दिसंबर तक चलेगा सघन कुष्ठ खोज अभियान

कवर्धा / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 08 से 31 दिसंबर 2025 तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समुदाय में कुष्ठ संक्रमण को प्रारंभिक अवस्था में पहचानकर समय पर उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि रोग के प्रसार को रोका जा सके और कुष्ठजन्य विकलांगता से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी. के. तुर्रे तथा डीपीएम अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में सभी विकासखण्डों, ग्रामों, मोहल्लों और शहरी वार्डों में स्वास्थ्य टीम घर-घर पहुंचकर जांच और जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करेगी। आरबीएसके टीमों की भूमिका मजबूत करते हुए वीडियोकॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई, जिसमें हाई-एंडेमिक क्षेत्रों की सूची विकासखण्डवार आर. के. मेरावी को उपलब्ध कराई गई। जिला कुष्ठ अधिकारी ने स्कूलों में लक्षणयुक्त विद्यार्थियों की पहचान कर आवश्यक जांच कराने के निर्देश दिए। इसी अवधि में 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान भी आयोजित किया जाना है, जिसके लिए ब्लॉक एवं जिला स्तर पर टीमों को प्रशिक्षित कर दिया गया है। संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। यह संयुक्त प्रयास कबीरधाम में कुष्ठ उन्मूलन को नई गति देगा और समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराएगा।

संयुक्त टीम ने बिचौलिए से 287 बोरी अवैध धान सहित 110 नग नये बरदाना किया जब्त

भाटापारा / नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कोचिये और बिचौलिए पर.कड़ी निगरानी की जा रही है। सोमवार को राजस्व अनुभाग भाटापारा, सिमगा एवं पलारी में बिचौलिए से 287 बोरी अवैध धान एवं 110 नग बारदाना जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा में अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल एवं खाद्य की संयुक्त टीम ने ग्राम खैरी आर के फुटकर व्यवसायियों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें रमेश किराना के द्वारा बिना लाइसेंस नवीनीकरण किए अवैध रूप से 50 कट्टा धान खरीद कर जमा किया था।

निर्माण कार्यों से शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामुदायिक विकास को मिलेगी गति

■ **उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगर पंचायत पिपरिया को साढ़े 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की दी सौगात**

कवर्धा / नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज नगर पंचायत पिपरिया को विकास की नई दिशा देते हुए कुल साढ़े 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात दी। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, पिपरिया परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामुदायिक विकास तीनों को गति देने के लिए ये कार्य मील का पत्थर साबित होंगे। इन परियोजनाओं के साथ पिपरिया में शिक्षा, सार्वजनिक सुविधाओं और नगरीय विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। यह सौगात पिपरिया के आने वाले वर्षों को नई रफ्तार देने वाली साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष श्री घुरवाराम साहू जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर वीरेंद्र साहू, श्री मुकेश अग्रवाल, श्री निर्मल द्विवेदी, पार्षद कमल कांत नाविक, श्री सोम पटेल सहित जनप्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पिपरिया में साढ़े 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पिपरिया में साढ़े 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने 1 करोड़ 60 लाख 92 हजार रुपए की लागत से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, 14 लाख 83 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, 10 लाख रुपए की लागत से जायसवाल सामुदायिक भवन, 3 करोड़ 31 लाख 90 हजार रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों में चौरिया, घड़ी व अन्य चौक निर्माण-सौंदर्यीकरण, हाईमास्ट लाईट, आरसीसी नाली, सीसी रोड, बाउंड्री वाल, व्यायामशाला, सामुदायिक भवन एवं पाथवे निर्माण, 19 लाख रुपए की लागत से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रासायनिक, प्री-विज्ञान व भौतिक प्रयोगशाला और 20 लाख रुपए की लागत से नवीन खाद्य गोदाम निर्माण का भूमिपूजन किया।

सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कर रही निरंतर कार्य

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिपरिया में साढ़े 5 करोड़ रुपए की बड़ी राशि से एक साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिपरिया अस्पताल का उन्नयन हो चुका है, वहीं सीएचसी निर्माण के लिए स्वीकृति जारी कर दी गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की गई है तथा अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन की शुरुआत भी की गई है। उन्होंने बताया कि आईटीआई के लिए पौने 3 करोड़ रुपए और अनुसूचित जाति छात्रावास निर्माण के लिए 1.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे युवाओं और विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

दो वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को लेकर किए गए कार्य

■ **दो वर्षों में महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को लेकर किए गए कई महावपूर्ण पहल**

कवर्धा / नवप्रदेश। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर किए गए सतत प्रयासों ने कवर्धा में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा प्रदान की है। महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना, उनके शिक्षा और रोजगार के लिए की गई पहल के साथ महतारी वंदन योजन ने महिलाओं को सामाजिक आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की पहचान बन चुकी महतारी वंदन योजना से कवर्धा विधानसभा की 1 लाख 30 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। उन्हें प्रति माह 1 हजार रुपये के मान से अब तक 251 करोड़ 63 लाख 96 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है। योजना की 21 किश्तों की राशि खाते में दी जा चुकी हैं, और कुछ दिन पहले 22 वीं किश्त भी जारी कर दी गई है। कई महिलाएं इस राशि का उपयोग अपने बच्चों के बेहतर पढ़ाई लिखाई में कर रही हैं, तो कई ने घर के अन्य खर्चों को वहन करने में किया।

महतारी सदन- महिला सशक्तिकरण की नयी पहचान- उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कबीरधाम जिले को महतारी सदन योजना के अंतर्गत 19 महतारी सदनों की महत्वपूर्ण सौगात मिली है।

यह योजना राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण के प्रति दूरदर्शी सोच और प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है। जिले में अब तक निर्मित 05 महतारी सदन भवनों का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया, जबकि शेष 14 महतारी सदनों का निर्माण कार्य 3 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से प्रगति पर है।

409 कन्याओं का करवाया गया सामूहिक विवाह

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कवर्धा विधानसभा के 409 कन्याओं का सामूहिक विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री स्वयं बाराती बनकर शामिल हुए और नवयुगल दंपत्तियों को शुभाशीष प्रदान किया।

गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी जांच शिविर, 1 हजार से अधिक लाभान्वित-सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा शुरू की गई है, जिससे अब तक 1000 से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। समय पर होने वाली जांच से गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की ठीक से मॉनिटरिंग संभव हो रही है। किसी प्रकार के जटिल और गंभीर मामलों में समय पर इलाज संभव हो सकता है।

स्व-रोजगार के लिए 100 से अधिक सिलाई मशीन वितरण

महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कवर्धा की 100 से अधिक महिलाओं को उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सिलाई मशीन वितरित किया है। ताकि वे अपना खुद का काम शुरू कर सकें। यह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दृष्टि से अभिनव प्रयास है।लखपति दीदी योजना ने महिला समूहों को दिखाई आर्थिक प्रगति की राह-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें सामाजिक-आर्थिक विकासमूलक योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। कवर्धा विधानसभा में 6,158 स्व-सहायता समूह बनाए जा चुके हैं। आजीविका से जुड़कर यहां की 13,924 महिलाएँ अब ऱलखपति दीदीऱ बनकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं।

ग्राम फुलझर में विश्वहिंदू परिषद बजरंगदल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव / नव प्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल लगातार हिंदुओं को संगठित कर ग्राम ग्राम में एकता को बल देने का कार्य कर रहा है जिसमे फुलझार खण्ड की बैठक सम्पन्न हुई,बैठक में मुख्य रूप से विहिप के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, बजरंगदल विभाग सहसयोजक सुनील सेन,विहीप जिला मंत्री त्रिगुण सदानी जी की उपस्थित में निम्नानुसार ग्राम फुलझर समिति का गठन किया गया, जिसमे ग्राम फुलझर विश्व हिंदू परिषद के खंड अध्यक्ष ईश्वर यादव, खंड उपाध्यक्ष किशुन यादव, मंत्री भेवेंद्र साहू, सहमंत्री शिव भार्गव, डलेश्वर साहू, नियुक्त किए गए,वहीं युवा शक्ति को जोड़ते हुए बजरंग दल में संयोजक राज यादव,सहसंयोजक दीपेश यादव, संजय यादव, दीपक यादव, गौरक्षा प्रमुख ओम प्रकाश यादव, सहगौरक्षा अर्पण यादव, विजय यादव, खंड अखाड़ा प्रमुख इलेन्द्र यादव, सहअखाड़ा प्रमुख पंकज देशमुख, राहुल यादव, साप्ताहिक मिलन प्रमुख मुक्कू यादव, सहसाप्ताहिक मिलन रोहन साहू, धीरज यादव, विद्यार्थी प्रमुख कमलकांत यादव, सहविद्यार्थी प्रमुख मुकेश देशमुख, परमानन्द, सुरक्षा प्रमुख न्यू बंजारे, सहसुरक्षा प्रमुख सागर साहू, किशोर यादव नियुक्त हुए इस अवसर पर तिलक यादव, जितेस साहू, मिलूराम साहू, मुकेश देशमुख, भोला, सागर साहू, यश साहू, मनेंद्र कुमार, उमेश साहू, योगु मेहर, खुमान साहू, रुद्रप्रताप बंजारे एवं नवगठित पदाधिकारियों को ग्राम में संगठन का मुख्य उद्देश्य हर मोहल्ले और हर ग्राम में जा कर बजरंग दल से हर हिन्दू परिवार को जोड़ना ताकि हिन्दू संगठित और सशक्त हो, गाँव-गाँव में हो रहे धर्मांतरण,गौ तश्करी, और लव जिहाद से हर गांव को अवगत कराना ताकि हिन्दुओ को संगठित और जागरूक किया जा सके।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का तीन दिवसीय प्रांतव्यापी हड़ताल 29 को

नगरी / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सरकार के द्वारा कर्मचारियों की मांगों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैए अपनाए जाने के विरुद्ध तीसरे चरण के कलम बंद, काम बंद आंदोलन के तहत तीन दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। प्रांत व्यापी आंदोलन के परिपेक्ष्य में 06 दिसम्बर 2025 को ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संगठन प्रमुखों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रांतीय आह्वान पर तृतीय चरण 29से 31दिसंबर 2025 तक तीन दिवसीय प्रांतव्यापी हड़ताल करने का सर्वसम्मति से लिए फैसले का समर्थन करते हुए ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन में समस्त विभागों के कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित होंगे बैठक में फेडरेशन द्वारा ग्यारह सूत्रीय मांगों को तत्काल लागू करने की बात पर जोर दिया गया। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया है कि प्रमुख मांगों में ङ्क केंद्र के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से डीए प्रदान किया जाए। डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान शीघ्र लागू किया जाए। पेंशन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो।प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना करते हुए पूर्ण सेवा लाभ, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय वेतनमान तथा नगरीय निकायों में नियमित मासिक वेतन।

मुख्यमंत्री करेंगे मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

अधिकारियों को दिए विभिन्न दिशा निर्देश

कवर्धा / नवप्रदेश।उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने 11 दिसंबर को कवर्धा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहे मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। पहले उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन से जुड़ी तैयारियों की प्रगति के बारे में अपडेट लिया। जिसके पश्चात घोटिया में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुख्य मंच व बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, यातायात व पार्किंग, बेरीकेडिंग, सुरक्षा, पेयजल जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए की जा रही तैयारियों के बारे अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। कार्यक्रम में आने वाले जनसमुदाय को ध्यान में रखते हुए प्रवेश एवं निकासी के लिए व्यवस्थित तैयारियां की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में समुचित बैठक और पेयजल व्यवस्था हो।इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच के साथ डोम एवं पंडाल बनाए जा रहे हैं, जिसमें कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की जा रही हैं। वहीं कार्यक्रम स्थल में विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए भी तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, डीएफओ श्री निखिल अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अजय कुमार त्रिपाठी, एडीएम श्री विनय पोयाम, एएसपी श्री पंकज पटेल, एसडीएम श्री चेतन साहू, एसडीओपी श्री कृष्णा चंद्राकार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष

कांग्रेस ने वंदे मातरम् ...

अपना सिंहासन डोलता दिखा। पीएम ने कहा कि बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी।

-वंदे मातरम् का स्मरण इस सदन का सौभाग्य

-वंदे मातरम् के 150 साल पर भारत तेजी से बढ़ रहा

-1906 का एक किस्सा सुनाया

-बंगाल के लिए वंदे मातरम् गली-गली का नारा बन गया

-नेहरू ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए

1 करोड़ के इनामी मज्जी ...

ने पुलिस और सुरक्षा बलों के समक्ष अपने हथियार डाल दिए। सोमवार सुबह आत्मसमर्पण की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की गई। आत्मसमर्पण के बाद पुलिस अधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरेंडर करने वालों में 6 महिला नक्सली भी शामिल हैं। इसके साथ ही रामधेर मज्जी का समर्पण करना बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इस पर 1 करोड़ रुपए का भी इनाम घोषित था।उन्होंने बताया कि रामधेर मज्जी लंबे समय से नक्सली संगठन के शीर्ष नेतृत्व में शामिल था और कई गंभीर नक्सली घटनाओं में उसका नाम सामने आ चुका है। जिसके बाद से पुलिस लगातार इसकी तलाश कर रही थी, बचने के लिए रामधेर लगातार अपना स्थान बदल रहा था।

हम हल्के में नहीं ले रहे...

सदन में कहा, हमें पायलट, क्रू और पैसेंजर्स की परवाह है। हमने सभी एयरलाइंस को यह साफकर दिया था। इंडिगो को क्रू और रोस्टर को मैनेज करना था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह से यात्रियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

लोकसभा में भी वक्तव्य की मांग

गोगोई ने यह विषय उठाते हुए कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्री बताएं कि हर हवाई अड्डे पर इतनी अव्यवस्था क्यों हैं? उनका कहना था, ''कहा गया था कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करेंगे, लेकिन आज उड़ानों का किराया 20 हजार रुपये है, कॉफी के दाम ढाई सौ रुपये हैं।'' इस पर बिरला ने कहा, ''मंत्री जी (राममोहन नायडू) आज राज्यसभा में हैं। वह आज बयान देंगे या आप लोग चाहेंगे तो कल विस्तृत बयान देंगे।''

आज भी इंडिगो की 500 उड़ानें रद्द

बता दें कि पिछले कई दिनों से इंडिगो एयरलाइन की कई घरेलू उड़ानें निरस्त होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को भी इंडिगो की 500 उड़ानें रद्द रहीं, जबकि 1,802 उड़ानों का परिचालन हो पाया। इंडिगो ने 04 दिसंबर को शिड्यूल के अनुपालन में गंभीर समस्या की जानकारी दी थी और करीब 400 उड़ानें रद्द कर दी थी। अगले दिन 05 दिसंबर को देश के विमानन इतिहास में हवाई अड्डों पर सबसे बुरा हाल देखा गया।

रायपुर से उड़ान ...

इसी तरह रायपुर आने वाली 5 फ्लाइट्स भी रद्द हुई हैं, जिनमें 4 इंडिगो की थीं। एक फ्लाइट बेंगलुरु से और तीन हैदराबाद से आने वाली थीं। ये सभी आंकड़े आज सुबह 11 बजे तक के हैं। दिनभर में और भी फ्लाइटें कैंसिल, डायवर्ट और डिले हो सकती हैं। तीन दिन में 54 फ्लाइट रद्द हो चुकी हैं। यात्रियों को न इंडिगो एयर लाइंस से और न ही एयरपोर्ट ऑथोरिटी की ओर कोई जवाब दिया जा रहा है।

कहा- कई कारणों के प्रभाव...

इंडिगो ने डीजीसीए से अधिक समय की मांग करते हुए कहा है कि संचालन के पैमाने और समस्याओं की जटिलता को देखते हुए अभी किसी एक सटीक कारण को चिन्हित कर पाना संभव नहीं है। कंपनी का कहना है कि डीजीसीए के नियमों के अनुसार किसी भी शो कॉज नोटिस का उत्तर देने के लिए 15 दिन का समय मिलता है, इसलिए विस्तृत और गहन 'रूट कॉज एनालिसिस' (आरसीए) के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है। इंडिगो ने यह भी आश्वासन दिया कि आरसीए पूरा होने के बाद उसकी विस्तृत रिपोर्ट डीजीसीए को सौंप दी जाएगी।

छग को मिले 3 नए...

सरकार ने नए आईएएस अधिकारियों के स्वागत की तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों के नियुक्त होने के बाद कई विभागों में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का बंटवारा किया जाएगा।

ट्रेनिंग के लिए अलग-अलग विभागों में देंगे सेवाएं

जानकारी के अनुसार, इस बार छत्तीसगढ़ कैडर में चयनित तीनों अधिकारियों की शहरी और ग्रामीण प्रशासन में अनुभव प्राप्ति के लिए अलग-अलग विभागों में ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रशासनिक मामलों में उनका योगदान राज्य सरकार के लिए महत्वपूर्ण होगा।यूपीएससी 2024 बैच में कुल देशभर में कई नए आईएएस अधिकारी शामिल हुए हैं ।

मध्याह्न भोजन के बाद नन्हें बच्चें धोते है बर्तन

■ **मध्याह्न भोजन के बाद नन्हे नन्हे विद्यार्थी स्वयं बर्तन धोते हुए दिखाई दिए**

नगरी / नवप्रदेश। प्राथमिक शाला गेदरा आश्रित गांव कोहिनपारा से एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है, जहाँ मध्याह्न भोजन के बाद नन्हेङ्कनन्हे विद्यार्थी स्वयं बर्तन धोते तस्वीर दिखाई दिए। विद्यालय में उपलब्ध रसोइया भोजन बनाने के बाद स्कूल परिसर से मीटिंग चले गए, उसके बाद सभी बच्चे खाना खाएं उसके बाद जिसके बाद 6 से 9 वर्ष आयु के छोटे बालक बर्तन के पीछे काले को जोरो से साफसफाई करते नज़र आए। यह दृश्य न सिर्फ नियमों के खिलाफ है, बल्कि बच्चों के प्रति लापरवाही और गंभीर उदासीनता को दर्शाता है।

जानकारी के अनुसार, नगरी विकासखंड मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत गेदरा के प्राथमिक शाला कोहिनपारा मे छोटे-छोटे बच्चों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि ÷रसोइया ने ही बर्तन धोने को कहा था÷। यह बात बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है कि इतने छोटे बच्चों को श्रम के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जबकि यह पूर्णतः नियम विरुद्ध है।

जब इस संबंध में विद्यालय के संस्था प्रमुख से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि ÷मेरे द्वारा किसी भी बच्चे को बर्तन धोने के लिए नहीं कहा गया है, बच्चे स्वयं ऐसा कर रहे होंगे।÷ लेकिन बड़ा प्रश्न यह उठता है कि यदि विद्यालय प्रमुख बच्चों की गतिविधियों पर नजर ही नहीं रख पा रहे हैं, तो बच्चों की सुरक्षा, देखरेख और शिक्षा का जिम्मा आखिर किसके हाथों में है? विद्यालय प्रबंधन की यह लापरवाही स्पष्ट रूप से कई सवाल खड़े करती है।

सेजेस में स्वागत-सह-विदाई समारोह

महासमुंद/नवप्रदेश। सेजेस तुमगांव में स्वागत-सह-विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें नवागत प्राचार्य देवेंद्र अगलावे का संस्था में स्वागत किया गया। वहीं राजकुमारी श्रेय को सहायक ग्रेड-3 पर पदोन्नति मिलने पर विदाई दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य एल कुरिल ने की। उन्होंने नए प्राचार्य देवेंद्र अगलावे को शॉल-श्रीफल एवं पुष्प-गुच्छ भेंट की और कहा कि अगलावे अनुभवी एवं ऊजार्वान अधिकारी हैं। विश्वास जताया कि तुमगांव परिवार के सहयोग से वे इस संस्था को और ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। नवागत प्राचार्य देवेंद्र अगलावे ने कहा कि लंकेश कुरिल जैसे कुशल मार्गदर्शक के बाद यह दायित्व संभालना बड़ी चुनौती है। राजकुमारी श्रेय ने कहा कि आप सबने मुझे बहुत इज्जत और प्यार दिया, अब जा रही हूं, पर दिल यहीं रहेगा। कार्यक्रम में आईएल साहू, केआर साहू, सत्यदेव गेंद्रे, अश्विनी धीवर, रेवती रमन तारक, तिलक शर्मा, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डड़सेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, एलएन साहू, लोकेश साहू, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, सोनाली साहू, मोनिका यादव, नलिनी ध्रुव, रेणुका साहू एवं प्रियंका बारिहा, सुषमा गिलहरे आदि मौजूद रहे।

मेडिकल पीजी सीटों में कटौती का विरोध काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन

■ **शासन - प्रशासन से पुरानी नीति बहाल करने की मांग**

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जूनियर डॉक्टरों ने मेडिकल पीजी सीटों में कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। रेगुलर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के बैनर तले मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों (जेडी) ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। इस दौरान डॉक्टरों ने छत्तीसगढ़ सरकार की नई नीति के विरोध में जमकर नारेबाजी की। नई नीति के तहत पीजी प्रवेश में राज्य के कोटे की सीटों में कटौती की गई है, जिससे डॉक्टर नाराज हैं।

जूनियर डाक्टर डॉ. भुपेंद्र सिन्हा, डॉ मुकेश साहू, डॉ अंकुर साहू, डॉ अंकिता कुजुर, डॉ अरविंद खलको, डॉ आकाश डोगरे, डॉ हेमंत कोसरिया, डॉ भुनेश्वरी ध्रुव, डॉ भाविका साहू, डॉ रुपेन्द्र चौधरी, डॉ चंद्राकांत ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में क्लीनिकल और नॉन-क्लीनिकल की लगभग 400 पीजी सीटें हैं। पहले इनमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार का 50-50 प्रतिशत कोटा था। हालांकि, नई नीति के तहत छत्तीसगढ़ के कोटे की सीटों को घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि 75 प्रतिशत सीटें ऑल इंडिया कोटे के लिए निर्धारित की गई हैं। राज्य के कोटे में केवल 25 प्रतिशत सीटें बचने से छत्तीसगढ़ में पीजी की तैयारी कर रहे छात्रों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यह उनके लिए उच्च शिक्षा के अवसरों को सीमित करेगा। डॉक्टरों ने चिंता जताई कि ऑल इंडिया कोटे से आने वाले बाहरी छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने और 2 साल का बॉन्ड पूरा करने के बाद छत्तीसगढ़ छोड़कर चले जाएंगे। इससे राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी बनी रहेगी, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन से पूर्व में निर्धारित नियमों को फिर से लागू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे न्यायालय का सहारा लेंगे।

शरारती तत्वों ने धान फसल में लगाई आग

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा ब्लॉक के जंघोरा में अज्ञात ने 5 एकड़ की धान फसल में आग लगा दी। घटना रविवार सुबह 11 बजे की है। मिली जानकारी के मुताबिक जंघोरा खार में धान की फसल से अचानक आग की लपटें तेज हुई, तो लोग दौड़े। देखते ही देखते लपटें दूसरे खेत में फैल गई। किसानों ने आनन- फानन में स्पेयर से आग बुझाने की कोशिश की। ट्यूबवेल से भी आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन बिजली गुल होने से पानी नहीं मिला, फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वाहन के पहुंचने तक 5 एकड़ का धान राख हो गया। दिनदहाड़े आग लगाकर बदमाश फरार हो गए। परसापाली के किसान सुकालूराम ध्रुव ने बताया कि 100 बीड़ा धान खेत में था। रविवार को ले जाने की तैयारी थी। घटना में लक्ष्मीबाई ध्रुव, गिरवर, लाल सिंह, नारद ध्रुव, भगतराम ध्रुव, सतीश ध्रुव, जगसिंग ध्रुव, और सुकालुराम ध्रुव की फसलों को नुकसान हुआ। आगजनी की सूचना के बाद भी राजस्व टीम नुकसान का सर्वे करने नहीं पहुंची है। किसान भगतराम ध्रुव, सुकालूराम ध्रुव ने बताया कि उन्हें 2 लाख रुपए से ज्यादा का अधिक का नुकसान हुआ है, मुआवजा चाहिए।

मालवाहकों में मानव परिवहन की शिकायत

■ **मेटाडोर और डिलीवरी वैन—में भेड़-बकरियों की तरह भर-भरकर लाया जा रहा**

धरसींवा/नवप्रदेश। खरोरा क्षेत्र में कुछ महीने पूर्व घटी हृदयविदारक घटना को प्रदेश आज भी नहीं भूल पाया है। मालवाहक मेटाडोर में बैठकर यात्रा कर रहे एक ही परिवार के 8 सदस्यों की दर्दनाक मौत ने पूरे छत्तीसगढ़ को झकझोर दिया था। उस घटना के बाद परिवहन विभाग ने प्रदेशभर में सख्ती बरतते हुए जागरूकता अभियान चलाए, मालवाहक वाहन मालिकों के साथ बैठकें की गईं तथा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए थे।

परंतु, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव का कहना है कि समय बीतते ही नियमों का पालन ढीला पड़ गया है और वही खतरनाक स्थिति फिर से लौट आई है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राकेश यादव ने हमारे संवाददाता को बताया कि प्रदेश की याददाश्त शायद बहुत कमजोर हो गई है। जिस दर्दनाक हादसे ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया था, उसी हादसे से मिली सीख लोग दोबारा भूलने लगे हैं। उन्होंने दु:ख व्यक्त किया कि जब आम जनता नियमों को हल्के में ले तो समझ आता है, परन्तु जब कानून के रखवाले ही कानून भूल जाएं, तो यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

राकेश यादव ने बताया कि उन्होंने परिवहन विभाग की इस लापरवाही की शिकायत कलेक्टर, एसपी और क्षेत्रीय विधायक को पत्र लिखकर की है। शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया है कि औद्योगिक क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और शहरी मार्गों तक मजदूरों को फिर से मालवाहक वाहनों—जैसे मेटाडोर और डिलीवरी वैन—में भेड़-बकरियों की तरह भर-भरकर लाया जा रहा है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जान जोखिम में डालने जैसा अपराध है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह अवैध मानव परिवहन खुले आम हो रहा है और यातायात व परिवहन विभाग के कर्मचारी भी इसे देखते हुए अनदेखा कर रहे हैं। विभागीय कर्मचारी अपने निजी स्वार्थ, महीने के टोकन और बेवजह चालान कार्यक्रम में व्यस्त रहते हैं, लेकिन वास्तविक खतरों की ओर ध्यान नहीं देते।

यादव ने कहा कि अगर समय रहते सख्ती नहीं बरती गई, तो किसी भी दिन फिर से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि सरकार और प्रशासन का प्राथमिक दायित्व जनता की सुरक्षा है, और यदि नियमों का पालन नहीं हुआ तो खरोरा जैसी घटनाएँ दोबारा घटने में देर नहीं लगेगी। इस मामले को लेकर धरसीवां थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान से बात करने पर कहा कि अगर चेकिंग के दौरान मालवक गाड़ियों में सवारी लेकर पकड़े जाते है तो उनके ऊपर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही किया जाएगा । इसके साथ ही उन्होंने धनेली विधानसभा क्षेत्र, मोहदी मार्ग, ग्रामीण सड़कों और औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े ट्रकों की समस्या को भी गंभीर बताया।

ऑनलाइन जुआ में रकम दोगुना होने के लालच में 15 लाख रुपए गंवाए

महासमुंद/नवप्रदेश। रकम दोगुना होने के लालच में क्रिकेट ऐप में ऑनलाइन जुआ खेलकर एक व्यक्ति ने 15 लाख रुपए गंवा दिया। मामले में ऑनलाइन जुआ संचालन करने वाले तीन लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस को बसना निवासी पुष्पा पुष्टी ने बताया उनके पति अरूण पुष्टी की शहीद वीर नारायण सिंह चौक मेन रोड बसना में डेली नीड्स व चाय की दुकान है। उनके पति अरूण पुष्टी ने उसे बताया कि मेरे जान पहचान के बसना निवासी अजीज खान चाय दुकान में आया और बोला कि ऑनलाइन क्रिकेट में पैसा लगाओगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उनके कहने पर उन्होंने शुरू-शुरू में कुछ पैसे दिए। जिस पर जीत गये हो कहकर उन्हें दोगुना पैसा वापस किया। आगे चलकर अजीज खान, आदिल खान, सद्दाम हुसैन उर्फ मोनू व उसके भाई ने अरूण से कहा कि तुम ऑनलाइन ऐप में पैसा लगाकर खेलोगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा और बार-बार ऑनलाइन क्रिकेट मैच में पैसा लगाने के लिए कहने लगे। बहकावे में आकर उनके बताए हुए टीम का चुनाव करता था, जिस पर वे पति को पैसे भेजने बोलते थे, कुछ समय तक जीत की रकम पति के खाते में दिए, बाद में तुम हार गए हो कहकर पैसा रख लेते थे। उक्त व्यक्ति पति को प्रलोभित कर ऑनलाईन क्रिकेट ऐप में सट्टा खिलाते रहे। पति ने उन लोगों को देने के लिए फोन पे बिसनेस लोन, क्रेडिट कार्ड (एचडीएफसी बैंक) व पर्सनल लोन के माध्यम से करीब 8.70 लाख का लोन लिए। फिर 09 जुलाई 2024 से 19 अगस्त 2025 तक करीब 15 लाख रुपए नकदी एवं फोन पे के माध्यम से आदिल खान व सददाम हुसैन उर्फ मोनू को उनके फोन पे नंबर के माध्यम से क्रिकेट ऐप में पैसा लगाने दिए। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 7 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारीपाली के पास अंधे मोड़ में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत हो गई। वहीं एक बच्चे का पैर टूटा गया और 3 युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान गहनाघाटा निवासी छत्तर निषाद (50) के रूप में की गई है। छत्तर निषाद अपने रिश्तेदार के बच्चे को लेकर गहनाघाटा से तेंदूकोना जा रहा था। इसी दौरान शिकारीपाली मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक सवार की आमने-सामने जोरदार भिड़त हो गई, जिसमें 3 युवक सवार थे। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान छत्तर बाइक में अपने छोटे बच्चे के साथ सवार था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक 8 फीट हवा में उड़ते हुए सड़क किनारे जा गिरा, जिससे बच्चे का पैर टूट गया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं बाइक चालक छत्तर निषाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। संजीवनी 108 की मदद से घायलों को उपचार के लिए बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है।

पालिका प्रस्ताव को शासन की मुहर, अध्यक्ष के प्रयास से 2.40 करोड़ रु स्वीकृत

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत कचरा प्रसंस्करण की स्थापना हेतु नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के प्रयास से पीआईसी द्वारा पारित प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 9वीं बैठक में 2 करोड़ 40 लाख 67 हजार रु की स्वीकृति दी गई है। अब शीघ्र ही संयंत्र स्थापित करने व स्थापित संयंत्रों के उन्नयन की दिशा में कार्रवाई होगी।

पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि ठोस प्रबंधन घटक अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में सूखे एवं गिले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों की उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत होने से कचरा प्रबंधन को गति मिलेगी। प्रसंस्करण की स्थापना हेतु शासन द्वारा प्रस्ताव मांगा गया था। जिसमें नगर पालिका ने प्रस्ताव तैयार किया था। जिसे प्रेसिडेंट इन कौसिंल ने उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। जिसे भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा लागू स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 9 वी बैठक दिनांक 17 नवंबर 2025 के एजेण्डा क्रमांक 5 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन घटक अन्तर्गत नपा परिषद महासमुंद में सूखे एंव गीले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एंव स्थापित संयंत्रों के उन्नयन, विकास तथा 5 वर्ष के लिए संचालन-संधारण हेतु राशि दो करोड़ चालीस लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत की गयी है ।

गिरसा-किसड़ा तक निर्माणधीन सड़क की गुणवत्ता में सुधार

■ **ग्रामीणों के विरोध के बाद जागा शासन प्रशासन सुधार कर निर्माण करने दिये निर्देश**

खबर का असर

भटगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गिरसा से लेकर किसड़ा तक बन रही 13 किलोमीटर निर्माणधीन सड़क की गिरसा सरपंच व ग्रामीणो ने विरोध गुणवत्ता में सुधारकर निर्माण करने की मांग किया गया था जिसके समाचार प्रकाशन किया जिसमें दूसरे दिन सड़क निर्माण कार्य संबंधीत विभाग के अधिकारी, ठेकेदार निर्माण स्थल पर पहुंचे और निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों को सही तरीका से कार्य करने का दिशानिर्देश दिए जिस पर

सारँगढ़-बिलाईगढ़ जिले में एक बार फिर खबर का असर देखने को मिला है। गिरसा से लेकर किसड़ा तक बन रही 13 किलोमीटर निर्माणधीन सड़क की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध के बाद सम्बन्धित ठेकेदार और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुँचकर खराब बनाई जा रही सड़क और उनकी चौडाई की जांच की और ग्रामीणों के अनुसार बढ़ाया गया फिर पुन: उखाड़कर सड़क का निर्माण कराया गया। अब गुणवत्ता से सड़क बनने के बाद ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली है।

बतादें सड़क निर्माण करने से पहले सम्बन्धित अधिकारी ने रोड की डस्ट की अच्छी साफ- सफाई व चिपचिपा पदार्थ का अच्छे से छिड़काव करने के भी निर्देश दिए हैं।

> फिर से उखाड़ कर बना रहे हैं रिपेयरिंग कर रहे हैं क्वालिटी ठीक है। **-राम चौहान** (सरपँच)
>
> सड़क निर्माण में रोकथाम किये थे उसे फिर से नया बनाया जा रहा है । **-गेंदु राम,** ग्रामीण
>
> सरपंच व ग्रामीणो ने गुणवत्ता सही नहीं है कहके निर्माण कार्य पर रोकथाम किये थे दोबारा सुधार कर कार्य करने के लिए बोला अधिकारी भी आये अधिकारी ने अच्छे से काम करने के लिए बोला गया और फिर से काम चालू किया गया है। - **तरुण साहू,** मुंशी

पिकअप की ठोकर से बाइक सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। घटना 24 नवंबर की है। पिथौरा पुलिस को चक्रधर ठाकुर ने बताया कि 24 नवंबर को वह अपनी बाइक पल्सर क्रमांक सीजी 06 डीएच 3808 से कमारडेरा से वापस आ रहा था, कि शाम 6:30 बजे के भिथीडीह (विद्या नगर) तालाब के पास पीछे से पिकअप वाहन क्र. सीजी 22 एई 3177 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया, जिससे उसे चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया जेल का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा आज बेमचा स्थित जिला जेल का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद, (छ.ग.) की सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका क्रमांक डब्लू.पी.पी.आई.एल 11/2013 में पारित आदेश दिनांक 15.दिसंबर 2021 में प्रदत्त आदेशानुसार एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बेमचा स्थित जिला जेल में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के पदाधिकारों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद सुश्री चेतना ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय द्वारा बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, बैरकों की व्यवस्था, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, नए बैरको का निर्माण, मुलाकात कक्ष, जेल विस्तारीकरण हेतु जमीन हस्तांतरण, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, टायलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के कपड़ो की दशा, पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों को दी जा रही।

निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक ने किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पटेवा में निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उन्होंने निर्माण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। उन्होंने निर्माण कार्य का पूरा जायजा लेते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने ही हिदायत दी।

बता दें कि प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत महासमुंद विधानसभा के कुल 5 गांव को दो चरणों में स्वीकृति मिली है। इनमें तीन गांव झलप, पटेवा और खट्टी को पहले चरण में स्वीकृति मिली। दूसरे चरण में ग्राम बिरकोनी और ग्राम भोरिंग में महतारी सदन को मंजूरी मिली। इनमें से ग्राम खट्टी में महतारी सदन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा झलप और पटेवा में निर्माण कार्य जारी है। सोमवार को पटेवा में निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने निरीक्षण किया।

बिजली बिल हाफ मामले में सरकार जनता को ठग रही

महासमुंद/नवप्रदेश। कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि बिजली बिल हाफमामले में सरकार जनता को ठग रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक बिजली के दाम आधा किया था, जिसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। विरोध के बाद भाजपा सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली के दाम में छूट की घोषणा की। यह सरकार जनता को लूटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मात्र 200 यूनिट तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ केवल 1 ही वर्ष के लिए किया गया है। कांग्रेस की सरकार ने जब हॉफ योजना लागू की थी, तब ऐसी कोई शर्त नहीं थी। भाजपा सरकार का दावा है कि इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। जबकि प्रदेश में कुल घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से ज्यादा है। सरकार की मुनाफाखोरी की भूख और आर्थिक नाकामी के चलते महंगी बिजली बिल जनसमस्या बन चुकी है, हर वर्ग इससे परेशान है। डॉ. रश्मि ने कहा कि भाजपा सरकार की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर आम विद्युत उपभोक्ताओं को भरोसा नहीं है, पहले जो उपभोक्ता सरकार के झांसे में आकर सोलर सिस्टम लगवाएं हैं।

भूमिपूजन | **ग्राम में उमड़ा उत्सव का रंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की शानदार प्रस्तुति, बाल मेला का भी हुआ आयोजन**

वनांचल क्षेत्र के ग्राम सेतवा में वार्षिक उत्सव और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। गंडई तहसील के वनांचल क्षेत्र ग्राम सेतवा की प्राथमिक शाला परिसर में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव एवं बाल मेला का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इसी अवसर पर ग्राम में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार थे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा महामंत्री लीला राम साहू, मंडल महामंत्री राजेलाल पटेल, दुल्लापुर सरपंच बलराम पटेल, खौड़ा सरपंच जनेराम पटेल और लिमो सेवा

सहकारी समिति अध्यक्ष सुखदेव पटेल मुख्य रूप से शामिल हुए।

बाल मेला बना आकर्षण का केंद्र

विद्यालय परिसर में आयोजित बाल मेला पूरे आयोजन की विशेष आकर्षण रहा। बच्चों द्वारा लगाई गई भजिया, समोसा, गुपचुप, और मिठाई की दुकानें भीड़ से भरी रहीं। मुख्य अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने भी दुकानों से खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

ग्रामीणों की उपस्थिति

इस अवसर पर लखन यादव, बरतनीन धुर्वे, देवकुमार, रामायण मनोहर, फागुराम, सुखिया राम, मनीराम, अशोक धुर्वे, विष्णु साहू, दरोगा पटेल, योगेंद्र कश्यप (सीएसी ढाबा) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की।

घोषणाओं से गांव में खुशी

मुख्य अतिथि खम्हन ताम्रकार ने ग्राम सेतवा तथा दुल्लापुर के लिए 3-3 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए सड़क, सामुदायिक भवन और शिक्षा सुविधाएं प्राथमिकता पर हैं। भूमिपूजन के दौरान स्कूली बच्चों ने पारंपरिक तरीके से फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया।

शिक्षकों की सक्रिय भूमिका

आयोजन में विद्यालय स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रधान पाठक तोकराम सिन्हा, योगेंद्र कश्यप संकुल साम्वयक ढाबा, मनोहर लाल मोटवानी, योगेंद्र कोसारिया, टार्जन नेताम, रत्ना हारमें, बिना धुर्वे,प्रदीप चौधरी, नंदू राम खुशरो, हेमराय भारती, खेललाल जंघेल, कमलराय प्रसाद, जितेंद्र जायसवाल सहित शिक्षकों ने तैयारी एवं संचालन में सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन भी प्रधान पाठक तोकराम सिंह ने किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी रंग

वार्षिक उत्सव के सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुवा-ददरिया और लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंजता रहा।

■ न्यूज गैलरी

जिले के पंचायतों मे रोजगार दिवस का आयोजन कर कार्यो की दी गई जानकारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। ज़िला पंचायत अंतर्गत जिले के सभी 221 ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत खैरागढ़ में वर्तमान में 35,133 सक्रिय जॉब कार्ड व 67,919 सक्रिय श्रमिक एवं जनपद पंचायत छुईखदान में 37,122 सक्रिय जॉब कार्ड व 76,496 सक्रिय श्रमिक पंजीकृत हैं। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में चस्पा किए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की विधि भी बताई गई। ग्रामीणों को अधिक से अधिक मांग पत्र ग्राम पंचायत में जमा करने, स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त करने, तथा महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने प्रेरित किया गया। मनरेगा अंतर्गत कार्यरत 100 प्रतिशत श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मोर गांव मोर पानी अभियान को और अधिक गति देने के उद्देश्य से जल संरक्षण से संबंधित अधिक से अधिक कार्यों के चयन एवं निर्माण पर जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत आजीविका संवर्धन हेतु डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, जल संग्रहण संरचनाओं एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों के लिए हितग्राहियों एवं स्थलों के चयन पर मार्गदर्शन दिया गया। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना निर्माण की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे विकास कार्यों की बेहतर योजना बनाई जा सके। मनरेगा रोजगार दिवस के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

धान खरीदी के पखवाड़े भर बाद शुरू नही हो पाया परिवहन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के धान खरीदी समितियों मे जारी खरीदी के पखवाड़े भर बाद भी धान परिवहन प्रक्रिया शुरू नही होने से समितियों मे अव्यवस्था बढने् लगी है। जिले के 39 समितियों के 51 धान खरीदी केन्द्रों मे अब तक किसानो से 7 लाख 86 हजार 753 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। इन केन्द्रों मे से कई जगह बफर लीमिट की स्थिति बन गई है। जिसके चलते परिवहन जरूरी हो गया है। धान के उठाव के लिए समिति कर्मचारियों लगातार अधिकारियो को अवगत करा रहे है। लेकिन पिछले साल वाली ही स्थिति फिर से निर्मित हो रही है। जिले मे जारी धान खरीदी के दौरान अब मिजांई कार्य पूर्ण होने के बाद टोकन के आधार पर रोजाना समितियों मे धान की आवक बढ़ गई है। जिले मे अब तक 13213 किसानो ने अपनी उपज बेची है।

पिछले बार भी परिवहन में बिगड़ी रही व्यवस्था

पिछले साल भी जिले की समितियों मे समय पर परिवहन कार्य शुरू नही होने से आधे से ज्यादा समितियों मे धान पड़ा रह गया। जिसके चलते समितियों मे सूखत का आंकड़ा बढ़ गया था। इसका नुकसान समितियों को उठाना पड़ा और समिति को मिलने वाली राशि मे कटौती के चलते कई समितियों मे कर्मचारियो को महीनो तक वेतन के लिए इंतजार करना पड़ा था। इस बार भी पखवाड़े भर बाद भी विपणन अधिकारी परिवहन व्यवस्था का संचालन शुरू नही कर पाए है। जिसके चलते इस बार भी परिवहन के समय पर होने को लेकर संदेह बढ़ गया है। इसको लेकर समितियों मे अभी से पशोपेश की स्थिति है। मामले मे धान के परिवहन संबंधी सवाल पर जिला प्रशासन सहित विपणन अधिकारी भी जवाब देने से बच रहे है। जिले मे लेदेकर चालू हुई धान खरीदी के बाद टोकन सहित अन्य व्यवस्था अभी भी पटरी पर नही आ पाई है। ऐसे मे समितियों से धान का उठाव समय पर नही होने से व्यवस्था चरमरा जाएगी।

सीमेंट प्लांट के लिए होने वाली जनसुनवाई रोकने अड़े किसान

प्रशासनिक लापरवाही ने बढ़ाया विरोध

खैरागढ़/नवप्रदेश। छुईखदान क्षेत्र के संडी विचारपूर इलाके मे खुलने वाले सीमेंट प्लांट की 11 दिसंबर को होने वाली सुनवाई को टालने क्षेत्र के किसान अड़ गए है। लगातार प्रशासनिक लापरवाही के चलते सीमेंट प्लांट का विरोध अब पूरे जिले मे तूल पकड़ चुका है। प्लांट का पिछले साल भर से विरोध जारी है। इस बीच प्रशासन के अधिकारियो ने ने किसी विरोध पर गिले शिकवे दूर करने की कोशिश की और न ही क्षेत्र के किसानो को इस स्थिति को साफ करने मे रूचि दिखाई। विरोध के बाद भी सीमेंट प्लांट की प्रशासनिक कार्यवाही दस्तावेजी रूप से लगातार जारी रही और आनन फानन मे जनसुनवाई की तारीख तय करने के बाद इलाके मे जनआक्रोश भडक़ उठा। 6 दिसंबर को छुईखदान मे एसडीएम कार्यालय घेराव के बाद भडक़े किसानो के चक्काजाम के दौरान पुलिस और किसानों के बीच हूई लाठीचार्ज और उपद्रव ने मामले को और पेचीदा बना दिया है। पूरे मामले मे स्थानीय प्रशासन भी पेशोपेश मे है। चक्काजाम के दौरान हूए उपद्रव मे शामिल लोगो के खिलाफ कार्यवाही को लेकर प्रशासनिक अमला उलझा हूआ है। तो दूसरी ओर 11 दिसंबर की जनसुनवाई किसी भी कीमत मे टालने क्षेत्र के किसान भी अड़े है। ऐसे मे प्रशासन फ्लिहाल कार्यवाही करने से पीछे हट रहा है इसके बाद भी जनसुनवाई को टालने किसी प्रकार की कार्यवाही अब तक शुरू नही हो पाई है। प्रशासन विरोध को रोकने और समझाने की बजाय प्रशासनिक बैठको मे इसका समाधान खोज रहा है। बताया गया कि रविवार को देरशाम तक जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारी जिला कार्यालय मे बैठक कर इसका समाधान खोजने का प्रयास करते रहे। इधर जनसुनवाई नही टलने पर किसान सहित इलाके के ग्रामीण भी नई तैयारी मे जूट गए है। इलाके के किसानो ने प्रशासन पर घर घर जाकर दबाव बनाने, नजरबंद करने का आरोप भी लगाया है। ऐसे मे जनसुनवाई पर संशय की स्थिति अब तक साफ नही हो पाई है।

ग्रीष्म ऋतु से पहले कलेक्टर की अपील जल संरक्षण को दें प्राथमिकता

इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान नही, कलेक्टर ने सुझाई कम जल वाली फसलें

❖ कलेक्टर उइके ने नागरिकों से की जिम्मेदारी निभाने की अपील

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी नागरिकों एवं कृषक भाइयों-बहनों से पेयजल संरक्षण तथा जल के समुचित उपयोग के लिए अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में भू-जल स्तर स्वाभाविक रूप से नीचे चला जाता है, जिसके कारण पेयजल उपलब्धता पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल का समुचित उपयोग करें और अनावश्यक जल की बर्बादी से बचे। कलेक्टर श्री उइके ने कृषकों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि जिले में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए जलाशयों से सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। इसलिए किसान अत्यधिक जल उपयोग वाली धान की फसल लेने से परहेज़ करें। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अत्यधिक मात्रा में पानी लगता है, जिसके कारण गर्मी के समय जलसंकट और अधिक गंभीर रूप से बढ़ सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि इस वर्ष धान की जगह कम जल उपयोग वाली फसलें जैसे तिल, मूंग, उड़द, मसूर, अरहर, कोदो-कुटकी, मक्का आदि वैकल्पिक फसलें अपनाएँ। ये फसलें न केवल जल संरक्षण में सहायक होंगी बल्कि किसानों को बेहतर नगदी आय का अवसर भी प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा नगदी, दलहनी एवं तिलहनी फसलों के प्रचार-प्रसार, गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

किसान इन वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ते हैं, तो न केवल जल व्यय कम होगा, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी संरक्षित रहेगी और किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक प्रयास तभी सफल होंगे जब नागरिक स्वयं जल संरक्षण की आदत को अपनाएँ। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि जलस्रोतों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करें, नलों और पाइपों से पानी की रिसाव रोकें, घरों में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित करें, और समुदाय के स्तर पर जल संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

कलेक्टर उइके का धान खरीदी केंद्र परसुली का औचक निरीक्षण किया

गरियाबंद/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए शासन के निर्देश पर 15 नवम्बर से जिले में धान खरीदी प्रारंभ है। कलेक्टर श्री बीएस उइके जिले में चल रहे धान उपार्जन केंद्रों का लगातार आकस्मिक निरीक्षण कर रहे है। कलेक्टर श्री उइके ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित परसुली के धान उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कुछ धान भरे बारदानों में 36.00 किलोग्राम वजन एवं अधिक सूखे हुए धान खरीदने की अनियमितता पाया गया।

उन्होंने कहा कि जल बचाना सिर्फएक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का संकल्प है। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, किसान भाइयों तथा जिलेवासियों से पूर्ण सहयोग करने की अपील की।

यह मेला महोत्सव हम सबके आस्था का महोत्सव है: सम्पत अग्रवाल

पिथौरा/नवप्रदेश। ब्लाक के अर्जुनी गांव में करिया धुरवा मेला महोत्सव संपन्न तीन दिनों तक चलने वाले इस मेला महोत्सव में क्षेत्र भर से हजारों श्रद्धालु हुवे शामिल।मेला महोत्सव के अंतिम दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम किरण शर्मा नाइट का शुभारंभ बसना विधायक डा सम्पत अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जनपद अध्यक्ष उषा पुर्षोत्तम घृतलहरे के विशेष अतिथि मेला समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी जनपद सदस्य पुर्षोत्तम घृतलहरे सरपंच सुमित्रा मुकेश पटेल युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र पांडे ने भगवान करिया धुरवा व माता करिया धुरवाईन की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मेला महोत्सव को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि के आसंदी से बसना विधायक डा संपत अग्रवाल ने कहा कि यह मेला महोत्सव हम सबके आस्था का महोत्सव है जनपद अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे ने कहा कि यह मेला पारंपरिक संस्कृति और स्थानीय पहचान का प्रतीक माना जाता है जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि कोई भी मेला हम सब में आपसी भाईचारा का मजबूत स्तंभ होता है भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि इस मेले में हजारों श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने आते है और भगवान करिया धुरवा उनकी मन्नतों को पूरा करते है इसी वजह से जिले ही नहीं वरन् पूरे प्रदेश से श्रद्धालु यहाँ आते है।कार्यक्रम का स्वागत भाषण मेला समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल ने दिया एवं मंच संचालन सादराम पटेल ने किया।

अग्निवीर किशोर यादव का श्रीफल से किया सम्मान

छुरा/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जरगांव के आश्रित ग्राम रवेली में रविवार को आनंद और गर्व का माहौल रहा,जब गांव के होनहार अग्निवीर किशोर यादव 7 महीने की कठिन प्रशिक्षण अवधि पूरा कर घर लौटे।उनके सम्मान में ग्रामवासियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, ठकेश्वर चन्द्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे।और उन्होंने किशोर यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका हौसला अफ्जाई की।किशोर यादव की 7 महीने की ट्रेनिंग बैंगलोर में संपन्न हुई है।प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें मथुरा पोस्टिंग मिली है। वे आगामी 20 दिनों बाद अपनी ड्यूटी ज्वाइन करेंगे।किशोर यादव ने अपनी मेहनत,लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर न केवल अपने गांव रवेली बल्कि पूरे यादव समाज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है इस अवसर पर उनके पिता निर्मल यादव, माता नंदनी यादव, दादा पंचराम यादव, दादी पार्वती यादव,सरपंच रूपउराम ध्रुव, आनंद यादव,लक्ष्मी यादव,नरेश यादव, डेश्वरी यादव,टीकम यादव,डीगेश्वरी यादव, हेमंत यादव, तेजेश्वरी यादव,रामेश्वर ध्रुव, माखन लाल,कुलेश्वर निर्मलकर,खिलेश्वर ध्रुव,शिवम राजपूत, मिथलेश यादव,चुम्मन पटेल,लीलांबर कश्यप,दुलेश टंडन, भुनेश्वर यादव,हरिराम ठाकुर,भारत लाल, लक्ष्मीनारायण पटेल, येमन ध्रुव,मुरली साहू, तिलक यादव,खेमन यादव,सुब्रत यादव, सोनू,गौकरण पटेल, नीलकमल,छातेश्वर, फगेश्वर,भोजराज, योगेंद्र एवम बड़ी संख्या में गांव के लोग भारी जनसंख्या में उपस्थित थे।

देवभोग में भाजपा मंडलों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के देवभोग में भारतीय जनता पार्टी के चार मंडलों देवभोगए झाखरपाराए गोहरापदर एवं कांदाडोंगर। की संयुक्त बैठक आज उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधानसभा प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष माननीय श्री नेहरू निषाद के प्रथम आगमन पर देवभोग में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और गर्मजोशी भरे अभिनंदन के साथ उनका स्वागत कर पूरे आयोजन में उत्साह का संचार किया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री नेहरू निषाद ने कहा कि आने वाले समय में बिंद्रानवागढ़ में भाजपा विधायक निर्माण का लक्ष्य सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और मेहनत से ही संभव होगा। उन्होंने संगठनात्मक मजबूतीए बूथ सक्रियता और निरंतर जनसंपर्क पर विशेष बल दिया।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार द्वारा महतारी वंदन जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सम्मानए सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

भाजपा जिला अध्यक्ष माननीय श्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ हर कार्यकर्ता का सम्मान है और उसकी पूछ.परख होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और सरकार की उपलब्धियों के दम पर आगामी विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराएगा।

बैठक में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संगठन मजबूती और जनता से जुड़ाव को भाजपा की आगामी सफलता की निर्णायक शक्ति बताया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री आशीष शर्मा भागीरथी मांझी कुंजबिहारी बेहरा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी पदुलोचन जगत जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मनीष सिन्हा, नूरमती मांझी श्रुती ध्रुवा, पंडरा माली समाज अध्यक्ष नीलकंठ बीसी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, जनपद अध्यक्ष पदमलया निधि मंडल अध्यक्ष जगमोहन पटेल भगवानों बेहरा भोजराम सिन्हा नवीन मांझी धनराज विश्वकर्मा हलमन ध्रुव, योगिराज माखन कश्यप, शोभाचंद्र पात्र नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील यादव, अजा मोर्चा जिला महामंत्री चैनसिंह कश्यप, तानसिंह मांझी, प्रकाश कश्यप, बेनुराम नागेश, यशवंत ध्रुवा, सोभित ध्रुवा, दुष्यंत पात्र, दीपक सागर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन बिंद्रानवागढ़ विधानसभा बीएलए 1 चंद्रशेखर सोनवानी द्वारा किया गया।

राजेश्री महंत रामसुंदर दास और विधायक रोहित साहू की उपस्थिति में हुआ भव्य समारोह

51 कुण्डीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ के लिए अस्थायी यज्ञशाला का भूमिपूजन और ध्वजारोहण

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। धर्म और अध्यात्म के प्रमुख केंद्र चतुर्भुज आश्रम सिरकट्टी कुटेना में आगामी 06 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ के लिए अस्थायी यज्ञशाला के निर्माण हेतु रविवार को शुभ मुहूर्त में भूमिपूजन और ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुधाधारी मठ के महंत राजेश्री डॉ रामसुंदर दास, राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू, संत गोवर्धन शरण महाराज, महंत निर्मल दास, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, नंदनी ओंकार साहू, इंद्रजीत महाड़ीक, जनपद अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू, जनपद सदस्य छुरा युवराज साहू, टीकम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष फिंगेश्वर हरीश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष छुरा पन्नालाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति में यह अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य में पूज्य राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके कर-कमलों द्वारा ही विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन और ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी की गई। राजेश्री महंत ने इस अवसर पर अपने आशीर्वचनों में कहा कि श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का आयोजन लोक-कल्याण और धर्म की स्थापना के लिए किया जा रहा है। यह यज्ञ न केवल वातावरण को शुद्ध करेगा बल्कि जन-जन के हृदय में रामचरित मानस के आदर्शों को भी स्थापित करेगा। उन्होंने सभी भक्तों से यज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार मंत्रों की गूंज के बीच भूमिपूजन संपन्न किया गया तथा धार्मिक परंपरा के अनुसार, यज्ञ की सफलता और निर्विघ्न समाप्ति की कामना के साथ धर्म ध्वजा फहराई गई।

विधायक रोहित साहू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज में सद्भावना और एकता का संदेश भी प्रसारित करेगा।

जिला पं. उपाध्यक्ष ने भवननिर्माण के लिए दिए 5 लाख

खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्राम भुरसाटोला में दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह, युवकयुवती परिचय सम्मेलन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य और केंद्रीय दुबेलिया तेली साहू समाज के अध्यक्ष शिवकुमार साहू की उपस्थिति मे हूआ। ने की। विशिष्ट अतिथि खम्हन ताम्रकार जनपद सदस्य हेमकल्यानी तोड़े रहीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्रछात्राओं को प्रमाणपत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। खम्हन ताम्रकार ने समाज की एकता और नियमित रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि दुबेलिया साहू समाज शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में अपनी विशेष पहचान रखता है। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने छुईखदान ब्लॉक के ग्राम श्यामपुर में विक्रांत सिंह के सहयोग से बोर खनन कार्य, सांसद संतोष पांडे द्वारा समाज भवन के लिए 4 लाख रुपये की स्वीकृति पर समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि दुबेलिया साहू समाज शिक्षा, रक्तदान तथा सामाजिक आयोजनों में पूरे प्रदेश में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। समाज को एकजुट रूप से आगे ले जाना बड़ी जिम्मेदारी है, जिसके लिए सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। भुरसाटोला की लम्बे समय से लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ग्राम भुरसाटोला में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

ख्वाहिशें : म्यूजिकल वेब सीरिज में अजय सिंह भदोरिया का गीत

भोपाल/नवप्रदेश। "ख्वाहिशें" का नया गीत "मीठी सी धुन" जल्द आपके दिलों को छूने आ रहा है! सुगम सरगम प्रोडक्शन के ऑफ़िशियल YouTube चैनल पर जल्द ही रिलीज़ होने वाला रोमांटिक गीत "मीठी सी धुन" अब चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है। यह गीत सुपरहिट म्यूज़िकल वेब सीरीज़ "ख्वाहिशें" का अहम हिस्सा है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

शानदार आवाज़ की जादूगरी: चारों गानों को अपनी मखमली, मधुर और दिल छू लेने वाली आवाज़ से सजाया है मशहूर गायक सुगम सरगम जी ने, जिन्होंने अपनी सुरीली गायकी से इस वेब सीरीज़ को एक नई ऊँचाई दी है।

अजय कुमार सिंह भदौरिया
कवि एवं गीतकार जिला भिंड मध्य प्रदेश

इस वेब सीरीज़ में कुल चार खूबसूरत अध्याय शामिल हैं

1 फूल राहों में
2 कुछ कदम
3 तेरे मेरे सपने
4 मीठी सी धुन

इन चारों अध्यायों को मिलाकर बनाई गई है यह मनमोहक फ़िजिकल म्यूज़िकल वेब सीरीज़, जिसका हर गीत, हर दृश्य और हर प्रेम प्यार, मोहब्बत और सपनों की नई कहानी कहता है।

गीतकारों की कलम से निकले अनमोल बोल

इस सीरीज़ के गीतों को शब्दों का रूप दिया है–

श्री कृष्णा शर्मा, सनी जी, हीरा शर्मा, और अजय सिंह भदौरिया ने। इनकी लेखनी ने हर गीत को भावनाओं से भर दिया है।

संगीत का जादू नवीन शर्मा भारतीय संगीत जगत के मशहूर और प्रशंसित म्यूज़िक डायरेक्टर नवीन शर्मा जी ने अपने उम्दा संगीत से हर गीत को यादगार बना दिया है। उनका संगीत वेब सीरीज़ का सबसे बड़ा आकर्षण बनने जा रहा है।

कहानी और निर्देशन - राज शर्मा

इस अद्भुत म्यूज़िकल सीरीज़ की कहानी और निर्देशन की कमान संभाली है। राज शर्मा ने, जिन्होंने अपनी बेहतरीन स्टोरीटेलिंग से "ख्वाहिशें" को एक जीवंत अनुभव बना दिया है।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती भोज बाई पति ओमप्रकाश, उम्र 46 वर्ष, जाति सोनकर, निवासी 18, शांति नगर, भगत सिंह वार्ड, गुण्डरदेही, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक करती हूँ:- यह कि, मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं। यह कि मेरा वास्तविक नाम भोज बाई पति ओमप्रकाश है. जिसे छ.ग.राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहती हूं। यह कि, मेरे व मेरे पति के संयुक्त नाम पर ग्राम रेहची, प.ह.नं. 22, तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद के में ख.नं. 580, 575/2, 622, 623/2 रकबा क्रमश: 0.70, 0.17, 0.050, 0.150 हे. दर्ज है जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम ओमलता पति ओमप्रकाश दर्ज हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड एवं बैंक पासबुक में वास्तविक नाम भोज बाई पति ओमप्रकाश दर्ज है, जिस अनुसार ऋण पुस्तिका में मेरा नाम परिवर्तित कर वास्तविक नाम भोज बाई पति ओमप्रकाश दर्ज कराने बाबत् यह शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है। यह कि, अब से मुझे भोज बाई पति ओमप्रकाश के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व प्रदान किया जाये जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान् सक्षम प्राधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
भोज बाई पति ओमप्रकाश
निवासी 18, शांति नगर, भगत सिंह वार्ड, गुण्डरदेही, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

चीन ने जापानी विमान के रडार लॉक के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली। जापान और चीन के बीच हालात तनावपूर्ण होते हुए नजर आ रहे हैं। बीते दिन जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने चीन पर फायर रडार लॉक करने का आरोप लगाया था। हालांकि, चीन ने इन आरोपों से इनकार कर दिया। इसके ठीक एक दिन बाद टोक्यो ने चीन के राजदूत को तलब किया है। उपविदेश मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी ने रविवार को चीनी राजदूत वू जियांगहाओ को बुलाया और इस बात पर कड़ा एतराज जताया कि ऐसे खतरनाक काम बहुत अफसोसजनक हैं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती इंदु मिश्र ध. प. मनोज कुमार मिश्रा निवासी एम.ए. 27, गीतायन वार्ड नं. 21. सड़क नं. 10/ए. तितुरडीह मुकुट नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोड़, प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 47/8 रकबा 1500 वर्गफीट, प्लाट नं.-57 भूमि राजकीय सहकारी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. दुर्ग अध्यक्ष शत्रुहन सिंह पिता द्वारिका सिंह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को दिनांक 24/09/2021 को नारायण स्वामी मिश्र पिता स्व. चन्द्रशेखर प्रसाद मिश्रा के नाम पर सुधार कर दर्ज किया गया था। वर्तमान में नारायण स्वामी मिश्रा आ. स्व. चंद्रशेखर प्रसाद मिश्रा के द्वारा सुधार पत्र के माध्यम से श्रीमती इंदु मिश्र ध.प. मनोज कुमार मिश्रा के नाम पर दिनांक 28/03/2024 को कर दिया गया है। किन्तु वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में राजकीय सहकारी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. दुर्ग अध्यक्ष शत्रुहन सिंह पिता द्वारिका सिंह के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत सुधार पत्रक एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज ÷राजकीय सहकारी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. दुर्ग अध्यक्ष शत्रुहन सिंह पिता द्वारिका सिंह÷ को सुधार कर ÷श्रीमती इंदु मिश्रा ध.प. मनोज कुमार मिश्रा दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक कुमारी बाई चंद्रवंशी ध.प. स्व. श्याम सुन्दर चन्द्रवंशी निवासी गंजपारा दुर्ग एवं अन्य 03 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क. 31 ए भूखण्ड क0 54/1 रकबा 70.179 वर्गमीटर भूमि धारक श्याम सुन्दर चन्द्रवंशी आ.स्व.सरयू प्रसाद चन्द्रवंशी निवासी गंजपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक श्याम सुन्दर चन्द्रवंशी आ.स्व. सरयू प्रसाद चन्द्रवंशी की मृत्यु दिनांक 26.03.2020 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नी कुमारी बाई चंद्रवंशी ध.प. स्व.श्याम सुन्दर चंद्रवंशी पुत्र-पुत्री नीतू चंद्राकर, देवेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी आ. श्याम सुन्दर चन्द्रवंशी है। आवेदक द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर वारिसानो का नाम पर फौती नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.12.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

आम-सूचना
नाम परिवर्तन होने संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद मुकीत खान (MOHAMMAD MUQEET KHAN) पिता एम आई खान (MI KHAN) उम्र 50 वर्ष, निवासी शॉप नं.-34, सी-मार्केट, सेक्टर-1, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का है, मेरा पक्षकार भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई में विभाग-एच.एम.ई. में पद-जे.ई.ए. में पदस्थ है, मेरे पक्षकार शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, सर्विस रिकार्ड, आधार कार्ड, में नाम एम मुकीत खान (M MUQEET KHAN) दर्ज है, जो कि मेरे पक्षकार का लघु नाम है, जबकि मेरे पक्षकार का सही एवं वास्तविक नाम मोहम्मद मुकीत खान है। कि मोहम्मद मुकीत खान एवं एम मुकीत खान दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का नाम है।

भविष्य में मेरे पक्षकार को मोहम्मद मुकीत खान (MOHAMMAD MUQEET KHAN) पिता एम आई खान (MI KHAN) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावेगा। अत: सो सूचना जानें।

निखिल महलवार
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)
मो. 98279-30577

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम जीवराखन साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202511100400428/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका जीवराखन साहू आ./पति पंजूराम साहू निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	59/13	0.020 हें वर्गफीट 2204	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने नवंबर 2025 में रिकॉर्ड तोड़ परिचालन का किया प्रदर्शन

नगरनार/नवप्रदेश। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल), भारत के सबसे युवा एकीकृत इस्पात संयंत्र ने अपनी मूल्य-श्रृंखला में परिचालन माइलस्टोन के एक असाधारण सेट के साथ नवंबर 2025 का समापन किया । प्रक्रिया-स्थिरता में मजबूती, परिचालन उत्कृष्टता और बढ़ती क्षमता उपयोग का प्रदर्शन करते हुए एनएसएल ने कई प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन किया है ।

नवंबर माह में कच्चे माल की हैंडलिंग प्रणाली (आरएमएचएस) ने 21 नवंबर, 2025 को दिन में सबसे अधिक यानी 616 वैगन की टिपलिंग के साथ रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल कीं । संयंत्र ने 5,18,886 टन का अब तक का सबसे अधिक मासिक बेस मिक्स उत्पादन भी हासिल किया ।

सिंटर संयंत्र में एनएसएल ने दिन और मासिक सिंटर उत्पादन रिकॉर्ड के साथ अपनी विकास यात्रा जारी रखी, जो रेटेड क्षमता उपयोग के 105 प्रतिशत से अधिक पर परिचालन करते हुए 30 नवंबर, 2025 को एक दिन में 15,590 टन और माह में 4,14,271 टन तक पहुंच गया । ब्लास्ट फर्नेस ने 28 नवंबर, 2025 को 11,315 टन के रिकॉर्ड हॉट मेटल उत्पादन के साथ उल्लेखनीय दक्षता दर्ज की, जो रेटेड क्षमता उपयोग का 119 प्रतिशत है, और क्षमता उपयोग के 101 प्रतिशत को पार करते हुए 2,80,049 टन का मासिक उत्पादन किया । विशेष रूप से एनएसएल ने बर्डन में केवल सिंटर और अयस्क का उपयोग करके हॉट मेटल के 519 किलोग्राम प्रति टन की अपनी सबसे कम मासिक औसत ईंधन दर हासिल की।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण/वसीयत आप्तकर्तागण हितेश भाई पटेल, दिलीप पटेल दोनों पिता स्व. गोरधन भाई पटेल, श्रीमती गीता बेन पटले पति हितेश भाई पटेल, श्रीमती योगेश्वरी पटेल पति दिलीप पटेल, निवासी डेजी-217. ब्लाक-बी, तालपुरी, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 123/16 रकबा 0.0490 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ती चम्पाबेन पटेल पति स्व. गोरधन भाई पटेल निवासी भिलाई नगर के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता चम्पाबेन पटेल पति स्व. गोरधन भाई पटेल के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 04.12.2015 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु दिनांक 28.04.2025 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन/आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तुमसिंग साहू उम्र 37 वर्ष पिता चैतराम साहू, निवासी- 233, वार्ड नं.-43, पोस्ट-सुरडुंग, जरवाय, भिलाई चरोदा, बी.एम.वाय. दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ:- यह कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजो में उसका नाम डुर्विकल साहू पिता तुमसिंग साहू, (DUWINKAL SAHU S/O TUM SINGH SAHU) माता का नाम सीता साहू (SITA SAHU) दर्ज है जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम डुर्विकल साहू पिता तुमसिंग साहू, (DUWINKAL SAHU S/O TUMSING SAHU) माता का नाम सीता (SEETA) दर्ज है एवं उसके आधार कार्ड में उसका नाम डुईकल साहू पिता तुमसिंग साहू (DUIKAL SAHU S/O TUMSING SAHU) दर्ज है जिसे परिवर्तित कर नया नाम डुर्विकल साहू पिता तुमसिंग साहू, (DUWINKAL SAHU S/O TUMSING SAHU) माता का नाम सीता (SEETA) कर लिया है। कि भविष्य मेरी पुत्री को नये नाम डुर्विकल साहू पिता तुमसिंग साहू, (DUWINKAL SAHU S/O TUMSING SAHU) माता का नाम सीता (SEETA) के नाम से जाना पहचाना, पुकारा, पढ़ा लिखा जावें। यह कि मेरे द्वारा नाम परिवर्तन बाबत् आम सुचना प्रकाशन किया गया है तदानुसार सूचना जाने।

शपथकर्ता
तुमसिंग साहू पिता चैतराम साहू
निवासी- 233, वार्ड नं.-43, पोस्ट-सुरडुंग, जरवाय, भिलाई चरोदा, बी.एम.वाय. दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202512100700036 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कविता नाहर पिता/पति जितेन्द्र कुमार नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 88/331 रकबा 0.300 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता नेमीचंद नाहर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 21.08.2025 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900048

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी रामसिंह पिता/पति सोनू गोंड पता नयापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 682/16(0.0090), 682/17(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ज्योति ठाकुर पिता/पति स्व. रामसिंह गोड पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, विशाल गोड पिता/पति स्व. भागीरथ नेताम पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, भोजराज नेताम पिता/पति स्व. रामसिंह गोड पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, मयंक ठाकुर पिता/पति स्व. भागीरथी गोड पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, उमा ध्रुव पिता/पति स्व. रामसिंह गोड पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, चिंताराम गोड पिता/पति स्व. भागीरथी गोड पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, रानी ठाकुर पिता/पति स्व. रामसिंह गोड पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, सुमन गोड पिता/पति स्व. भागीरथी गोड पता 489 सरस्वती नगर वार्ड 34 दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक जितेन्द्र नाहर आ. स्व. नेमीचंद नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 74 प्लाट क्रमांक 1/2 क्षेत्रफल 2848.52 वर्गमीटर आवासीय एवं 615.30 वर्गमीटर व्यवसायिक एवं शीट क्रमांक 7 प्लाट क्रमांक 14/3 क्षेत्रफल 2346 वर्गफीट व्यवसायिक भूमि धारक नेमीचंद नाहर आ. चुन्नीलाल निवासी मालवीय नगर दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक नेमीचंद नाहर आ. चुन्नीलाल की मृत्यु दिनांक 21.08.2025 को हो चुकी है। मृतक धारक नेमीचंद नाहर आ. चुन्नीलाल द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्ड का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 08.11.2024 को अपने पुत्र जितेन्द्र कुमार नाहर के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.12.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202510104100010 /अ-27/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुरेखा देवी स्वर्णकार पिता/पति स्व. ओमप्रकाश निवासी कृषि उपज मंडी के पास बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 16 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 767 रकबा 0.8860 हे. भूमि का खाता विभाजन किए जाने प्रकरण इस न्यायलय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 26.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं । बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद्र मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)

- ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **26448** दिनांक 08-12-2025
वार्ड का नाम- **41 पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR565F00161 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती YOGESH DEWANGAN, KHEMRAJ DEWANGAN पिता / पति श्री/श्रीमती LAXMI NARAYAN DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती ROHAN AGRAWAL पिता / पति श्री/श्रीमती SAJAN AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी 7 जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ़)

रा.प्र.क. ....ब/ 121 वर्ष 2025-26
ग्राम धुर्राबांधा तह. भाटापारा

।। ईश्तहार।।

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदक रामू ध्रुव पिता भवन ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम धुर्राबांधा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार - भाटापारा के द्वारा अपने माता बिरम बाई पति भवन ध्रुव (माता कचरा बाई पिता ललेल) की मृत्यु दिनांक 09/02/2010 को (स्थान) ग्राम धुर्राबांधा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में हुआ है, जिसके पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 15/12/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/12/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/12/25 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)

- ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26474 दिनांक 08-12-2025
वार्ड का नाम-**42 महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR662K00160 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती NITESH KUMAR SHUKLA पिता / पति श्री/श्रीमती LATE PANNA LAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती SHARDDHA SHUKLA पिता / पति श्री/श्रीमती LT. NITESH SHUKLA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SAHMATI PATRA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी 7 जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -01

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर(छ.ग.)
ई-मेल-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी. - 34/402** प्रथमतल में **श्री राम प्रताप पिता स्व. श्री यदु नन्दन चौधरी** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 26.09.2006 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 07.10.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्री नक्षत्र सिंह संधू पिता श्री गुरबचन सिंह के नाम से निष्पादित कर विक्रय करने के लिए अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - 01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202511002700023 /ब-121/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गणेश प्रसाद आत्मज स्व. शंकर लाल सोनी, निवासी ग्राम लिटिया, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपनी पुत्री संगीता का जन्म दिनांक 11.05.1981 को स्थान ग्राम लिटिया, तहसील बोरी में जन्म हुआ है। जन्म का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः संबंधित विभाग में जन्म / मृत्यु का पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) सहपठित छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) के अंतर्गत आदेश देने हेतु आवेदन पत्र मय शपथपत्र, जिला योजना एवं सांख्यिकीय कार्यालय से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज सहित संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष निवेदन किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक गणेश प्रसाद के पुत्री संगीता का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 12.12.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता मोहन दास सोनबेर (MOHAN DAS SONBER) पिता टीकम सिला मीर 43 वर्ष, निवासी- मुर्रा भट्ठा रोड, वार्ड नं. 9. आर्य नगर कोहका, सुपेला भिलाई, तह. भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं। यह कि, मेरा नाम मोहन दास सोनबेर (MOHAN DAS SONBER) मेरे आधार कार्ड कमांक-6580 4014 3828 से अभिप्रमाणित है। इसी प्रकार मेरे पुत्र के आधार कार्ड कमांक-3426 2921 7602 में उसका नाम लक्ष्य मोहन दास सोनबेर (LAKSHYA MOHAN DAS SONBER) अंकित है। यह कि मेरा पुत्र लक्ष्य सोनबेर (LAKSHYA SONBER) जिसकी जन्मतिथि 27/02/2012 है जो कि कक्षा आठवीं में (MAR BASELIOS VIDHYA BHAWAN, Kailash Nagar, Bhilai) में अध्ययनरत है, जिसके दाखिल पंजी एव शैक्षणिक अंकसूची में उसका नाम (LAKSHYA SONBER) पिता (MOHAN DAS SONBER) अंकित है। यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम लक्ष्य कुमार (LAKSHYA KUMAR) पिता मोहन दास सोनबेर (MOHAN DAS SONBER) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम लक्ष्य सोनबेर (LAKSHYA SONBER) पिता मोहन दास सोनबेर (MOHAN DAS SONBER) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्र के आधार कार्ड, शालेय रिकार्ड, अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाधित् आवश्यक दस्तावेजो के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मोहन दास सोनबेर
पिता टीकम दास सोनबेर,
निवासी- मुर्रा भट्ठा रोड, वार्ड नं. 9. आर्य नगर कोहका, सुपेला भिलाई, तह. भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शाहीन खान सूरी पति मोहम्मद शारीक खॉन सूरी, आयु 55 वर्ष, निवासी उतई नाका जेल चौक, पद्मनाभपुर वार्ड नं.-46, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा विवाह दिनांक 26/10/1989 मोहम्मद शारीक खॉन सूरी आ. अब्दुल वाहीद खॉन के साथ संपन्न हुआ है। तब से मैं अपने पति के साथ निवासरत् हैं। यह कि मेरे विवाह के दस्तावेजे में मेरा नाम शाहीन खान सूरी दर्ज है एवं मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम शाहीन खान दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश शशी खान दर्ज है। यह कि शशी खान, शाहीन खान एवं शाहीन खान सूरी तीनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरे स्वयं का नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में अपना सही नाम शाहीन खान सूरी दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु शासकीय मुद्रणालय के सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है ।

शपथकर्ती
शाहीन खान सूरी
पति मोहम्मद शारीक खॉन सूरी,
निवासी उतई नाका जेल चौक, पद्मनाभपुर वार्ड नं.-46, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.
- ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना -

ए ऑनलाईन निविदाएं **" प्रपत्र-ए "** में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी " द " एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण हेतु प्रचलित दर जो दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील है निविदा आमंत्रण सूचना के जारी होने के दिनांक तक समस्त अघतन संशोधनों सहित लागू होगी।

कार्य का नाम - **कांकेर जिले के निम्नांकित**

क्र.	निविदा क्रमांक / सिस्टम टेण्डर क्रमांक	योजना का नाम	विकासखण्ड	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
1	**932/181165**	लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (यांत्रिक) उप-संभाग कांकेर के लिए नवीन कार्यालय भवन का निर्माण जिला कांकेर (छ.ग.)	कांकेर	**23.87**

निविदा की समान्य शर्ते एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** परदर्शित है। उपरोक्त सम्पूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 04.12.2025 है तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 05.12.2025 से 05.01.2026 तक भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर, (छ.ग.)

जी-252605293/3

ग्रैप नीति की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। देशभर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) की तर्ज पर नीति बनाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने साफकहा कि यह मामला सीधे सुप्रीम कोर्ट के पास आने योग्य नहीं है, इसलिए याचिकाकर्ता अपनी मांग हाईकोर्ट या नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) के सामने रखें। याचिका में कहा गया था कि जब भी किसी शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 या उससे ज्यादा हो, तो ग्रैप की तरह तुरंत लागू होने वाली एक ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. **181145**/निविदा सूचना क्र. 08/वलेलि/2025-26,
दुर्ग, दिनांक 04.12.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **26.12.2025 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम - राजनांदगांव (दुर्ग) जिले के विकासखण्ड राजनांदगांव की खरखरा व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार साथ ही 01 नग हेड स्लूस, 01 नग एक्वाडक्ट, 04 नग सुपर पैसेज, 03 नग व्ही.आर.बी., 02 नग माईनर हेड निर्माण कार्य, आर डी 0 मी. से 4380 मी. तक मिट्टी कार्य बांयी तट नहर पर एवं 01 नग हेड स्लूस, 02 नग सुपर पैसेज, 03 नग व्ही.आर.बी. निर्माण कार्य, एवं आर डी 0 मी. से 19000 मी. तक मिटटी कार्य दांयी तट नहर पर।

अनुमानित लागत - **रू. 1595.48 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **11.12.2025** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-252605286/6

कार्यालय कलेक्टर, रायपुर (छ.ग.)
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
- अधिसूचना -
धारा-04, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013

क्र./1944/भू-अर्जन/2025 रायपुर, दिनांक 24/11/2025

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2023 की धारा 04 में सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आशयित है, अर्थात् :-

भूमि का विवरण					लोक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टे.में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायपुर	खरोरा	मोहरेंगा, प.ह.नं. 33	कुल खसरा 04	कुल रकबा 0.2194 हेक्टेयर	मोहरेंगा से कठिया (गोढ़ा) मार्ग लंबाई 12.50 कि.मी. मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य हेतु
योग				0.2194 हेक्टे.	

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु समाजिक सामाधात निर्धारण सहमति तथा जन सुनवाई दिनांक 26/12/25 को समय 11:30 बजे स्थान पंचायत भवन में नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है -

01. लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण - सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण
02. प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या - 04
03. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या - निरंक
04. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या- निरंक
05. प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या - निरंक
06. क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है - हॉ
07. क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है- हॉ
08. परियोजना की कुल लागत - निरंक
09. परियोजना से होने वाला लाभ - सुगम यातायात
10. प्रस्तावित सामाजिक सामाधात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय - 5.00 लाख
11. परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक - निरंक

उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी सुझाव देना हो तो विहित तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

(डॉ. गौरव कुमार सिंह)
कलेक्टर, रायपुर एवं पदेन उप सचिव,
छ. ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-252605299/2

यूनियन बैंक / Union Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित धारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है।

अ. उधारकर्ता का नाम ब. शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	1. मांग सूचना की तिथि 2. मांग सूचना राशि रु 3. कब्जे की तिथि
1. श्रीमती सुनीता पैकरा 2. श्री ब्रज भूषण पैकरा दोनों का पता- बी-15, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, न्यू सेल टेक्स कालोनी, शंकर नगर, रायपुर-492007 शाखा: प्रियदर्शिनी नगर (छ.ग.)	मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 9/8 का ईडब्ल्यूएस।	06/10/2025 ₹ 4,51,556.82 + ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 05/12/2025
1. श्रीमती सुनीता पैकरा 2. श्री ब्रज भूषण पैकरा दोनों का पता- बी-15, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, न्यू सेल टेक्स कालोनी, शंकर नगर, रायपुर-492007 शाखा: प्रियदर्शिनी नगर (छ.ग.)	मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 10/6 का ईडब्ल्यूएस।	06/10/2025 ₹ 4,52,139.09 + ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 05/12/2025
श्री नितिन कुमार सोनी हर्षित विहार कालोनी, उरकुरा, रायपुर (छ.ग.) 493221 शाखा: रायपुर पंडरी	स्वामित्व- सरस्वती चंद्रवंशी, दूसरी मंजिल, ब्लॉक बी-3, डीएम टावर, रावाभाटा, क्षेत्रफल- 625 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. बी-3 206.	02/09/2025 ₹ 11,06,231.00 + ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 02/12/2025

दिनांक: 08.12.2025 — प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

किसान मनबोध सरकार के किसान विरोधी नीति का शिकार: बघेल

कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मेकाहारा जाकर बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा से मिला

रायपुर/नवप्रदेश। बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा के द्वारा गला काट कर आत्महत्या के प्रयास पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा÷ किसान मनबोध सरकार कि किसान विरोधी नीति का शिकार हुये है। पूरे प्रदेश में धान खरीदी अस्त व्यस्त है। किसान बिल्कुल इस व्यवस्था को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। धान खरीदी में बारदाने की कमी है, तोले में गड़बड़ी है, वजन कम आ रहा है, साढ़े 7 तोले के लिए वसूली किए जा रहे हैं। किसानों से सबसे ज्यादा परेशानी अगर किसी चीज से किसानों को है तो वह टोकन का है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में किसान अपना टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। लिमिट भी कम कर दिया गया है, ऐसी स्थिति पूरे प्रदेश भर में है। महासमुंद के बागबाहरा का मनबोध गाड़ा एक एकड़ 40 डिसमिल का किसान है। वह लगातार चॉइस सेंटर टोकन काटने के लिए जा रहा है। ऑफलाइन जा रहा है समिति के चक्कर लगा रहा है। लगातार वह इधर से उधर चक्कर काट रहा है और नहीं कटा तो उन्होंने गला काट लिया जो बेहद पीड़ा दायक है। यह विष्णुदेव साय सरकार के गाल में करार तमाचा है की पहली बार ऐसा हुआ है कि किसान अपना गला रेत लिया है।

कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के मेकाहारा अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने महासमुंद बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा के परिवार से मुलाकात की धान खरीदी के समय टोकन ना काटने से उन्होंने गला रेत लिया है, जिस वजह से वह अस्पताल में एडमिट है। उनका ऑपरेशन चल रहा है, कांग्रेस डेलिगेशन ने उनके परिवार से मुलाकात की और हर संभव मदद की बात कही है।

नेचुरोपैथी भवन निर्माण के लिए दी 2 करोड़ 62 लाख रूपये की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। कई प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, योग केंद्र और वेलनेस हब खुद को नेचुरोपैथी कहते हैं। जो प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान करता है और बापू भवन इसका ऐतिहासिक घर है, जिसे गांधीजी ने अपनाया था। खासकर छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का उद्देश्य प्राकृतिक उपचार, योग, आहार, मिट्टी स्नान और हर्बल दवाओं के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य प्रदान करना है। जशपुर जिले के कुनकुरी नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेचुरोपैथी भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 62 लाख रुपए की मंजूरी प्रदान की है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। भवन तैयार हो जाने के बाद कुनकुरी नगरवासियों को प्राकृतिक चिकित्सा की अत्याधुनिक सुविधा अपने ही नगर में उपलब्ध होगी। यह भवन न सिर्फ लोगों को आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की ओर प्रोत्साहित करेगा, बल्कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को उपचार के लिए बड़ी राहत भी देगा। अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर दराज जाने की आवश्यकता नहीं होगी। नगरवासियों ने इस दूरदर्शी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सुविधा स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई दिशा और नई उम्मीद लेकर आएगी।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाई को छूता जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई सौगातें मिल चुकी है। मेडिकल कॉलेज के लिए बड़ा कदम उठाते हुए वित्त विभाग से 359 करोड़ की सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है । इसी प्रकार 220 बिस्तर अस्पताल के लिए 32 करोड़ की मंजूरी, नर्सिंग महाविद्यालय भवन के 8 करोड़ की मंजूरी, फिजियोथेरेपी महाविद्यालय के 14 करोड़ की मंजूरी, कल्याण आश्रम अत्याधुनिक चिकित्सालय भवन के लिए 35 करोड़ की मंजूरी, गिनाबहर में मातृत्व शिशु चिकित्सालय भवन निर्माण के 8 करोड़ की मंजूरी सहित कई सौगातें दी गई है, जो जिले वासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वरदान साबित होंगी।

राज्य के रियल एस्टेट क्षेत्र को राहत

रायपुर/नवप्रदेश। क्रेडाई छत्तीसगढ़, राज्यभर के रियल एस्टेट डेवलपर्स की शीर्ष संस्था, आज केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन दरों में किए गए आवश्यक एवं सकारात्मक संशोधनों का हार्दिक स्वागत करती है। 19.11.2025 को बोर्ड द्वारा राज्य में लागू गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के संदर्भ में किए गए अध्ययन, प्राप्त सुझावों एवं स्थिति की वास्तविकता को समझते हुए पारित यह निर्णय रियल एस्टेट सेक्टर, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजनाओं, मध्यम एवं आर्थिक वर्ग के घर खरीदने वालों–सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राहत लेकर आया है।क्रेडाई छत्तीसगढ़ विशेष रूप से निम्न महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए सरकार का आभार व्यक्त करती है-

1. **नगरीय सीमा में 1400 वर्ग मीटर तक ईकाई सहित भूमि पर आधारित गणना** – राज्य के शहरों में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की व्यावहारिक लागत को देखते हुए 50त्न तक राहत और नगर पालिकाओं में 37.5त्न तथा नगर पंचायतों में 25त्न तक नए प्रावधान बड़ी राहत है।

स्वस्थ समाज के संकल्प के साथ रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स की 'द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन 2025' में भागीदारी

■ स्वच्छ सांसों और हरियाली से भरी धरती के लिए दौड़

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने 'द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन 2025' के 10वें संस्करण में हेल्थकेयर पार्टनर के रूप में गर्वपूर्ण सहभागिता की। यह कार्यक्रम रायपुर के एकात्म पथ पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. सुशील जैन और डॉ. गिरीश अग्रवाल, वरिष्ठ जनरल एवं लापरोसकॉपिक सर्जन डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर और अनेक डॉक्टरों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और लोगों को फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, फिट जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस रन में क्षेत्रभर से प्रमुख अतिथियों, डॉक्टरों, खेल जगत से जुड़े लोगों, हजारों धावकों, परिवारों और फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वस्थ सांसों और हरित धरती के लिए दौड़ थीम को सशक्त रूप से आगे बढ़ाते हुए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने प्रतिभागियों को लगभग 5,000 पौधे वितरित किए – ताकि हर प्रतिभागी अपने साथ स्वच्छ हवा और स्वस्थ भविष्य की जिम्मेदारी का एक छोटा सा बीज घर ले जा सके।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने कहा, द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन हमारे राज्य की ऊर्जा, एकता और प्रगतिशील सोच का प्रतीक है। इस वर्ष की थीम 'वाइल्ड छत्तीसगढ़ ङ्क रन विथ अ रोअर' ने उस शक्ति, साहस और जोश को खूबसूरती से व्यक्त किया है, जिसके साथ हजारों लोग आज दौड़े। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदायों को मजबूत बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है। फेफड़ों के स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान, निवारक जांचें, हरित पहलें और आज वितरित किए गए 5,000 पौधे – ये सभी हमारे बेहतर समाज निर्माण के प्रयासों का हिस्सा हैं। मैं छत्तीसगढ़ के लोगों से आग्रह करता हूँ कि वे अपने स्वास्थ्य, अपने परिवार और आने वाली पीढ़ियों के स्वच्छ पर्यावरण हेतु निरंतर सक्रिय कदम उठाएँ। मिलकर हम एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य बना सकते हैं।

हेल्थकेयर पार्टनर के रूप में, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने आयोजन स्थल पर पूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान की, जिसमें डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स, आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और एसीएलएस सपोर्ट से लैस मोबाइल एम्बुलेंस शामिल थीं। अस्पताल ने फेफड़ों के स्वास्थ्य, प्रदूषण के प्रभाव और निवारक देखभाल पर जागरूकता गतिविधियाँ भी संचालित कीं। प्रतिभागियों ने अस्पताल की तत्परता और सामुदायिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

अपने #HarSaansMeinCARE अभियान के तहत, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने जनता के लिए 19 नवम्बर 2025 को निःशुल्क पल्मोनरी स्क्रीनिंग पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज में पल्मोनोलॉजिस्ट परामर्श, पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट, 6-मिनट वॉक टेस्ट, छाती का एक्स-रे और फिजियोथेरेपिस्ट परामर्श शामिल है। आवश्यकता पड़ने पर, विशेषज्ञ द्वारा सलाह दिए जाने पर छाती के सीटी स्कैन पर 50त्न की छूट भी उपलब्ध होगी। यह पहल समय पर निदान और निवारक फेफड़ा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह ऑफर 28 फरवरी 2026 तक उपलब्ध रहेगा।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन के सभी धावकों, स्वयंसेवकों और आयोजकों को 10वें संस्करण को सफल, यादगार और प्रभावशाली बनाने के लिए बधाई देता है। अस्पताल आगे भी सामुदायिक स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्यरत रहने के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकतांत्रिक ढांचे में कैग की सर्वोच्च भूमिका : रमेन डेका

■ ऑडिट पखवाड़ा के समापन समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। महालेखाकार कार्यालय के आवासीय परिसर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखा परीक्षा केवल सरकारी व्यय और राजस्व की जांच तक सीमित नहीं है, यह प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, और जनसेवा में उत्तरदायित्व का एक सशक्त माध्यम है। हमारे लोकतांत्रिक ढांचे में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की सर्वोच्च भूमिका है।

लेखा परीक्षा को संवैधानिक प्राधिकरण का दर्जा

राज्यपाल रमेन डेका आज प्रधान महालेखाकार कार्यालय में ऑडिट पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में शामिल हुए। लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर 20 नवम्बर से 8 दिसंबर 2025 तक यह सप्ताह आयोजित किया गया। राज्यपाल डेका ने कहा कि भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग का इतिहास गौरवशाली रहा है। इसकी नीव ब्रिटिश शासन के दौरान 1858 में प्रारंभ हुई लेखा परीक्षा व्यवस्था से जुड़ी हुई है। स्वतंत्रता के बाद हमारे संविधान निर्माताओं ने इस संस्था की महत्ता को समझते हुए इसे संवैधानिक प्राधिकरण का दर्जा प्रदान किया।

डेका ने कहा कि तेजी से बढ़ते डिजिटल प्रशासन के दौर में कैग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। यह संस्था केवल कमियों को उजागर नहीं करती, बल्कि प्रशासनिक सुधार, नवाचार एवं पारदर्शिता को प्रोत्साहित करती है। यह न केवल सरकारी कार्यों में वित्तीय अनुशासन लाने का कार्य करता है, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने का महत्वपूर्ण दायित्व भी निभाता है। इस विभाग के अधिकारियों की निष्पक्षता और कर्मठता ने इसे एक सशक्त संस्थान के रूप में स्थापित किया है।

अधिकारियों की मेहनत और ईमानदारी से जनता का भरोसा मजबूत होगा

राज्यपाल ने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे इस प्रतिष्ठित संस्था की परंपराओं को बनाए रखते हुए निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उनकी मेहनत और ईमानदारी से ही जनता का भरोसा और मजबूत होगा। जीवन में एक कार्य ऐसा करें जिसमें लेने का नहीं बल्कि देने का हो, जिससे हमारा देश 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करेगा।कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रधान महालेखाकार यशवंत कुमार ने दिया।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महालेखाकार (लेखा परीक्षा) मोहम्मद फैजान ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने सामुदायिक भवन परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में महालेखाकार कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

40 गांव के लोगों के विरोध के बावजूद जनसुनवाई दुर्भाग्यजनक

रायपुर/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में सीमेंट लिमिटेड की प्रस्तावित संडी चूना पत्थर खदान परियोजना के खिलाफ 40 गांव के लोगों के विरोध को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल का कहना है कि विगत दिनों मामले में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का घायल होने के बावजूद सरकार द्वारा 11 दिसंबर को जनसुनवाई की अनुमति देना दुर्भाग्यजनक है।

जब प्रभावित गांवों ने पहले ही सामूहिक रूप से परियोजना का विरोध जता दिया है, तो जनसुनवाई कराने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। और जानकारी मिली है कि क्षेत्र में कंपनी के एजेंट गांव वालों से फर्जी तरीके से समर्थन में हस्ताक्षर करवा रहे हैं जिसका लोगों ने विरोध किया है। सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने में लगी है। आम जनता की मांगों को सरकार अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच हेतु आम आदमी पार्टी की ओर से 10 सदस्य जांच समिति समिति गठित की गई है, जो सम्बंधित 40 गांव के लोगों से मिलकर उनकी मांगों और विरोध की धरातल पर जांच करेगी।

आम आदमी पार्टी की ओर से प्रदेश सचिव पवन चंद्रवंशी के नेतृत्व में संजीत विश्वकर्मा, देवेंद्र सिंह भाटिया, भूपेश तिवारी, मनोज गुप्ता, राजेंद्र सोनी चित्रा गुरुदेव, अजय सिंह ठाकुर, श्याम मूर्ति नायडू और कमलेश स्वर्णकार को जांच समिति के सदस्य बनाया गया है।

उत्तम जायसवाल का कहना है कि यह परियोजना जलस्रोतों, बोरवेल रिचार्ज, कृषि उत्पादन और पशुपालन के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगी। साथ ही खेती, पर्यावरण और ग्रामीण आजीविका को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। आम आदमी पार्टी ने इस मामले में चेतावनी दी है कि यदि प्रस्तावित जनसुनवाई को रद्द नहीं किया जाता है तो पार्टी समस्त ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

विजय मिश्रा 'अमित' को सामाजिक समरसता सम्मान

■ समाजहित में आगे आएं गुणीजन – डॉ सुखदेव सरस

रायपुर/नवप्रदेश। बहुप्रतिष्ठित समाज गौरव विकास समिति द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी- कलमकार विजय मिश्रा 'अमित' को 'सामाजिक समरसता सम्मान' से विभूषित किया गया। सिविल लाइन रायपुर स्थित वृंदावन सभागार में आयोजित सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने उन्हें साल श्रीफल, सम्मान पत्र देकर अलंकृत किया। कुलपति चंदेल ने छत्तीसगढ़ की मिट्टी में निहित रीति- रिवाज संस्कार- संस्कृति को बनाए रखने का आव्हान किया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व अपर कलेक्टर नोहर राम साहू, गुरु गोरखनाथ अलंकृत आचार्य पुनाराम साहू राज तथा समारोह के संयोजक डॉक्टर सुखदेव राम साहू 'सरस' ने छत्तीसगढ़ को प्रतिभाओं का गढ़ कहते हुए इसके भविष्य को उज्जवल बताया। कार्यक्रम का संचालन ठेठ छत्तीसगढ़ी में करते हुए ऋतुराज साहू ने विभूषित विजय मिश्रा की कला साहित्य यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया हिंदी लोक- रंगमंचों पर वे पिछले पांच दशक से सतत सक्रिय हैं। हिमाचल प्रदेश की राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच में बलराज साहनी अवार्ड से विजय मिश्रा अलंकृत हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ सुखदेव ने आभार प्रदर्शन किया।

हवाई यात्रा का संकट मोदी सरकार की एकाधिकार वाली नीति का परिणाम

■ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की पत्रकारो से चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि एक कंपनी की हठधर्मिता के कारण आज पूरे देश में जहाजों की उड़ान का संकट पैदा हो गया है। यह मोदी सरकार के एक ही कंपनी को एकाधिकार देने का परिणाम है । मोदी सरकार में सरकारी विमान कंपनी इंडियन एयरलाइंस को बेच दिया आज 97 प्रतिशत भारतीय उड़ानो पर केवल दो कंपनियों का क़ब्ज़ा है उसमे भी लगभग 70 प्रतिशत अकेले इंडिगो का है। सरकार ने नियम बदला और इंडिगो ने देश की विमानन व्यवस्था को ठप्प कर दिया सरकार बेचारी बनी हुई है। आज इंदिरा गांधी होती तो इंडिगो को उसकी इस धृष्टता की सजा मिल चुकी होती इंडिगो का भारत सरकार अधिग्रहण कर चुका होता।

धान खरीदी को लेकर सरकार की नीयत में खोट

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी चल रही है । छत्तीसगढ़ में किसानो की आय का सबसे बड़ा जरिया धान की खेती है। धान खरीदी को ले कर सरकार की नीयत में खोट दिख रहा है। बार बार आगाह करने के बावजूद सरकार धान खरीदी की अव्यवस्था सुधारना नहीं चाह रही। सरकार घोषित नीति प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी नहीं कर रही किसी भी सोसायटी में 16, से लेकर 19 क्विंटल से अधिक की खरीदी नहीं हो रही।

डबरी बनी खुशहाली की राह :

किसान हिरमाराम की आमदनी हुई दोगुनी

■ सालाना बढ़ी एक लाख रुपये तक

रायपुर/नवप्रदेश। मनरेगा से निर्मित एक छोटी-सी डबरी ने किसान हिरमाराम के जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया है। डबरी बनते ही पहली ही बारिश का मौसम उनके लिए सौभाग्य लेकर आया। डबरी पानी से भर गई और हिरमाराम ने धान खेती के साथ-साथ मछली पालन भी शुरू कर दिया। उन्होंने 5 किलो मछली बीज डालकर पालन शुरू किया, जिससे उन्हें हर साल लगभग एक लाख 10 हजार रुपये की अतिरिक्त आमदनी होने लगी।

डबरी बनने से नियमित आमदनी का साधन मिला

हिरमाराम खुशी से बताते हैं कि पहले उनकी आय सिर्फ खेती पर निर्भर थी, लेकिन डबरी बनने से उन्हें नियमित आमदनी का नया साधन मिल गया है।

2 लाख 94 हजार रुपये की स्वीकृति से बनाई डबरी

सुकमा जिले में कलेक्टर और जिला सीईओ के मार्गदर्शन में शासकीय योजनाओं का प्रभाव तेजी से दिखाई दे रहा है। जनहित को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन आजीविका से जुड़ी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचा रहा है। ग्राम पंचायत रामाराम के किसान हिरमाराम, जिनके पास केवल 2 एकड़ जमीन है, पहले सिर्फबारिश के दिनों में ही खेती कर पाते थे। सिंचाई की सुविधा न होने से बाकी समय खेत खाली रहते थे और परिवार की आय भी बहुत कम थी।

ग्रामसभा में जब उन्हें मनरेगा के तहत डबरी निर्माण की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत आवेदन किया। ग्राम पंचायत ने 2 लाख 94 हजार रुपये की स्वीकृति देकर निर्माण कार्य शुरू कराया।

प्रदेश में गाइडलाइन दरों एवं उपबंधों के पुनरीक्षण पर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के महत्वपूर्ण निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के संबंध में प्राप्त सुझावों, ज्ञापनों और प्रस्तावों पर व्यापक परीक्षण करने के बाद केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के नगरीय विकास, रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की इंक्रीमेंटल आधार पर गणना की वर्तमान प्रणाली को समाप्त कर दिया जाए। अब पुनः पूर्व प्रचलित उपबंध लागू होंगे, जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र में 50 डेसिमल, नगर पालिका में 37.5 डेसिमल और नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन किया जाएगा। इस बदलाव से मूल्यांकन प्रक्रिया सरल होने के साथ ही पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

बहुमंजिला भवनों में फ्लैट, दुकान एवं कार्यालय के अंतरण पर सुपर बिल्ट-अप एरिया के आधार पर बाजार मूल्य की गणना का प्रावधान भी हटा दिया गया है। अब मूल्यांकन बिल्ट-अप एरिया के आधार पर किया जाएगा। यह प्रावधान मध्यप्रदेश शासन के समय से लागू था, जिसे बदलने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नए प्रावधान से वर्टिकल डेवलपमेंट को गति मिलेगी और शहरी भूमि का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा।

केंद्रीय बोर्ड ने बहुमंजिला भवनों एवं कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए मूल्यांकन में छूट के नए प्रावधान भी लागू किए हैं। अब बेसमेंट और प्रथम तल पर 10 प्रतिशत तथा द्वितीय तल एवं उससे ऊपर के तल पर 20 प्रतिशत की कमी के साथ मूल्यांकन किया जाएगा। इस निर्णय से मध्यम वर्ग को किफायती दरों पर फ्लैट और व्यावसायिक स्थान मिलने में मदद मिलेगी।

अभाविप इकाई ने डॉ. भीमराव अंबेडकर दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अभाविप इकाई, गोबरा नवापारा ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर जी की परिनिर्वाण दिवस को

सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर नगर के चंपारण चौक में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया गया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर केवल दलितों के मसीहा नहीं थे, उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लिए समान कार्य किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से भारत के सभी लोगों के लिए स्वतंत्रता, समानता व बंधुता का आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने हमें शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश दिया और इसके माध्यम से सामाजिक समरसता के लिए भी कार्य किया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक प्रखर राष्ट्रवादी व मानवता के पुजारी थे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जय वन्दे मातरम व डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहें के नारे लगाए।

एक दिवसीय निः शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का सफल आयोजन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। आज डोंगरगांव नगर में आयुष स्वास्थ्य विभाग द्वारा *एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय निः शुल्क रोग निदान आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयुष स्वास्थ्य मेला* का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में कोमल सिंह राजपूत जी,जिला भाजपा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जि.पं.अध्यक्ष दिनेश गांधी एवं विशिष्ट अतिथि नगर की प्रथम नागरिक अंजू त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव,साथ ही जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू, पूर्व नगर

पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी पूर्व न. प. अध्यक्ष व बीएलए.-1 डोंगरगांव विधानसभा, राम कुमार गुप्ता जिला भाजपा प्रवक्ता, विवेक मंडावी जपं सदस्य डोंगरगांव, डोंगरगांव मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, महामंत्री हेमंत चोपड़ा, पार्षद पदमिनी ठाकुर, राजा जैन, लक्ष्मी सेन, कोमल साहू, नगर के वरिष्ठ समाजसेवी रामकिशन माहेश्वरी, रमेश सोनी, बालकृष्ण सिन्हा के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोमल सिंह राजपूत जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि ÷ *आयुर्वेद व आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति हमारे देश की प्राचीन प्राकृतिक महान धरोहर व हमारे देश की पहचान है आयुर्वेद हमारे दादी नानी के नुस्खे व हर घर की रसोई में विद्यमान है, भले ही हम आज इसे छोड़ कर एलोपैथी की ओर भागते हैं, पर हर मर्ज का इलाज़ आज आयुर्वेद पद्धति में मौजूद है आवश्यकता आज उसे अपनाने एवं उस पर विश्वास करने की है।हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी स्वयं आयुर्वेद को महान चिकित्सा पद्धति के रूप में पुनः इस देश में स्थापित करने पर बल देते हुए स्वदेशी अपनाने का आह्वान पूरे देश से बार बार कर रहे हैं, आयुर्वेद के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को तलाश करते देश में मोदी सरकार हर संभव कोशिश कर रही है और उसे सफलता भी मिल रही है।आज मैं भी इस मंच से यहां उपस्थित हम सभी से अपील करता हूं कि हम पुनः आयुर्वेद पद्धति को अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए अपनाए एवं आयुर्वेद पद्धति से इलाज़ कराने का प्रण लेकर आगे बढ़ें।÷ उन्होंने उक्त कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन के लिए आयुर्वेद आयुष विभाग के टीम व ब्लॉक भर से कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी, तथा आयुष स्वास्थ्य मेला में लगे स्टॉल का निरीक्षण करते हुए क्षेत्र से आए मरीजों का हाल चाल जाना व मितानिन दीदियों से भी चर्चा की।

नगर पंचायत द्वारा आवारा कुत्तों का किया जा रहा टीकाकरण

छुरा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहरी क्षेत्र में

आवारा कुत्तों से परेशान, संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की संख्या में वृद्धि को संज्ञान में रखते हु? जन सुरक्षा स्वास्थ्य एवं आवारा कुत्तों के प्रबंधन हेतू नगर पंचायत छुरा अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया । शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आवारा कुत्तों को निकाय द्वारा गठित दल एवं पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त कार्यवाही से आवारा कुत्तों को पकड़कर टीकाकरण कर तथा डी वारमिंग का कार्य किया गया। निकाय क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड के लिए आवारा कुत्तों हेतु समर्पित भोजन स्थान का चिन्हांकन किया गया है। जिसमे वार्ड क्रमांक 10 कांजी हाउस के पास, वार्ड क्रमांक 07 शीतला मंदिर के पास, वार्ड क्रमांक 05 शिक्षक कालोनी के पास,वार्ड क्रमांक 04 बस स्टेंड एवं मिनी स्टेडियम के पास चिन्हांकित किया गया है। आवारा कुत्तों को पकड़ने हेतु आवश्यक संसाधन वाहन, पिंजरा , डॉग केचर एवं पशु चिकित्सक की टीम की व्यवस्था किया गया है। नगर पंचायत छुरा के सार्वजनिक एवं संस्थागत क्षेत्रों में नसबंदी एवं टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। इच्छुक पशु प्रेमी द्वारा स्ट्रीट डॉग को गोद लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है । उक्त कार्रवाई में मुख्य नगर पालिका के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पशु चिकित्सक रॉबिन सिंह,संतराम साहू, रामाधार यादव,मनोज दुबे, धनेश्वर नाग, मिथलेश कुमार सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, शोएब अली,दानेश्वर निर्मलकर ,वेद प्रकाश मरकाम दीपक साहू एवं सहकर्मी कार्य में लगे हैं।

नगरी-बोराई रोड में उड़ीसा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा दो ट्रक धान पकड़ाया

कागजातों की जांच जारी

नगरी /नवप्रदेश। उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर लाया जा रहा धान से भरे दो ट्रक सोमवार शाम नगरी-बोराई मार्ग में पकड़े गए। मिली सूचना पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी (स्ष्ठरू) प्रीति दुर्गम के निर्देश पर राजस्व टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों को रोककर जांच की।

कार्रवाई के दौरान ट्रक क्रमांक ष्ठत्र 19 क्च्ष्ठ 9787 में 139.50 क्विंटल (310 कट्टा) तथा ट्रक क्रमांक ष्ठत्र 05, 3051 में 135.10 क्विंटल (330 कट्टा) धान लोड पाया गया। दोनों वाहनों को नगरी मंडी परिसर के सामने खड़ा कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों ट्रकों के पास कृषि उपज मंडी नगरी से जारी अनुज्ञा पत्र मौजूद है, जिसमें व्यापारी का नाम मोहनलाल सोहनलाल बिरगुड़ी दर्ज है। कागजातों में धान को विजय राइस मिल, धमतरी ले जाने का उल्लेख है। फिलहाल यह

सत्यापन चल रहा है कि धान वास्तव में किस किसान से खरीदा गया है और क्या खरीद नियमानुसार की गई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार धान खरीदी शुरू होने के साथ ही उड़ीसा से अवैध रूप से धान तस्करी कर छत्तीसगढ़ में लाने की शिकायतें बढ़ी हैं। सीमा क्षेत्र के कुछ गांवों में उड़ीसा का धान डंप कर उसे स्थानीय व्यापारी मंडी से अनुज्ञा कटवाकर बड़े राइस मिलों को भेज देते हैं। इन आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने पर ही हो पाएगी।

मंडी प्रबंधन के नियमों के अनुसार किसी भी व्यापारी को धान खरीदने पर किसान का आधार कार्ड अनिवार्य रूप से लेना होता है। यदि किसान का आधार नहीं मिलता तो धान की खरीदी वैध नहीं मानी जाती। यह भी जांच का प्रमुख बिंदु है कि पकड़े गए धान की खरीदी इन नियमों के अनुरूप हुई है या नहीं।

इस मामले में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रीति दुर्गम ने बताया कि ÷उड़ीसा से धान लाए जाने की सूचना मिली थी, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रकों को रोका गया है। अभी व्यापारी द्वारा अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। वास्तविक स्थिति जांच के बाद स्पष्ट होगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।÷जिसमे प्राथमिक जांच में कागजातों के आधार पर धान को नगरी ब्लॉक के बोराई क्षेत्र का बताया गया है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र की मजबूती की ओर एक निर्णायक कदम: सुनील यदु

भाटापारा/नवप्रदेश। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ की अवधारणा न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि यह प्रशासनिक स्थिरता, संसाधनों की बचत और विकास कार्यों की निरंतरता सुनिश्चित करेगी। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को साकार करते हुए ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ के पक्ष में सोमवार को भाटापारा शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं से संवाद कर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' हेतु उनका बहुमूल्य सुझाव एवं हस्ताक्षर सहित उनका समर्थन प्राप्त करते हुए उक्त बाते जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु ने कही।

एक राष्ट्र-एक चुनाव आवश्यक-सुनील यदु : भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने इस आयोजन पर चर्चा करते हुए आगे कहा कि अब समय आ गया है लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनीतिक अस्थिरता की जकड़न से मुक्त किया जाए। सुनील यदु ने कहा कि नेशन फर्स्ट के संकल्प के साथ एक राष्ट्र-एक चुनाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है।

भाजपा युवा मोर्चा गांव, गली, शहरों, खेत, खलिहानों, दुकानों में चर्चा कर बड़ी संख्या में युवाओं को भी इस अभियान में जोड़ रही हैं। ताकि हर क्षेत्र के युवा जुड़े और एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय को लोकव्यापी बनाने में सहयोग करें. इस अवसर पर अविनाश शर्मा, पीयूष साहू, अभिषेक मिश्रा, सुरेंद्र डागोर, लीलेश्वर साहू सहित युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

लेटस रन हाफमैराथन में ईश्वर ने जीता चौथा स्थान

भाटापारा/नवप्रदेश। नवा रायपुर में लेट्स रन का

दसवां आयोजन 7 दिसम्बर को आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ साथ विभिन्न राज्यों के लगभग बारह से तेरह सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें रन कैटेगरी 42द्मद्व, 21द्मद्व ,10द्मद्व ,5द्मद्व फन रन का आयोजन किया गया जिसमें 21द्मद्व में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें पहला स्थान रेलवे के खिलाड़ी खेमराज गुज्जर हरियाणा दूसरा स्थान हरियाणा के ही खिलाड़ी ने तीसरा स्थान जीता और चौथा स्थान छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार के ग्राम टेकारी के ईश्वर सिन्हा ने जीता। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव , अनुपम अग्रवाल, आदित्य सिंह,धीरज वाजपयी राजकुमार मल , आशीष सिंह ठाकुर , वर्षा मिरी ने शुभकामनाये देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

निधन : फगनी बाई साहू

नगरी । ग्राम मुकुंदपुर (सोनामगर) की श्रीमती फगनी बाई

साहू,पति कोमल सिंह साहू का सोमवार शाम 4 बजे दुखद निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।स्वर्गीय फगनी बाई साहू अपने पीछे पुत्र झड़ीराम साहू, पिलेशवर साहू,रामचरण साहू, दादूराम साहू सहित संपूर्ण परिवार को छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार, 9 तारीख को सुबह निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिकजन एवं परिचित जन शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।

औषधीय खोज में कलेक्टर ने किया व्याख्याता गायकवाड़ को सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा एवं ग्राम पंचायत खंमढोड़गी के संयुक्त तत्वावधान में कुरूमारी पहाड़ पर दो दिवसीय ष्औषधीय पौधों की खोज यात्रा एवं संरक्षणदृसंवर्धन कार्यशालाष् का सफल आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि नीलेश क्षीरसागरए कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा गरियाबंद के शासकीय रामबिशाल पाण्डेय सेजेस राजिम की रसायन व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ को सम्मानित किया गया। इस ट्रैकिंग और संवर्धन कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियोंए शिक्षकोंए वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञों तथा स्थानीय वैधराजों ने पर्वतीय क्षेत्र में भ्रमण कर सैकड़ों औषधीय वनस्पतियों की पहचान की तथा इनके वैज्ञानिक संरक्षणए पारंपरिक उपयोग और औषधीय महत्व पर शोधपरक चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर बस्तर कांकेर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय कुमार मंडावी ;शिल्पकारद्धए रायपुर आयुर्वेद विभाग से डॉण् पल्लवी क्षीरसागरए डॉ आशीष नायक धमतरी ए डॉ अलका मरकाम एमबीबीएसए सरपंच

निर्मला निशा दुगाए अमिता मंडावीए सोनेलाल जुरींए प्यार सिंह मण्डावी भूतपूर्व सरपंचए एल आर सिन्हा जन विज्ञान केन्द्र कांकेर तथा प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा से अभिषेक शुक्ला शामिल रहे। समापन समारोह में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान और प्रकृति एक.दूसरे के पूरक हैं। जब विद्यार्थी प्रकृति को पुस्तकों से बाहर निकलकर वास्तविक रूप में समझते हैं तब सीखने की प्रक्रिया गहन और सार्थक बन जाती है। कार्यशाला के दौरान सेजेस राजिम की शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ को विज्ञान के प्रति सक्रियताए औषधीय पौधों की खोज यात्रा में उत्कृष्ट भागीदारी तथा संरक्षणदृसंवर्धन गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कलेक्टर द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना : 13 गरीब परिवार कंप्यूटर की गलती से बने लाभार्थी, कलेक्टर से लगाई फरियाद

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री का सपना ÷सबको पक्का मकान÷ कोपरा नगर पंचायत में अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत आवेदन करने वाले 13 गरीब परिवार आज सड़क, सिस्टम और सरकारी पोर्टल तीनों से ठुकराए जा रहे हैं। वजह? इनके नाम प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पोर्टल पर पहले से ÷लाभार्थी÷ दिख रहे हैं। लेकिन सच यह है कि न तो इनके खाते में एक पैसा आया, न घर बना, न कोई अधिकारी कभी इनके द्वार तक पहुंचा।

अब जब शहरी योजना में मौका मिला तो पोर्टल ने लाल झंडी दिखा दी - पहले से लाभार्थी : एक बुजुर्ग लाभार्थी ने आंखों में आंसू भरकर कहा, ÷बाबू लोग कहते हैं कंप्यूटर में आपका मकान बन चुका है। हम कहते हैं चलो दिखाओ, तो चुप हो जाते हैं। अब हमारी झोपड़ी भी टपक रही है, पर नया मकान मिलने का रास्ता बंद कर दिया गया है। मामला गरमाता देख नगर पंचायत ने जनपद पंचायत फ़िंगेश्वर को पत्र लिखा है कि या तो ग्रामीण पोर्टल से इन 13 नामों को हटाया जाए या साफ़साफ लिखकर दिया जाए कि इन्हें ग्रामीण योजना का लाभ मिल चुका है। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया। अब सवाल यह है कि आखिर यह गलती किसकी है? ग्रामीण विभाग की, शहरी विभाग की, या उस डिजिटल इंडिया की जिसने गरीब को कंप्यूटर की गलती का शिकार बना दिया?

कोपरा की जनता इंतज़ार कर रही है ङ्क या तो पक्का मकान मिले, या दोषियों पर कार्रवाई हो। नगर पंचायत के यह 13 हितग्राही उच्च अधिकारी जिला कलेक्टर गरियाबंद के समक्ष अपनी फ़रियाद करने वाले है।

नए श्रम कोड मजदूर विरोधी, उद्योगपतियों के हितों को बढ़ावा देने वाले : डॉ. ओमप्रकाश

धरसीवां/नवप्रदेश। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश साहू ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम कोड पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि ये श्रम कानून साफतौर पर मजदूर-विरोधी हैं और देश के श्रमिकों की सुरक्षा को कमजोर करते हैं।

डॉ. साहू ने कहा कि नए श्रम कोड का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि नौकरी की सुरक्षा लगभग समाप्त हो गई है, खासकर छोटे और मझोले वर्ग के मजदूर आज पहले से अधिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थायी रोजगार की जगह ठेका और अस्थायी व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूनियन बनाने और हड़ताल करने के अधिकार पर भी कठोर और जटिल नियम लागू किए गए हैं, जिससे मजदूर अपनी आवाज़ उठाने में असमर्थ हो रहे हैं। यह लोकतांत्रिक अधिकारों का सीधा हनन है।

डॉ. साहू ने आगे कहा कि लॉन्ग सर्विस बोनस और अन्य श्रमिक लाभों को सीमित करना, उन मजदूरों के साथ अन्याय है जिन्होंने वर्षों तक उद्योगों में सेवा दी है। नए नियमों में लंबे समय तक काम करने वाले श्रमिक भी नुकसान में हैं। विवाद निपटान प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही इसे सरल बताया जा रहा हो, लेकिन निर्णय प्रक्रिया में अधिकारियों का झुकाव उद्योगपतियों की ओर अधिक दिखाई देता है। जिससे मजदूरों को न्याय मिलने में संदेह बना रहता है। डॉ. साहू ने कहा कि सरकार क्कस्न, श्वस्ढ्ढ और पेंशन जैसी सुविधाओं का प्रचार तो कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि छोटे और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को इनका वास्तविक लाभ बहुत कम मिल पाता है। अंत में उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इन श्रम कोडों का पुरजोर विरोध करती है और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

भागवत महापुराण | कथा में वामन अवतार का प्रसंग सुन भक्त हुए भाव-विभोर

बलरामपुर बिरोड़ा में श्रीमद् भागवत महापुराण का दिव्य आयोजन

राजिम/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम बलरामपुर बिरोड़ा में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य एवं दिव्य आयोजन निरंतर भक्तिमय वातावरण का सृजन कर रहा है। आयोजन में ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी के शिष्य, राधारमण आश्रम वृन्दावन एवं औघड़ आश्रम राधानगर लफेंदी के पूज्य सिद्धेश्वरानंद जी महाराज अपनी सुमधुर वाणी से भक्तों को कथा का अमृतपान करा रहे हैं।आयोजन स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। वातावरण में भक्ति संगीत, शंखनाद और तुलसी-माला की सुगंध पूरे परिसर को आध्यात्मिक आभा से भर रही है।

महाराज श्री ने बड़े भावपूर्ण ढंग से वर्णन किया कि पहले पग में भगवान वामन ने पृथ्वी लोक, दूसरे पग में स्वर्ग लोक नाप लिया, और तीसरे पग के लिए जब स्थान नहीं बचा, तब राजा बलि ने अपने आप को अर्पित कर दिया। राजा बलि की भक्ति, तपस्या और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने उन्हें पाताल लोक का अधिपति तो बनाया ही, साथ ही अपने अनन्य भक्त के रूप में अमर भी कर दिया। कथा के दौरान पूरा पंडाल 'जय वामन देव' और 'धर्मराज बलि की जय' के जयघोषों से गूंज उठा।

भक्तिमय कार्यक्रम जारी, रोज हो रहा है प्रवचन एवं सांस्कृतिक आयोजन : कथा के साथ ही प्रतिदिन प्रातःकाल भजन-कीर्तन, तथा संध्या में आरती का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन रात में रामायण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। ग्रामवासी और आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। महिलाओं और युवाओं की विशेष उपस्थिति से आयोजन और अधिक भव्य दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता एवं मुख्य यजमान तुकाराम साहू, नोखे साहू राजेश साहू ने बताया कि सिद्धेश्वरानंद जी महाराज की वाणी सरल, मधुर और हृदयस्पर्शी है, जिससे कथा सुनते ही मन दिव्यता से भर जाता है। आज पांचवे दिवस की कथा में भगवान राम और कृष्ण जन्म की कथा का श्रवणपान महराज जी के श्रीमुख से होगा साथ ही कृष्ण जन्मोत्सव का सजीव चित्रण भी किया जाएगा।

वामन अवतार की दिव्य कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

कथा के चौथे दिवस में पूज्य महाराज श्री ने भगवान विष्णु के पंचम अवतार – वामन अवतार का पावन प्रसंग भक्तों को सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा बलि के दान और तप से त्रिलोक प्रभावित हो गए थे, और देवताओं की रक्षा हेतु भगवान विष्णु ने ब्राह्मण बालक के रूप में जन्म लेकर राजा बलि से केवल तीन पग भूमि का दान मांगा।

ग्राम पंचायत मोगरा में बनेगा सेन समाज का नवीन भवन

सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में अजय ने कहा सेन समाज पारम्परिक रूप से सेवा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है

कुरूद/नवप्रदेश। कुरुद जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोगरा में सेन समाज सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच यमुना साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि सेन समाज पारम्परिक रूप से सेवा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। लेकिन समय के अनुरूप समाज में बदलाव आया है, अच्छी शिक्षा और क्षमता विकास के लिए क्षेत्र में इसके लिए कुरुद क्षेत्र में कई संस्थान स्थापित किए गए हैं। जहां हम

अपने बच्चों को भेज नई चुनौतियों के लायक तैयार कर सकते हैं। आज के दौर में सभी को नौकरी मिलना संभव नहीं है, इसलिए स्किल डेवलपमेंट के सहारे भावी पीढ़ी को तैयार करने में हमारा फोकस होना चाहिए। गांव, समाज और क्षेत्रीय विकास का निरन्तर जारी रहेगा। इस अवसर पर , शिवदयाल, बीरसिंग, मेवाराम साहू, कोदूराम चन्द्राकर, राजेन्द्र सेन, डोमार ध्रुव, प्रभाकर सेन, गिरधर साहू, चेतनानंद, चम्पूराम, कलिन्द्री, सुखिया बाई, गंगा, देवबती, रोहणी बाई सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

श्रमवीर स्टेडियम शिवपुर चरचा बना कचरे का ढेर

कोरिया /नवप्रदेश। शिवपुर चर्चा नगर पालिका क्षेत्र के बीचों-बीच स्थित श्रमवीर स्टेडियम इन दिनों बदहाली की मार झेल रहा है। कभी खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा यह मैदान अब गंदगी, अव्यवस्था और लापरवाही की तस्वीर बनकर उभर रहा है। स्टेडियम परिसर में चारों ओर कचरे का अंबार लगा हुआ है, प्लास्टिक, गंदगी और टूटे सामान से मैदान भर गया है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि जगह-जगह शराब की खाली बोतलें और डिस्पोज़ल पड़े हुए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही असामाजिक तत्व यहां जमावड़ा लगाकर शराबखोरी करते हैं, जिससे न सिर्फ माहौल बिगड़ता है बल्कि पूरी रात गंदगी फैलाकर चले जाते हैं। स्टेडियम के अंदर खुलेआम हो रही इन गतिविधियों से खेल प्रेमियों और क्षेत्र के नागरिकों में भारी आक्रोश है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि मैदान में घूम रहे मवेशी प्लास्टिक और पन्नी खाते नजर आते हैं, जो न सिर्फ पशुओं के लिए खतरनाक है बल्कि नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल भी खोल देता है। नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका की ओर से न तो नियमित सफाई की जा रही है और न ही असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कोई निगरानी। आमजनों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। शहर का प्रमुख स्टेडियम कचरे का ढेर बनता जा रहा है और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

सरसींवा में प्रस्तावित सेक्शन कॉलेज का स्थानांतरण बना जनआक्रोश का कारण

- **ग्रामीणों का सर्वदलीय एक दिवसीय धरना, प्रशासन को चेतावनी**

सरसींवा /नवप्रदेश। सरसींवा में प्रस्तावित सेक्शन कॉलेज को ग्राम पंचायत धोबानी स्थानांतरित किए जाने के विरोध में आज सरसींवा नगर पंचायत और पूरे तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों ने सर्वदलीय एक दिवसीय धरना आयोजित किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों के लोग धरना स्थल पर एकत्र होकर इस निर्णय का विरोध करते रहे। लोगों का कहना है कि सरसींवा में खुलने वाला सेक्शन कॉलेज बिना किसी औचित्य के धोबानी भेजा गया है, जबकि धोबानी राष्ट्री य राजमार्ग से करीब 10 किलोमीटर भीतर स्थित है जहां परिवहन की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस सरसींवा जंक्शन में कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव था, वह राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित विकसित क्षेत्र है जहाँ लगभग 30 हजार की जनसंख्या रहती है। ऐसे में कॉलेज को जंगलनुमा और असुविधाओं वाले क्षेत्र में भेजना छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि इस स्थानांतरण के पीछे क्षेत्र में संचालित प्राइवेट कॉलेज की राजनीतिक पकड़ और निजी व्यापारिक हित काम कर रहे हैं, जिससे सरकारी कॉलेज के खुलने से उनके व्यवसाय पर असर पड़ता। धरने में शामिल लोगों ने कहा कि यह निर्णय पूर्णतः शिक्षा के अधिकार के खिलाफ है और क्षेत्र के बच्चों को असुविधा में झोंकने वाला है।

न्यूज गैलरी

मेटागुड़म कैंप के पास नक्सलियों ने की पेटी ठेकेदार इम्तियाज की हत्या

जगदलपुर। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मेटागुड़म में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य करा रहे पेटी ठेकेदार इम्तियाज अली का नक्सलियों द्वारा अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी जाने की खबर सामने आई है। ठेकेदार के साथ नक्सलियों ने बेरहमी से मारपीट भी की थी। ठेकेदार का एक सहयोगी नक्सलियों के चंगुल से बचकर इरापल्ली के मेटागुड़म सुरक्षा कैंप पहुंचा? और जवानों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार ठेकेदार इम्तियाज अली नारायणपुर का निवासी था। घटना रविवार शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने मामले की पुष्टि की है और कहा घटना की तस्दीक की जा रही है। बीजापुर पुलिस द्वारा हत्या की पुष्टि अब तक नहीं की गई है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है।

भीषण सड़क हादसा : बाइक-स्कूटी की टक्कर में दो की मौके पर मौत

आरंग/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर से सटे आरंग क्षेत्र में समोदा-कुसमुंद मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किए जाएंगे। उधर, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा बाइक और स्कूटी के बीच हुई जोरदार भिड़ंत के कारण हुआ, जिससे दोनों वाहनों पर सवार व्यक्तियों की मौके पर ही जान चली गई।

नहर किनारे मिला 90% जला हुआ युवती का शव, शिनाख्ती जारी

भिलाई/नवप्रदेश। नगर के उतई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरई में एक वीभत्स घटना सामने आई है, जहाँ नहर किनारे एक युवती का जला हुआ शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। शव मिलने की सूचना के बाद से ही आस-पास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटनास्थल उतई थाना क्षेत्र के ग्राम पुरई में नहर का किनारा है। युवती का शव लगभग 90 प्रतिशत तक जला हुआ पाया गया है। यह संदेह है कि शव को पैरा (पुआल/घास-फूस) की सहायता से जलाने का प्रयास किया गया है। मृतिका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि उसका चेहरा भी बुरी तरह से जल चुका है, जिससे शिनाख्त के प्रयासों में कठिनाई आ रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उतई थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और इसके साथ ही, फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी घटनास्थल पर बुलाई गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है। पुलिस आस-पास के थानों में गुमशुदा लोगों की रिपोर्ट खंगाल रही है और जल्द ही मामले को सुलझाने का दावा कर रही है।

बेलौदी में शिक्षक कमी पर फूटा गुस्सा, बच्चों-अभिभावकों ने किया सड़क जाम

दुर्ग /नवप्रदेश। ज़िले के बेलौदी गांव में स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर आज मिडिल और प्राइमरी स्कूल के बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने नगपुरा रोड पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई महीनों से संबंधित अधिकारियों को शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसी वजह से ग्रामीणों में भारी नाराज़गी देखने को मिली। जाम के कारण दुर्ग-नगपुरा मार्ग पूरी तरह ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

छत्तीसगढ़ में और बढ़ेगी ठंड, 3 दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट

पश्चिम की ओर से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से बढ़ी ठिठुरन

- **छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड, अंबिकापुर सबसे ठंडा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर रखा है। पश्चिम से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से प्रदेश में ठिठुरन वाली ठंड पड़ रही है। वहीं, शीतलहर से कंपकपी बढ़ गई है। लोग राहत पाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए प्रदेश में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

छत्तीसगढ़ में तापमान तेजी से लुढ़क रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी प्रदेश में पारा सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे है। पठारी क्षेत्र मैनपाट, सामरीपाट और लहसुनपाट के पारा में तेजी से नीचे गिर रहा है।

24 घंटे में प्रदेश में अंबिकापुर सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रायपुर 11.5 डिग्री सेल्सियस, पेंड्रा में 8.6 डिग्री सेल्सियस, दुर्ग में 9.2 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 10.5 डिग्री सेल्सियस और जगदलपुर 10.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया।

शीतलहर का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में 3 दिनों के लिए शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। आज प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर की वजह से कंपकंपी बढ़ सकती है। आज गौरेला-पेंड्रा-मारवाही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कबीरधाम, मुंगेली, खैरागढ़ छुईखदान गंडाई, राजनांदगांव, बेमेतरा, रायपुर, दुर्ग, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, बालोद और कोरबा में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है।

तापमान में होगी गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अभी तापमान में और गिरावट आएगी। यानी ठंड अभी लोगों को सताएगी। कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। वहीं, ठंड के कहर को देखते हुए अलग-अलग जिलों में नगर निगम की टीम भी मुस्तैद हो गई है। लोगों को राहत देने के लिए शहरों के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

राजधानी में शीतलहर का प्रकोप निगम प्रशासन ने कई जगह जलाया अलावा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की राजधानी रायपुर शहर में शीतलहर से आमजनों को सुरक्षा और त्वरित राहत देने नगर पालिक निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से जयस्तम्भ चौक के समीप, रेल्वे स्टेशन के पास, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टेण्ड पंडरी, महोबा बाजार हॉट बाजार सहित राजधानी शहर में विभिन्न लगभग 25 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है। शीतलहर की सम्पूर्ण अवधि के दौरान आमजनों को राहत देने जोन कार्यालयों के माध्यम से प्रतिदिन नियमित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है।

राजधानी में जमीन दरों के रेट बढ़ाने के विरोध में धरना

- **बिल्डर्स चैंबर्स कैट तथा कांग्रेसजन एक मंच पर आए**
- **भाजपा शासन पर बड़े नेताओं की जमीन बचाने का आरोप**

रायपुर/नवप्रदेश। छग शासन द्वारा जमीन दरों में बढ़ोत्तरी के लिए नई गाइडलाइन जारी किये जाने के विरोध में आज राजधानी में आम लोगों बिल्डरों तथा चैंबर से जुड़े नेताओं में भारी रोष देखा गया। राजीव गांधी चौक में धरना दिया गया जिसे कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया है। धरना स्थल में सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई।

प्रदेश सरकार द्वारा जमीन की दरों में बढ़ोत्तरी के लिए नई गाइड लाइन जारी करने से पूरे प्रदेश में इस समय लोगों में भारी रोष है। भिलाई , दुर्ग बिलासपुर में भी आमलोगों द्वारा जमकर विरोध किया गया। आज राजधानी में आम लोगों बिल्डरों तथा कांग्रेस के नेताओं ने इस आंदोलन को समर्थन देकर उग्र कर दिया है।

कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल ने आरोप लगाया कि राज्य में जमीन की नई गाइड लाइन जारी करने से आम लोग परेशान है तथा महंगी दरों पर जमीन होने से जमीन के भाव आसमान छू रहे हैं। आम लोगों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा व्यावसायिक स्थानों तथा भाजपा नेताओं की जहां जमीन है वहां पर छोड़कर अन्य स्थानों पर जमीन का रेट बढ़ा दिया है। कई स्थानों पर बाजार मूल्य से ज्यादा सरकारी रेट हो गया है। जिसके कारण असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है।

कैट और चैंबर ने भी इसे अपना समर्थन दे दिया है। राज्य में कैट ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को एक ज्ञापन सौंपकर जमीन की दरों की नई गाइड लाइन पर पुनः विचार करने की मांग की है इसके अलावा साफ सुथरी मांग पत्र सौंपा है।

राज्य सरकार ने नई गाइड लाइन दरों पर आम जनता के सुझाव आमंत्रित किये है। यह सुझाव 31 दिसंबर तक मंगाए गए है। इधर साय सरकार के केबिनेट की बैठक 10 दिसंबर को होने वाली है। बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। ज्ञात रहे भाजपा संगठन इस मामले को लेकर काफी गंभीर है।

गांधी मैदान में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का हुआ भव्य समापन

- **पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, निकली भव्य शोभायात्रा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन रविवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। अंतिम दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। पंडाल में हर-हर महादेव के जयकारों के बीच कथा का वाचन सम्पन्न हुआ, जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने आशीर्वचन प्राप्त किए।

कथावाचक संत इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज ने अंतिम दिन भगवान शिव के दिव्य स्वरूप, भक्ति की महिमा और जीवन में धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण, भजनों और आरती में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं शिव महापुराण की कथा में प्रसंग के बीच भावविभोर होकर श्रद्धालु झूमते-नाचते दिखे।

कथा के समापन के बाद मंदिर प्रांगण से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शिव बारात, झाँकियाँ, धूमाल और भक्तिमय गीतों की धुन ने पूरे नगर को शिवमय बना दिया। महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग सभी इस शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान शिव के जयकारे लगाते नजर आए।

श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन गरियाबंद के देवांगन पर द्वारा आयोजित की गई थी। कथा के समापन अवसर पर हेमचंद देवांगन ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न होने पर सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं पुलिस प्रशासन और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

दंडामी लक्जरी रिसॉर्ट चित्रकोट बस्तर में

छत्तीसगढ़ी व जनजातीय व्यंजन स्पर्धा का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने राज्य के सांस्कृतिक और पर्यटन संवर्धन के लिए विशेष गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की है। इस श्रृंखला के तहत 09 दिसंबर 2025 को दंडामी लक्जरी रिसॉर्ट, चित्रकोट बस्तर में एक अनूठी पारंपरिक छत्तीसगढ़ी एवं जनजातीय व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

यह प्रतियोगिता प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय पाक शैलियों को उजागर करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसमें भारत के किसी भी हिस्से से 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय व्यंजनों, छत्तीसगढ़ी एवं जनजातीय संस्कृति और छत्तीसगढ़ पर्यटन को नया आयाम मिलेगा।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 7000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5000 रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 3000 रुपये नगद प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। अधिक जानकारी और सहभागिता हेतु +91-99261-60586 पर संपर्क किया जा सकता है।

8 से 15 दिसंबर 2025 तक चलेगी प्रतियोगिता, विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार

राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 08 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों एवं रिजॉर्ट्स के साथ-साथ पर्यटन बोर्ड के प्रधान कार्यालय रायपुर में भी विविध रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ पर्यटन को नए आयाम देना है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पर्यटन बोर्ड ने 08 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों को नई दृष्टि से सामने लाना तथा युवा और शौकिया फोटोग्राफरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सशक्त मंच प्रदान करना है।

प्रतियोगिता में भारत के किसी भी हिस्से से 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे। प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ थीम पर आधारित मौलिक फोटोग्राफ निर्धारित ईमेल it@visitcg.in के जरिए अपलोड करनी होगी, साथ ही अपना नाम, आयु, मोबाइल नंबर, पता और फोटो का संक्षिप्त विवरण दर्ज करना अनिवार्य रहेगा।

प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन रचनात्मकता, तकनीकी गुणवत्ता, विषय के अनुरूपता और पर्यटन मूल्य जैसे मानदंडों के आधार पर विशेषज्ञ ज्यूरी द्वारा किया जाएगा। विजेताओं की घोषणा 19 दिसंबर को की जाएगी। प्रथम पुरस्कार के रूप में हिल इको रिसॉर्ट में 02 व्यक्तियों के लिए 02 रात 03 दिन ठहरने की व्यवस्था, द्वितीय पुरस्कार के रूप में सोनभद्र टूरिस्ट रिसॉर्ट आमाडोब में 02 व्यक्तियों के लिए 01 रात 02 दिन ठहरने की सुविधा तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 1500 रुपये नकद राशि प्रदान की जाएगी, साथ ही विजेताओं को प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। उत्कृष्ट फोटोग्राफ को भविष्य में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की प्रचार सामग्री और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थान देने पर भी विचार किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यापक पहचान मिल सकेगी। इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देंगी, बल्कि युवाओं में रचनात्मक अभिव्यक्ति और फोटोग्राफी कला के प्रति रुचि भी सशक्त रूप से बढ़ाएंगी, इसलिए राज्य के फोटोग्राफरों, पर्यटकों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए +91-89823-25900 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

I PLUS Security System

CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

मार्केट से प्राइस लेकर आओ और भारी डिस्काउंट पाओ

हमारे यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।

हमारे यहॉ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।

ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।

MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)

Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com